आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 35°C | 29°C |

इनसाइड न्यूज

रसौली गांव में दुल्हन की विदाई बनी खूनी संग्राम का सबब...

उत्तर प्रदेश पेज : 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस



शनिवार 26 जुलाई, 2025 / पेज : 12 / मूल्य : ₹3.00/- लखनऊ वर्ष : 16, अंक : 281 www.janexpresslive.com/epaper मालदीव को 4850 करोड़ ऋण.... 12

# स्कूल की छत गिरी, आठ मासूमों की मौत

## राजस्थान के झालावाड़ में स्कूल बिल्डिंग गिरी, 27 घायल, छात्रा बोली, पहले कंकड़ गिरे, लेकिन शिक्षक ने ध्यान नहीं दिया, 5 टीचर सस्पेंड

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। अकलेरा**

झालावाड़। राजस्थान के झालावाड़ में सरकारी स्कूल की बिल्डिंग का हिस्सा गिरने से 8 बच्चों की मौत हो गई है, वहीं 27 घायलों में से 8 की हालत गंभीर हैं। मनोहरथाना ब्लॉक के पिपलोदी सरकारी स्कूल की क्लास में शुक्रवार सुबह बच्चे बैठे थे, तभी कमरे की छत ढह गई और 35 बच्चे दब गए थे। ग्रामीणों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर मलबा हटाकर बच्चों को निकाला और अस्पताल में भर्ती कराया। मनोहरथाना हॉस्पिटल के अनुसार 5 बच्चों की मौत मौके पर ही हो गई थी, वहीं 3 ने इलाज के दौरान दम तोड़ा। हादसे को लेकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दुख जताया है।



### प्रार्थना के लिए सभी बच्चों को इकट्ठा किया था

गांववालों ने बताया, वहां सुबह से बारिश हो रही थी। प्रार्थना का समय हुआ तो सभी क्लास के बच्चों को स्कूल के ग्राउंड में इकट्ठा करने की बजाय कमरे में बैठा दिया, ताकि वे भीगे नहीं। इसके कुछ देर बाद छत गिर गई और 35 बच्चे दब गए। गांववालों ने बताया कि इस स्कूल में कुल 7 क्लासरूम है। हादसे के दौरान स्कूल के क्लासरूम में 71 बच्चे थे। स्कूल में 2 टीचर भी मौजूद थे, लेकिन छत गिरने के वक्त बिल्डिंग से बाहर थे, वे सुरक्षित हैं।

### प्रधानमंत्री मोदी ने जताया दुख, मदद का दिया आश्वासन

झालावाड़ स्कूल हादसे में बच्चों की मौत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख प्रकट किया। ट्वीट के माध्यम से पीएम ने कहा, दुर्घटना अत्यंत दुखद है। इस कठिन घड़ी में मेरी संवेदनाएं प्रभावित छात्रों और उनके परिवारों के साथ हैं। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। साथ ही प्रधानमंत्री ने हर संभव मदद की बात भी कही।



### बच्चों ने कहा-कंकड़ गिर रहे हैं, टीचर्स ने ध्यान नहीं दिया

स्कूल में पढ़ने वाली बच्ची वर्षा राज क्रांति ने बताया की छत गिरने से पहले कंकड़ गिर रहे थे, बच्चों ने बाहर खड़े टीचर्स को इसकी जानकारी दी, लेकिन उन्होंने इस पर ध्यान ही नहीं दिया और थोड़ी देर बाद ही छत गिर गई।

### 3 दिन पहले 10 दिन की छुट्टी कैंसिल कर दी गई

स्कूल के कुक व हेल्पर श्रीलाल भील ने बताया कि करीब 3 दिन पहले स्कूल की 10 दिन के लिए छुट्टी करने की बात सामने आई थी, लेकिन एक दिन की छुट्टी के बाद स्कूल फिर खोल दिया गया।

### जर्जर भवन की सूची में नहीं स्कूल का नाम

कलेक्टर अजय सिंह राठौड़ के मुताबिक स्कूल शिक्षा विभाग को पहले ही निर्देश दिए गए थे कि जो भी जर्जर भवन हो वहां स्कूलों की छुट्टी कर दी जाए, लेकिन खुद कलेक्टर कह रहे हैं कि न तो यह स्कूल जर्जर भवन की सूची में था और न ही यहां बच्चों की छुट्टी की गई।

### डॉक्टर बोले, 2 बच्चों का हो रहा ऑपरेशन

झालावाड़ हॉस्पिटल के डॉक्टर ने बताया कि 9 बच्चे एडमिट हैं। इनमें से 2 बच्चों का ऑपरेशन हो रहा है। बच्चों की हालत स्थिर है। झालावाड़ जिला हॉस्पिटल में जिन बच्चों को भर्ती कराया गया है उनकी हालत काफी गंभीर है।

### मुआवजे की मांग को लेकर ग्रामीणों ने रास्ता किया जाम

पिपलोदी गांव में सीएम को बुलाने और मुआवजे की मांग को लेकर ग्रामीणों ने मनोहरथाना-अकलेरा रोड को बुराड़ी चौराहे पर जाम कर दिया। मामले में शिक्षा विभाग ने स्कूल की हेड मास्टर मीना गर्ग के साथ टीचर जावेद अहमद, रामविलास लववंशी, कन्हैयालाल सुमन, बद्रीलाल लोधा को निलंबित किया है। झालावाड़ में हादसे के बाद नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल ने संसद में कहा कि सभी अफसरों और नेताओं के बच्चों को सरकारी स्कूल में पढ़ाया जाए, ताकि स्कूलों की गुणवत्ता में सुधार हो सके। बच्चों की मौत के जिम्मेदारों को ढूंढा जाता, उससे पहले ही प्रशासन ने स्कूल की बची हुई पूरी बिल्डिंग गिरा दी। प्रशासन ने पहले जेसीबी से क्लास रूम का मलबा हटाया, उसके बाद पूरा भवन गिरा दिया।

### राज्य मानवाधिकार आयोग ने नोटिस जारी किए

स्कूल की छत गिरने से 8 बच्चों की मौत के मामले में राज्य मानवाधिकार आयोग ने प्रसंज्ञान लिया है। आयोग ने इस घटना पर प्रारंभिक शिक्षा विभाग के निदेशक, झालावाड़ के कलेक्टर, एसपी और जिला शिक्षा अधिकारी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। मानवाधिकार आयोग ने 7 दिन में एक्शन टेकन रिपोर्ट देने को कहा है। आयोग ने झालावाड़ कलेक्टर को निर्देश जारी कर तत्काल पीड़ितों की सहायता करने और परिजनों को मुआवजा देने को कहा है।

### जिला कलेक्टर बोले, हमसे ज्यादा जानकारी आपके पास

जिला कलेक्टर अजय सिंह राठौड़ ने कहा कि हादसे के बारे में मेरे से ज्यादा जानकारी आपके पास है। जो भी बच्चे दबे हुए थे उन सभी को निकाल लिया गया है। कुछ अस्पताल में हैं या उन्हें घर पहुंचा दिया है। इस तरीके के हादसे को रोकने के लिए हम दृढ़ संकल्प हैं। भविष्य में कोई हादसा नहीं हो हम कोशिश करेंगे। शिक्षा विभाग को हमारे निर्देश थे, कोई भी ऐसा स्कूल हो, जहां पर इस तरीके के हादसे होने की संभावना है। उन स्कूलों में छुट्टी कर दें और जो जर्जर भवन थे। जितनी भी हमारे पास सूचना थी इस स्कूल का नाम नहीं था। अब इसकी जांच कराएंगे कि हादसे के क्या कारण हैं। जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कार्रवाई होगी।

### अब तक 5 मृतक बच्चों की पहचान



हादसे में पायल (14) पुत्री लक्ष्मण, प्रियंका (14) पुत्री मांगीलाल, कार्तिक (8) पुत्र हरकचंद, हरीश (8) पुत्र बाबूलाल, कान्हा पुत्र छोटूलाल, कुन्दन (12) पुत्र बिरम की मौत हुई है। दो बच्चों की पहचान नहीं हुई।

### 9 घायल झालावाड़ रेफर

वहीं, कुंदन (12) पुत्र वीरम, मिनी (13) पुत्र छोटूलाल, वीरम (8) पुत्र तेजमल, मिथुन (11) पुत्र मुकेश, आरती (9) पुत्री हरकचंद, विशाल (9) पुत्र जगदीश, अनुराधा (7) पिता लक्ष्मण, राजू (10) पुत्र दीवान, शाहीना (8) पुत्र जगदीश को झालावाड़ रेफर किया गया है।

## लखनऊ में चार साल की बच्ची से दुष्कर्म के बाद हिला शहर

# स्कूली वैनों की सुरक्षा पर उठे गंभीर सवाल

**जन एक्सप्रेस। राज्य मुख्यालय**

लखनऊ के लाखों लोगों के लिए 19 जुलाई की एक गिरफ्तारी हैरानी और डर दोनों लेकर आई। पुलिस ने उस दिन 25 साल के मोहम्मद आरिफ को गिरफ्तार किया, जो इंदिरानगर के एक प्रतिष्ठित स्कूल में वैन ड्राइवर था। उस पर आरोप है कि उसने चार साल की बच्ची के साथ वैन में दुष्कर्म किया। पीड़िता की मां ने 17 जुलाई को स्कूल प्रबंधक से शिकायत की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। उसी शाम इंदिरानगर थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई। परिजनों के मुताबिक, 14 जुलाई को बच्ची दर्द की शिकायत करते हुए घर लौटी थी। डॉक्टर के पास जाने पर उसके जख्मों का पता चला और उसने रोते हुए बताया कि सुबह स्कूल जाते वक्त ड्राइवर अंकल ने गलत हरकत की।



> विद्यालय वाहनों के संचालन में नियमों में लापरवाही या अनदेखी स्वीकार नहीं होगी। स्कूल प्रबंधक, माता-पिता सभी होंगे ज़िम्मेदार।
> -बी. एन. सिंह, उत्तर प्रदेश परिवहन आयुक्त

### गृह विभाग के सूत्रों का बड़ा खुलासा



गृह विभाग के सूत्रों ने बताया कि राजधानी लखनऊ में चल रही तमाम स्कूली वैनों का संचालन बड़ी संख्या में बाहरी राज्यों और उत्तर प्रदेश के अन्य जिलों से आए वांछित अपराधियों के हाथ में है। इनमें से कई लोगों के पते फर्जी हैं और उन्होंने फर्जी आधार कार्ड, फर्जी ड्राइविंग लाइसेंस और झूठे दस्तावेज लगाकर नौकरी हासिल की है। सूत्रों के मुताबिक, अगर इनकी गहन जांच कराई जाए तो ज्यादातर ड्राइवर और मालिक फर्जी दस्तावेजों के सहारे काम करते पाए जाएंगे। इन पर कड़ाई से निगरानी और सघन जांच अब नितांत आवश्यक है।

### स्कूल प्रबंधन की लापरवाही उजागर

पीड़िता की मां ने स्कूल से लेकर वैन ड्राइवर तक शिकायत की, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। उलटे ड्राइवर ने धमकी दी कि यदि मामला आगे बढ़ाया गया तो बच्ची को नुकसान पहुंचाएगा। पुलिस को शक है कि आरोपी ने पहले भी अन्य बच्चों को निशाना बनाया होगा। जांच में जुटी टीम वैन से आने-जाने वाले बच्चों से जानकारी इकट्ठा कर रही है। यह घटना कोई अकेली नहीं है। बीते दिसंबर में कानपुर में भी स्कूल वैन ड्राइवर ने 12 साल की छात्रा से वैन में ही दुष्कर्म किया था।

### सुरक्षा पर बड़ा सवाल

लखनऊ में स्कूली वैनों को लेकर पहले से ही सुरक्षा के सवाल उठते रहे हैं। मिशन भरोसा प्रोजेक्ट के तहत 355 स्कूल, 5184 वाहन और 2465 चालकों का रिकॉर्ड तैयार किया गया है। पुलिस वेरिफिकेशन में कई चौंकाने वाली बातें सामने आईं- कई ड्राइवरों के पते गलत निकले, कई वाहनों का ब्योरा अधूरा रहा और कई चालकों पर गंभीर अपराध दर्ज पाए गए। इस खुलासे के बाद कई स्कूलों ने अपने वाहन बंद कर दिए। नतीजा यह हुआ कि बढ़ती छात्र संख्या के बावजूद लखनऊ में स्कूली वाहनों की संख्या 2622 कम हो गई।

### स्कूली वैनों से जुड़े हादसे भी लगातार हो रहे हैं

- **कन्नौज:** विपरीत दिशा में खड़ी वैन से डंपर की टक्कर, 13 छात्र घायल।
- **आगरा:** छुट्टी के वक्त वैन नाले में गिरी, 11 बच्चे घायल।
- **लखनऊ:** आलमबाग में ई-रिक्शा को टक्कर, 12 बच्चे घायल।
- **लखनऊ:** तेज रफ्तार वैन ने साइकिल सवार छात्रा को टक्कर मारी, सात बच्चे घायल।
- **कानपुर:** ट्रैक्टर ट्रॉली से बचते हुए वैन नाले में गिरी, छह बच्चे घायल।
- **सीतापुर:** बेकाबू कार की टक्कर से वैन में सवार 15 बच्चे घायल।



### मुख्य कारण

ओवरलोडिंग, अयोग्य ड्राइवर, खराब वाहन स्थिति, प्राइवेट वाहनों का अनियमित उपयोग, स्कूल प्रशासन की लापरवाही, ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन और अभिभावकों की उदासीनता जैसी वजहें इन हादसों के पीछे हैं। लखनऊ में चार साल की बच्ची के साथ हुई यह वारदात न केवल प्रशासन और स्कूल प्रबंधन पर सवाल खड़े करती है, बल्कि अभिभावकों को भी चेताती है कि बच्चों की सुरक्षा के प्रति लापरवाही अब और घातक साबित हो सकती है। समय की मांग है कि हर स्तर पर जिम्मेदारी तय हो, पुलिस वेरिफिकेशन सख्ती से हो और स्कूल वैन संचालन में लापरवाही के लिए कड़ी सजा का प्रावधान लागू किया जाए।

### जिम्मेदारी से बचते स्कूल प्रबंधन

यातायात विभाग के अधिकारियों के अनुसार, 21 सितंबर 2024 की बैठक में स्पष्ट किया गया था कि स्कूल प्रबंधन को प्राइवेट स्कूली वाहनों की भी जिम्मेदारी लेनी होगी। लेकिन इसके बावजूद लापरवाही जारी है। यही वजह है कि लखनऊ की बच्ची से दुष्कर्म जैसी घटनाएं सामने आ रही हैं। परिवहन विभाग ने हाल ही में 300 स्कूलों को नोटिस भेजकर वाहनों की फिटनेस और सुरक्षा इंतज़ाम सुनिश्चित करने के लिए एक माह की मियाद दी है। परिवहन आयुक्त बी.एन. सिंह के मुताबिक, पहली जुलाई से चेकिंग अभियान चलाया गया था और आगे भी चलाया जाएगा। हालांकि इन दावों को जमीनी स्तर पर लागू करना बड़ी चुनौती बना हुआ है।

**विनय पांडेय का यू-टर्न:** जिसे बताया था जान का दुश्मन, अब उसी के लिए करेंगे प्रचार!

# क्या यह 'जनसंघर्ष' था या सुर्खियों की भूख?



लोकतंत्र पर लाठी और सत्ता की धमकी, सासंद-अभियान या विरोधियों की सुपारी?

जन एक्सप्रेस। लखनऊ/हरदोई

जनपद से एक बेहद सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहाँ लोकतंत्र का गला घोंटने की पूरी साजिश सत्ता के गलियारों में रची जा रही है। ग्राम कोथावां, थाना बेनीगंज के निवासी विनय कुमार पाण्डेय का कसूर सिर्फ इतना है कि उन्होंने लोकतंत्र में अपने राजनीतिक अधिकार का इस्तेमाल करते हुए समाजवादी पार्टी का ... रामपाल वर्मा के खिलाफ राजनीतिक मतभेद जाहिर किए, तो सत्ता के इन मठाधीशों की आत्मा पर जैसे कुठाराघात हो गया। परिणामस्वरूप, आए दिन पुलिसिया उत्पीड़न, अज्ञात लोगों द्वारा पीछा, धमकियाँ, रेकी और जान से मारने तक की कोशिशें शुरू हो गईं।

क्या यही है 'अमृतकाल' का लोकतंत्र?

अब सवाल उठता है

- क्या सत्ता का विरोध करने वाला हर नागरिक देशद्रोही हो गया है?
- क्या राजनीतिक असहमति अब जान की कीमत पर मिलेगी?
- क्या भाजपा नेताओं का विरोध करना अब अपराध बन गया है?
- हरदोई का प्रशासन क्या सिर्फ ...

जन एक्सप्रेस की यह मांग है कि

- विनय कुमार पाण्डेय की शिकायतों की निष्पक्ष जांच हो।
- सांसद अशोक रावत और विधायक रामपाल वर्मा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज हो।
- पीड़ित परिवार को तत्काल सुरक्षा मुहैया कराई जाए।
- यूपी सरकार बताए क्या ये जनसेवक है या जनविरोधी दबंग?
- अब भी अगर शासन-प्रशासन ने आंखें मूंदी रखी, तो इसका अर्थ यही होगा उत्तर प्रदेश में लोकतंत्र सांस नहीं ले सकता, वह दम घोंट कर मारा जा रहा है।

पुलिस और प्रशासन मौन क्यों हैं?

विनय पाण्डेय ने स्पष्ट रूप से प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, डीजीपी, पुलिस ...

**जन एक्सप्रेस। हरदोई**

जिसे सत्ता का विरोध बताकर उछाले गए गंभीर आरोप, वही अब क्षमायाचना और समर्थन की चादर में लिपट गए हैं। मिश्रिख लोकसभा से लोकप्रिय सांसद अशोक रावत और बालामऊ विधानसभा के जनप्रिय विधायक रामपाल वर्मा पर मीडिया के ज़रिये विनय पांडेय द्वारा लगाए गए जानलेवा धमकी और साजिश जैसे आरोप, अब खुद उनके ही बयान से निराधार और तथ्यहीन साबित हो गए हैं। विनय पांडेय ने जन एक्सप्रेस संवाददाता को हाल ही में सौंपे गए पत्र में न केवल सांसद और विधायक से जान का खतरा बताया था, बल्कि जनता से इन्हें असली चेहरा पहचानने की अपील भी की थी। परंतु अब वही विनय पांडेय बिना किसी दबाव और बिना किसी मध्यस्थता के, खुद सांसद अशोक रावत से मिले और न केवल माफी मांगी, बल्कि यह भी कहा कि हमसे गलती हो गई... हमने बिना पूरी जानकारी के इतने बड़े जनप्रतिनिधियों पर आरोप लगाए। हमें अब उनसे कोई खतरा नहीं है। हम अपनी शिकायत वापस लेते हैं और आगामी चुनाव में उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करेंगे।

### जनता के बीच उठ रहे सवाल

- क्या किसी को इस तरह झूठे आरोप लगाने की छूट होनी चाहिए?
- क्या कानून ऐसे मामलों में खामोश रहेगा?
- क्या यह माफी पर्याप्त है, या फिर इससे लोकतांत्रिक व्यवस्था की गरिमा पर चोट हुई है?

### सवालों के घेरे में संघर्ष की सच्चाई

अब बड़ा सवाल उठता है – क्या यह सचमुच सत्ता के दमन के खिलाफ कोई लड़ाई थी, जैसा कि शुरुआत में दिखाया गया, या फिर यह केवल पब्लिसिटी स्टंट था, जो कुछ वक्त के लिए सोशल मीडिया की सुर्खियों में बने रहने की कोशिश भर थी? क्योंकि अगर वाकई खतरे की बात होती, तो आज यूं बिना दबाव के मुलाकात, माफीनामा और समर्थन की घोषणा कैसे हो जाती? क्या यह खुद-ब-खुद स्वीकार नहीं करता कि आरोप पूर्वनियोजित थे, जिनका उद्देश्य सिर्फ राजनीतिक छवि को धूमिल करना था?

### भाजपा खेमा उत्साहित, विरोधी खेमे में खलबली

विनय पांडेय के इस यू-टर्न के बाद भाजपा कार्यकर्ता जोश में हैं। आने वाले चुनावों में अब वह खुद ÷कंधे से कंधा मिलाकर÷ प्रचार करने की बात कह रहे हैं। वहीं, जो विपक्ष अब तक इस मुद्दे को सत्ता का अन्याय बताकर हवा देने में जुटा था, वह अब बैकफुट पर दिखाई दे रहा है। यह प्रकरण सिर्फ एक व्यक्ति की माफ़ी या समर्थन का नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक जवाबदेही और सार्वजनिक संवाद की गंभीरता पर भी प्रश्नचिन्ह है। क्या हर कोई किसी जनप्रतिनिधि पर मनमाना आरोप लगाकर बाद में माफी मांगकर बच सकता है? जनता देख रही है, याद रख रही है और आने वाला चुनाव तय करेगा कि कौन सच्चे जनसेवक हैं और कौन सिर्फ मंचों के मौसमी खिलाड़ी।

# शाहगंज विधायक रमेश सिंह की पहल रंग लाई

## ऊर्जा मंत्री से मुलाकात, सुइथाकला, पिलकिछा और गुड़बड़ी को रोस्टर से मिलेगी राहत!



**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

प्रदेश के जौनपुर जिले के शाहगंज विधानसभा क्षेत्र के निवासियों के लिए बड़ी राहत की खबर है। क्षेत्र की वर्षों पुरानी बिजली समस्या को लेकर विधायक रमेश सिंह ने गुरुवार को पुनः उत्तर प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा से लखनऊ में मुलाकात की। इस दौरान विधायक ने सुइथाकला, पिलकिछा एवं गुड़बड़ी विद्युत उपकेंद्रों को रोस्टर मुक्त कर 24 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति की मांग उठाई। विधायक रमेश सिंह ने मंत्री के समक्ष स्पष्ट रूप से कहा कि शाहगंज विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण व अर्द्ध-शहरी इलाकों में बिजली की अनियमित आपूर्ति जनता के लिए गंभीर समस्या बनी हुई है। किसानों, व्यापारियों, छात्रों और आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि यह क्षेत्र विकास की मुख्यधारा से तभी जुड़ सकता है जब यहाँ बुनियादी सुविधाएं, खासकर बिजली, नियमित रूप से उपलब्ध हों। ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने विधायक की मांग को गंभीरता से लेते हुए आश्वस्त किया कि सुइथाकला, पिलकिछा और गुड़बड़ी के विद्युत उपकेंद्रों की स्थिति की तत्काल समीक्षा कर कार्रवाई की जाएगी और समस्या के त्वरित समाधान के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए जाएंगे। इस मुलाकात के बाद क्षेत्रवासियों में उम्मीद की किरण जगी है। लोगों को विश्वास है कि विधायक की इस सार्थक पहल से क्षेत्र को जल्द ही रोस्टर मुक्त बिजली की सौगात मिल सकती है।

> जनता की समस्याओं को लेकर सरकार से सीधा संवाद ही समाधान का रास्ता है। शाहगंज की जनता को न्याय दिलाना मेरी प्राथमिकता है।
> -रमेश सिंह, विधायक, शाहगंज

# डकैत की बरसी पर स्कूली बच्चों से राजनीति!

- क्या बच्चों को भी वोट बैंक बना रही है सपा?
- मानिकपुर में भंडारे की आड़ में बच्चों की पढ़ाई से खिलवाड़, प्रशासन मौन!
- एबीएसए बोले, बिना अनुमति बुलाया गया, कार्रवाई तय!

**जन एक्सप्रेस। चित्रकूट**

कभी पूरे बुंदेलखंड में आतंक का पर्याय रहे डकैत ददुआ की बरसी पर अब राजनीति की नई इबारत लिखी जा रही है वो भी स्कूली बच्चों के भविष्य की कीमत पर। सपा के पूर्व विधायक वीर सिंह पटेल द्वारा ऐलहा बढ़ैया में आयोजित भव्य भंडारे में न सिर्फ राजनीतिक शक्ति प्रदर्शन हुआ, बल्कि प्राइमरी स्कूल के मासूम बच्चों को भी स्कूल ड्रेस में बुलाकर भंडारे का हिस्सा बना लिया गया। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि बच्चों को पढ़ाई के दौरान स्कूल से उठाकर भंडारे में ले जाया गया – और वह भी बिना किसी प्रशासनिक अनुमति के!



### बच्चे गए भंडारे में, स्कूल में मिड-डे मील की फर्जी हाजिरी?

ग्रामीणों का आरोप है कि स्कूल से सभी बच्चों को कार्यक्रम में ले जाया गया, जहां उन्हें भंडारा परोसा गया। उसी दिन मिड-डे मील स्कूल में नहीं बना, लेकिन हाजिरी मिड-डे मील रजिस्टर में पूरी लगा दी गई। अब बड़ा सवाल – क्या बच्चों ने दो बार खाना खाया या फिर सरकारी योजना में घोटाला हुआ?

### बिना अनुमति के ले जाया गया बच्चों को: एबीएसए

इस मामले पर जब खंड शिक्षा अधिकारी, मानिकपुर से बात की गई, तो उन्होंने स्वीकार किया कि बच्चों को बिना पत्राचार और अनुमति के भंडारे में ले जाया गया, जो नियमों का घोर उल्लंघन है। उन्होंने कहा, यदि कोई संस्था या व्यक्ति बच्चों को ले जाना चाहता है तो पूर्व अनुमति जरूरी होती है। यह गंभीर लापरवाही है।

### डकैत की बरसी में शिक्षा का अपहरण?

इस आयोजन में जिस प्रकार ददुआ जैसे कुख्यात डकैत की बरसी पर बच्चों को राजनीतिक तमाशे में शामिल किया गया, उससे सवाल उठता है क्या अब डकैतों की विरासत को मासूमों के ज़रिए राजनीतिक वैधता दिलाई जाएगी? विपक्ष पहले ही सपा नेताओं पर अपराधियों को महिमामंडित करने का आरोप लगाता रहा है। अब बच्चों को मंच का हिस्सा बनाना, वोट बैंक की राजनीति का नया और बेहद खतरनाक ट्रेंड साबित हो रहा है।

### बड़े सवाल जो सरकार और समाज दोनों से हैं

- क्या डकैत की बरसी बच्चों के लिए प्रेरणा बननी चाहिए?
- क्या शिक्षा का मंदिर अब राजनीति का मंच बनता जा रहा है?
- क्या मिड-डे मील और स्कूल की व्यवस्था को भी भोग समारोह बना दिया गया है?
- क्या यह घटना बच्चों के मौलिक अधिकारों का खुला उल्लंघन नहीं?
- अब कार्रवाई से कम कुछ मंजूर नहीं!
- प्रदेश में कानून व्यवस्था और शिक्षा की मर्यादा को लेकर योगी सरकार सख्त छवि के लिए जानी जाती है। ऐसे में यह देखना अहम होगा कि प्रशासन इस मामले में क्या कदम उठाता है।
- जनता पूछ रही है क्या अब राजनीति के लिए बच्चों को भी मोहरा बनाया जाएगा?

### प्रशासन की चुप्पी पर भी सवाल

इतना सबकुछ होने के बावजूद स्थानीय प्रशासन की खामोशी भी शक के घेरे में है। न तो किसी शिक्षक पर कार्रवाई हुई और न ही आयोजनकर्ता से जवाबतलबी। आखिरकार, अगर उस दिन बच्चों के साथ कोई हादसा हो जाता – तो जिम्मेदार कौन होता?



# तकनीकी प्रशिक्षण लेकर आए किसान स्थानीय किसानों के साथ बाटेंगे अनुभव

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



सब मिशन आंन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजना के अंतर्गत आत्मा (एटीएमए) गवर्निंग बोर्ड की बैठक शुक्रवार को मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर की अध्यक्षता में कलेक्टरेट सभागार में आयोजित की गई। जिसमें किसानों को प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूक किया गया।
बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने सब मिशन आंन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजना अंतर्गत डिस्ट्रिक एग्रीकल्चर एक्शन प्लान वर्ष 2025-26 के अनुमोदन पर चर्चा करते हुए विभिन्न बिन्दुओं की समीक्षा की। इस दौरान सीडीओ ने उपनिदेशक कृषि को निर्देश दिए कि नेशनल मिशन फॉर सस्टनेबल एग्रीकल्चर (एनएमएसए) योजना के तहत किसानों को जागरूक करते हुए प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जाए। पाठशाला में दूसरी जगहों से तकनीकी प्रशिक्षण लेकर आने वाले किसानों के द्वारा अन्य किसानों को जागरूक कराए। साथ ही प्रशिक्षण के लिए बाहर भेजे जाने वाले किसानों में महिलाओं को भी शामिल करें तथा जनपद स्तर पर दिए जा रहे प्रशिक्षण में भी महिलाओं को जोड़ा जाए। जिला उद्यान अधिकारी से कहा कि माइक्रो प्लान बनाकर फलों तथा सब्जियों की खेती की जानकारी स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को दें ताकि ग्रामीण स्तर पर रोजगार को बढ़ावा दिया जा सकें। कहा कि ग्रामीण स्तर पर मत्स्य पालन, पशुपालन, मुर्गी पालन एवं फल तथा सब्जियों की खेती को बढ़ावा दिया जाए।
साथ ही दलहन-तिलहन की खेती को भी बढ़ाया जाए। कहा कि शासन द्वारा जिन बीजों के कलस्टर बना कर प्रदर्शन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, उसमें अधिक से अधिक बीजों का प्रदर्शन कराएं। किसानों को उवर्रकों का भी लाभ दिया जाए। इसके अलावा मिनी ऑयल एक्सट्रैक्शन यूनिट, थ्रेशिंग और अनाज संरक्षण के लिए तिरपाल आदि के लिए किसानों से आवेदन कराया जाए। कहा कि किसानों को प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण दें तथा प्रशिक्षण की सूचना भी उपलब्ध कराएं। निर्देश दिए कि एनएमएसए योजना में जिन लाभार्थियों का चयन किया गया है, उसका सत्यापन कराकर सूची भी उपलब्ध कराएं।
बैठक में उप कृषि निदेशक राजकुमार, जिला विकास अधिकारी सत्यराम यादव, डीसी एनआरएलएम ओमप्रकाश मिश्र, डीसी मनरेगा डीएन पांडेय, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ एसके पांडेय, सहायक निदेशक मत्स्य भानु चंद्रा, जिला उद्यान अधिकारी प्रतिभा पांडेय, अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक अनुराग शर्मा सहित संबंधित अधिकारी, किसान रेवती रमण त्रिपाठी, संतोष कुमार तिवारी आदि मौजूद रहे।

# परेड की सलामी लेकर एसपी ने किया पुलिस लाइन का निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने शुक्रवार को पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया। साथ ही पुलिस लाइन का भ्रमण कर विभिन्न पटलों में व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। परेड निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने जवानों का टर्न आउट चेक करते हुए ग्राउण्ड में उपस्थित सभी टोलियों की ड्रिल देखी तथा सुधार के लिए प्रभारी आरआई को निर्देशित किया।
इस दौरान आर्मोरर द्वारा जवानों को शस्त्रों का खोलने, जोड़ने व हैन्डलिंग की जानकारी दी गयी। पुलिस अधीक्षक ने परेड में शामिल सभी जवानों को अनुशासन, एकरूपता और कर्तव्यनिष्ठा के संबंध में बताया। साथ ही सभी टोलियों व रिक्रूट आरक्षियों को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ, तत्पर और अनुशासन बनाए रखने के लिए विभिन्न प्रकार के शारीरिक व्यायाम कराए तथा दौड़ भी करायी। इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन परिसर स्थित परिवहन शाखा जाकर थानों से आयी समस्त चार पहिया व दो पहिया वाहनों, 112 पीआरवी (पुलिस रिस्पांस व्हीकल) वाहनों तथा अन्य वाहनों का निरीक्षण कर परिवहन शाखा प्रभारी को मरम्मत के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसपी ने डायल 112 कार्यालय, आवास परिसर, आरटीसी बैरिक, सीपीसी कैंटीन, मंदिर, भोजनालय, आर्मरी आदि पटलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा साफ-सफाई के लिए प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया।
एसपी ने क्वॉर्टर गार्द का निरीक्षण कर सलामी ली तथा आदेश-कक्ष में जाकर पुलिस कर्मियों का अर्दली रुम भी किया। इस मौके पर प्रतिसार निरीक्षक शिवाशीष यादव, पीआरओ प्रदीप पाल सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# डीएम ने राजकीय मेडिकल कॉलेज व जिला पुरुष व महिला अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। उरई

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने बीती रात राजकीय मेडिकल कॉलेज सहित जिला अस्पताल पुरुष एवं महिला का तीन घंटे से अधिक समय तक औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न वार्डो की व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण कर मरीजों और तीमारदारों से सीधी बातचीत करते हुए जमीनी हालात का आकलन किया।
निरीक्षण की शुरुआत इमरजेंसी कक्ष से हुई, जहां भर्ती मरीजों के तत्काल उपचार सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए और चिकित्सकों को ड्यूटी के दौरान यूनिफॉर्म में रहने नेम प्लेट लगाने व मरीजों के साथ संवादशील बने रहने को कहा। लेबर वार्ड में भर्ती प्रसूताओं से भोजन और उपचार की जानकारी ली गई। भर्ती 36 प्रसूताओं में से 19 को कन्याओं का जन्म हुआ, जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित किया कि एनजीओ एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों के साथ समन्वय कर सभी नवजात बालिकाओं हेतु कन्या सुमंगला योजना के फॉर्म भरवाए जाएं। निरीक्षण के दौरान अस्पताल परिसर में गंदगी, पान मसाला और थूक के निशान, साथ ही बंद पड़े शौचालयों की स्थिति पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने सफाई व्यवस्था प्रभारी के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करने के निर्देश के साथ ही परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने और गंदगी फैलाने वालों से जुर्माना वसूली के निर्देश दिए।
ऑर्थो वार्ड में मरीजों से संवाद में जिलाधिकारी ने पाया कि ऑपरेशन के लिए उन्हें महंगी दवाएं बाहर से खरीदनी पड़ रही हैं और शौचालयों की हालत भी खराब है। जल आपूर्ति बाधित होने के कारण कई टॉयलेट बंद थे। इस पर जिलाधिकारी ने सीएमएस और संबंधित उत्तरदायी वार्ड इंचार्ज और सफाई सुपरवाइजर पर सख्त कार्रवाई के निर्देश के साथ तत्काल सभी शौचालयों की सफाई और उपयोग के लिए खोले जाने के निर्देश दिए।
बाल रोग वार्ड में निरीक्षण के दौरान पाया गया कि ड्यूटी पर तैनात पैरा मेडिकल स्टाफ द्वारा मरीजों की समरी, डायग्नोसिस व फाइल रिकॉर्ड संधारित नहीं किए जा रहे थे। डीएम ने डेट-वाइज मरीज समरी और निदान विवरण नियमित बनाए रखने के निर्देश दिए।
निरीक्षण के दौरान वार्ड में भर्ती 10 वर्षीय छात्र पुष्पेंद्र से भी संवाद बात करते हुए उसके शीघ्र स्वस्थ होने की शुभकामनायें दी। ऑर्थो वार्ड में भर्ती रहमान ने जिलाधिकारी को निरीक्षण करते देखा तो कहा कि साहब सुनाई नहीं देता जिस पर जिलाधिकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि सुबह उनके कान के लिए मशीन लगवा दी जाए।
सर्जरी वार्ड में तीमारदारों द्वारा दी गई शिकायत पर कि सभी दवाएं बाहर से लिखी जा रही हैं, जिलाधिकारी ने साक्ष्य एकत्र कर जाँच कर बाहरी दवाएं लिखने वाले चिकित्सकों के विरुद्ध सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश प्राचार्य एवं चिकित्सालय प्रशासक को दिए। ब्लड बैंक में निरीक्षण के दौरान ब्लड बैंक में पर्याप्त सभी ग्रुप के ब्लड पाए गए।

# प्राधिकरण सचिव ने किया वन स्टॉप सेण्टर का निरीक्षण



जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ से प्राप्त कार्य योजना के अनुक्रम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश राकेश कुमार त्रिपाठी के निर्देशन में शुक्रवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव वर्णिका शुक्ला ने वन स्टाप सेण्टर, गढ़ीवा का आकस्मिक निरीक्षण किया।
निरीक्षण के दौरान प्राधिकरण सचिव ने वन स्टाप सेण्टर में कार्यरत 10 कर्मचारियों में से आठ कर्मचारियों को मौके पर उपस्थित पाया तथा दो कर्मचारियों अर्चना साहू व गीता देवी का प्रशिक्षण में जाना बताया गया। इसके अलावा संस्था में कार्यरत सुरक्षाकर्मी भी रोस्टर के अनुसार उपस्थित पाये गये। प्राधिकरण सचिव ने वन स्टॉप सेण्टर में अनुरक्षित स्टाक रजिस्टर व निकासी रजिस्टर का अवलोकन किया, जिसमें प्रवृष्टियां पूर्ण पायी गयी। उन्होंने सेण्टर में लगी टीवी खराब पायी जाने पर संस्था प्रभारी को सही कराने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान संस्था प्रभारी ने बताया कि वन स्टॉप सेण्टर में पांच बालिकाओं के रहने की जगह है। सेण्टर में पंजीकृत दो बालिकाओं को मौके पर उपस्थित पाया गया। प्राधिकरण सचिव ने दोनों बालिकाओं से वार्ता कर रहन-सहन व समस्याओं के बारे में जानकारी ली। इस मौके पर संस्था प्रभारी रंजीता द्विवेदी, एमटीएस अर्चना देवी, गार्ड विज्ञानचन्द्र, अधिकार मित्र उपासना सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# दिवंगत साथियों को प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ ने दी श्रद्धांजलि

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ और आदर्श समायोजित शिक्षक शिक्षा मित्र वेलफेयर एशोसिएशन ने जिला मुख्यालय स्थित तुलसी पार्क में शुक्रवार को शिक्षा मित्र काला दिवस मनाया। इस दौरान संगठनों के पदाधिकारियों ने दिवंगत साथियों की आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि अर्पित की।
प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ के जिलाध्यक्ष इन्द्रसेन यादव एवं आदर्श समायोजित शिक्षक शिक्षा मित्र वेलफेयर एशोसियेशन के जिलाध्यक्ष सर्वेश यादव ने कहा कि आठ वर्ष पहले सुप्रीम कोर्ट ने एक लाख बहत्तर हजार शिक्षा मित्रों के खिलाफ फैसला दिया था। जिसके बाद शिक्षा मित्र अवसाद ग्रस्त हो गये और ब्रेन हैमरेज, हार्ट अटैक से तथा फांसी लगाकर 12,000 शिक्षा मित्र काल कलवित हो गये थे। वर्तमान मे भी शिक्षा मित्र महंगाई की मार झेल रहे रहे हैं। शिक्षा मित्रों को सिर्फ वोटों के लिए इस्तेमाल किया गया, किन्तु किसी ने सुध नही ली। वर्तमान मे भी शिक्षा मित्र महंगाई की मार झेल रहे रहे हैं। शिक्षा मित्रों को सिर्फ वोटों के लिए इस्तेमाल किया गया, किन्तु किसी ने सुध नही ली। जिससे शिक्षा मित्रों का सरकार से विश्वास उठता जा रहा है। इस मौके पर नन्दकिशोर दीक्षित, गोपाल यादव, अमृता सिंह, माया, सुमन, छाया आदि शिक्षा मित्र मौजूद रहे।

## बेतवा में डूबकर लापता हुई किशोरी का शव बरामद

जन एक्सप्रेस/उरई। आटा थाना क्षेत्र के ग्राम ददरी गांव के समीप से निकली बेतवा नदी में नहाते समय डूबकर लापता हुई किशोरी का शव शुक्रवार को एसडीआरएफटीम ने बरामद कर लिया है। आटा थाना क्षेत्र के ग्राम ददरी निवासी इंद्र कपूर अपनी 11 वर्षीय पुत्री ममता और नौ वर्षीय पुत्री अंजलि के साथ गांव के बाहर से निकली बेतवा नदी में नहाने गए थे। नहाते समय उनकी दोनों पुत्रियों नदी में डूबते देख पिता के चिल्लाने पर मौके पर पहुंचे लोगों ने एक पुत्री को नदी से बाहर निकालकर बचा लिया था। लेकिन दूसरी पुत्री नदी के तेज बहाव व गहराई अधिक होने के कारण नदी में डूब गई थी। सूचना के बाद थानाध्यक्ष अजय सिंह ने मौके पर पहुंचकर गोताखोरों की मदद से बालिका की खोजबीन की थी, लेकिन उसका पता नहीं चला था। गुरुवार की शाम को बालिका को खोजने के लिए एसडीआरएफकी टीम बुलाई गई थी, जिसने खोजबीन शुरु की थी। शुक्रवार की सुबह जैसे ही टीम ने खोजबीन शुरु की तो कुछ ही देर में बालिका का शव नदी में एक किनारे पर उतराता हुआ मिला। जिसके बाद उसे बाहर निकालकर पुलिस ने पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बेटी का शव मिलने के बाद स्वजन का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

## मवेशियों को बचाने के प्रयास में ट्रक व डंपर में भिड़ंत, चालक, खलासी घायल

जन एक्सप्रेस/उरई। आटा थाना क्षेत्र के चमारी नाला के पास मवेशियों को बचाने के प्रयास में ट्रक व डंपर में भिड़ंत हो गई। हादसे में चालक परिचालक घायल हो गए। जिन्हें पुलिस ने उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज पहुंचाया।
जिला महाराजगंज के ग्राम नेतासुदगुवा निवासीगण 26 वर्ष डम्फर चालक प्रदीप और 27 वर्षीय खलासी संदीप झांसी से डम्फर में गिट्टी भरकर महाराजगंज जा रहे थे। जैसे ही दोपहर में ढाई बजे आटा थाना क्षेत्र के चमारी नाला पर पहुंचे।

# एडीएम की वायरल फोटो पर कब होगी कार्रवाई, जब गरीबों का आशियाना गिराने वाले खुद हों गुनहगार

जन एक्सप्रेस। बांदा




उत्तर प्रदेश के बांदा जिले में तैनात एडीएम राजेश वर्मा की वायरल हेट स्टोरी चीख रही है चिल्ला रही है..मै उस पाप के घड़े की निशानी हूं।
जिसे संविधान की कसम तोड़ कर भरा है।
असहाय लोगों का आसियान ज़मीदोज़ करने से भरा है।जनता का नौकर होकर जनता की न फरमानी कर भरा है।लेकिन बांदा डीएम की दहलीज से लेकर मुख्यमंत्री के दरवाजे तक सन्नाटा पसरा हुआ है।जनता चौराहों पर सवाल कर रही है।जब असहाय और गरीब का घर गिराना था तो आपने सूचना देना भी जरूरी नहीं समझा।सारे नियम कानून जूते की नोक पर रखकर उम्मीदों को कुचल दिया।अब जब साहब की अय्याशी सुनामी बनकर सबके सामने आ गई है तो सभी जिम्मेदारियों की जुबान में ताला लग गया है।जिस जनता की खाते है उन्हीं की जिंदगी उजाड़ने वाले लाल कलम को पकड़ने वाले हाथों में लकवा क्यों मार गया है।क्या जीरो टॉलरेंस का बिस्किट केवल जनता के लिए ही मैन्युफैक्चर किया गया है?
एडीएम साहब पर एक व्यवसाई को व्यक्तिगत लाभ पहुंचाने और क्लोज संबंधों के आरोप लगे जिसमें खुद व्यवसाई ने मोहर लगाई।साहब की पत्नी पर साहब के कार्यक्षेत्र में व्यवसाय करने के आरोप लगे?।व्यवसाई अरुणेश पटेल ने उसमें भी मोहर लगाई।अस्पताल एडीएम साहब की तैनाती के बाद सालों तक अवैध रूप से संचालित रहा उसमें भी व्यवसाई ने मोहर लगाई।पर पूरा सिस्टम मौन है।जिसके चलते अब पब्लिक ने शासन की नीतियों में सवाल उठना खड़ा कर दिया है। कहां है अब बाबा का बुलडोजर।

# तुलसी जन्मोत्सव के चौथे दिन उमड़ी भक्तों की भारी भीड़

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट।



तुलसी जन्मभूमि राजापुर में चल रहे दस दिवसीय तुलसी जयंती महोत्सव के चौथे दिन भक्तों सैलाब उमड़ पड़ा। श्रीमद् रामचरितमानस के रचयिता विश्व विख्यात कवि संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास की जन्म भूमि राजापुर धाम में चल रहे 10 दिवसीय जन्मोत्सव कार्यक्रम में हो रहे नवाह्न पारायण पाठ में चौथे दिन तुलसी भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। तुलसी जन्म जयंती महोत्सव 22 जुलाई से प्रारंभ है और यह भव्य, दिव्य और विशाल जन्मोत्सव कार्यक्रम 31 जुलाई तक अनवरत चलेगा। संत रामदास महाराज के सानिध्य एवं दिशा निर्देश पर विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान के आयोजन चल रहे हैं। तुलसी जन्मोत्सव में दूर दराज से आने वाले तुलसी भक्तों का तांता लगा है। महोत्सव के दौरान तुलसी जन्मभूमि राजापुर धाम को दुल्हन की तरह सजाया गया है। नगर के प्रमुख मार्गो में जगह-जगह पर स्वागत द्वारा बनाए गए हैं। जहां राजापुर नगर वासी अपने घरों में अपने रामबोला की सुंदर छायाचित्र और तुलसी बाबा की लिखी हुई चौपाइयों के लिखे फ्लैक्स बैनर संपूर्ण नगर में लगा दिए गए हैं। जिससे इस भव्य दिव्य और विशाल आयोजन का स्वरूप सुंदर और बेहद आकर्षक लग रहा है। सभी नगरवासी बहुत ही हर्ष और उल्लास के साथ तुलसी बाबा अपने रामबोला के जयंती को भव्य दिव्य और विशाल आयोजन के रूप में मना रहे हैं। यह महोत्सव सभी नागरिकों के सहयोग से सम्पन्न हो रहा है।

# डीएम ने नदीगांव के कमसेरा गांव में मनरेगा कार्यों का किया निरीक्षण



जन एक्सप्रेस। उरई

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने ग्राम भ्रमण के दौरान ब्लॉक नदीगांव के ग्राम कमसेरा में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत कराए गए निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण किया। यह निरीक्षण राजकुमार के खेत से राधाकृष्ण के खेत तक बनाए गए बंधे एवं मेन रोड से राजेन्द्र के खेत तक बने बंधे के कार्य स्थलों पर किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्य की माप कराई, जिसमें मिट्टी की मात्रा मानक से कम पाई गई तथा सीआईबी बोर्ड भी मौके पर नहीं लगाया गया था। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अपारदर्शिता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, डीसी मनरेगा रामेन्द्र सिंह, खण्ड विकास अधिकारी मनुलाल यादव, ग्राम प्रधान आदि सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से मजदूर की मौत

उरई। एट थाना क्षेत्र में हाईवे पर तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने गिरथान के पास मजदूर को टक्कर मार दी ।जिससे उसकी मौत हो गई। कोटरा थाना क्षेत्र के ऐंधा गांव निवासी हरिशचंद्र अहिरवार 55 वर्ष मजदूर था और गुरुवार को मजदूरी करने गया था। शाम जब को वह वापस घर लौट रहा था। जैसे ही वह पैदल गिरथान के पास पहुंचा कि किसी वाहन ने उसे पीछे से टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गया। इस दौरान वहां से निकल रहे राजगीरों ने जानकारी पुलिस को दी ।सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। जहां पर जांच पड़ताल के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। खबर मिलते ही मृतक के मौसेरे भाई कंकनखेरा निवासी दीनानाथ भी मौके पर पहुंच गए ।मृतक के भाई ने बताया कि उनकी शादी हो गई थी और उसके कोई संतान व भाई न होने की वजह से मजदूरी कर अपना भरण पोषण करता था। मामले में सीओ परमेश्वर प्रसाद ने बताया कि मजदूर को किसी वाहन ने टक्कर मारी थी। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

## ग्रामोदय विश्वविद्यालय के पर्यावरण छात्रों का विभिन्न राज्यों में हुआ चयन

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के विज्ञान एवं पर्यावरण संकाय के अंतर्गत संचालित ऊर्जा एवं पर्यावरण विभाग के सत्र 2024-25 के परास्नातक उत्तीर्ण विद्यार्थियों का चयन भारत के विभिन्न राज्यों के प्रतिष्ठित संस्थानों में हुआ है। कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त कर बधाई दी है। ग्रामोदय के विद्यार्थी धीरज कुशवाहा, अजय कुमार मिश्रा, तरुण सिंह, आदित्य चैहान सुभाष जैतवारा, रितेश पांडेय आदि ने एमएससी (पर्यावरण) पाठ्यक्रम की परीक्षा उत्तीर्ण कर देश के विभिन्न संस्थानों में चयनित हुए है। अधिष्ठाता पर्यावरण और विज्ञान संकाय तथा ऊर्जा एवं पर्यावरण विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो शशिकांत त्रिपाठी ने यह विज्ञान एवं पर्यावरण संकाय के लिए गौरवशाली अवसर है। ऊर्जा एवं पर्यावरण विभाग के विद्यार्थियों का चयन अकादमिक गुणवत्ता और विद्यार्थियों की क्षमता का प्रमाण है।

# बुंदेलखण्ड राष्ट्र समिति के पदाधिकारियों ने जगद्गुरु से लिया आशीर्वाद

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

बुंदेलखंड राष्ट्र समिति के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को बुंदेलखंड राज्य की मांग को लेकर चल रहे जनांदोलन के तहत जगद्गुरु रामभद्राचार्य महराज से भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया। पदाधिकारियों ने जगद्गुरु से क्षेत्र के हित में बुंदेलखण्ड राज्य के गठन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से आग्रह करने का निवेदन किया। समिति के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री यज्ञेश गुप्ता ने बताया कि बुंदेलखंड राष्ट्र समिति विगत कई वर्षों से जनचेतना और लोकतांत्रिक तरीकों से अलग बुंदेलखण्ड राज्य की मांग को लेकर संघर्ष कर रही है। कहा कि देश के महापुरुषों का आशीर्वाद प्राप्त होने से आंदोलन को नैतिक बल मिलेगा और सरकार तक यह आवाज और प्रभावी ढंग से पहुंचेगी। क्षेत्रीय महामंत्री आदित्य त्रिवेदी ने कहा कि बुंदेलखंड आज भी विकास के कई मानकों पर पिछड़ा हुआ है, जबकि उसके पास ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और प्राकृतिक संसाधनों की भरपूर संपदा है। अलग राज्य बनने से ही इस क्षेत्र का संतुलित और समग्र विकास संभव हो पाएगा। इस दौरान जगद्गुरु रामभद्राचार्य महराज ने समिति के पदाधिकारियों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि बुंदेलखंड राज्य जल्द बनेगा। समिति के पदाधिकारियों ने जगद्गुरु द्वारा दिए गए आशीर्वाद को शुभ और निर्णायक संकेत बताया है तथा संकल्प लिया कि जब तक बुंदेलखण्ड राज्य को उसका संवैधानिक हक नहीं मिल जाता, तब तक यह आंदोलन सतत और अहिंसात्मक रूप से चलता रहेगा।

# जन कल्याण शिक्षण प्रसार समिति ने रेलवे सुरक्षा बल के साथ चलाया जागरूकता अभियान

जन एक्सप्रेस। मानिकपुर, चित्रकूट

रेलवे सुरक्षा बल और जन कल्याण शिक्षण प्रसार समिति के संयुक्त तत्वाधान में बाल तस्करी को रोकने के लिए 15 से 30 जुलाई तक चलाए जा रहे जागरूकता एवं सतर्कता अभियान के तहत शुक्रवार को मानिकपुर रेलवे स्टेशन में लोगों को जागरूक किया गया।
रेलवे सुरक्षा बल चित्रकूट और जन कल्याण शिक्षण प्रसार समिति के सदस्यों ने बताया कि प्रत्येक वर्ष 30 जुलाई को विश्व मानव दुर्व्यापार विरोधी मनाया जाता हैं। जिसके तहत बात तस्करी रोकने के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इस दौरान रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर अनाउसमेंट करके तथा बैनर व पोस्टर के माध्यम से लोगों को बाल तस्करी को रोकने के प्रति जागरूक किया गया। इसके अलावा बस स्टैंड और टैक्सी स्टैंड पर भी यात्रियों और टैक्सी चालकों को जागरूक किया गया। जन कल्याण शिक्षण प्रसार समिति के सचिव शंकर दयाल ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य बच्चों को तस्करों के हाथ न लगने देना है। चित्रकूट जिला बाल तस्करी से प्रभावित है। उन्होंने आम लोगों से अपील की है कि बाल तस्करी से संबंधित किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी हेल्पलाइन नम्बर 139 तथा 1098 में जरूर दें ताकि बच्चों को बाल तस्करी से बचाया जा सके।




चाइल्ड हेल्प लाइन के परियोजना समन्वयक विशेष कुमार त्रिपाठी ने कहा कि कोई भी अपने बच्चों को अनजान व्यक्तियों के साथ ज्यादा घुल-मिल कर बात न करने दें। साथ ही अनजान व्यक्ति द्वारा दिया जाने वाला खाद्य पदार्थ भी न खाने दें तथा अपने बच्चों पर नजर रखें। मानिकपुर रेलवे पुलिस प्रभारी सुरेन्द्र कुमार व उनकी टीम द्वारा लंबी दूरी की ट्रेनों में सर्च अभियान चलाया तथा स्टेशन में अनाउंसमेंट करा कर अभियान के बारे में लोगों को जानकारी दी।
इस मौके पर परियोजना समन्वयक मुदित मिश्रा, पर्यवेक्षक दीपा शुक्ला, केस वर्कर अंजली शुक्ला, आरपीएफ मानिकपुर प्रभारी प्रेम कुमार दीक्षित, आरपीएफ सब इंस्पेक्टर सुरेन्द्र पासवान, जीआरपी मानिकपुर प्रभारी मो सलीम, थाना प्रभारी विनेश सिंह, एएसआई ओमकार कुमरे, हेड कांस्टेबल शशि भारती, चंद्रशेखर राजपूत आदि मौजूद रहें।



## परमाणु ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए निजी...

प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पीके मिश्रा ने शुक्रवार को कहा कि परमाणु ऊर्जा परियोजनाओं की व्यवहार्यता में सुधार के लिए कम लागत वाले वित्तपोषण और निजी क्षेत्र की भागीदारी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि निजी क्षेत्र को आकर्षित करने के लिए सरकार... ▸ पढ़ें पेज 12 पर...

# रसौली गांव में दुल्हन की विदाई बनी खूनी संग्राम का सबब बीमार पत्नी को एंबुलेंस पर ले जाते समय लाठियों और हथियारों की बारिश, प्रशासन की चुप्पी शर्मनाक








- मामला तब शुरू हुआ जब दूल्हा पक्ष की ओर से विदाई के लिए गांव में एंबुलेंस भेजी गई
- गली में खड़ी एंबुलेंस को घेरकर, उस पर सवार लोगों को बाहर खींचकर बेरहमी से पीटा गया

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

उत्तर प्रदेश की कानून-व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में है। बाराबंकी के थाना सफदरगंज क्षेत्र स्थित रसौली गांव में गुरुवार को दुल्हन की विदाई के लिए पहुंचे दूल्हा पक्ष पर गांववालों ने जो कहर बरसाया, वह मानवता को शर्मसार करने वाला था। बीमार पत्नी को लेने आया युवक एंबुलेंस लेकर पहुंचा था, लेकिन यहां उसे और उसके परिवार को मिला – लाठियों, लोहे की चेन और धारदार हथियारों से सना खूनी स्वागत। मामला तब शुरू हुआ जब दूल्हा पक्ष की ओर से विदाई के लिए गांव में एंबुलेंस भेजी गई। बताया गया कि दुल्हन की तबीयत काफी खराब थी। लेकिन ऐन मौके पर एंबुलेंस खराब हो गई और दूसरी एम्बूलेंस मंगाई गई। इसी दौरान गांव के ही करीब दो दर्जन असामाजिक तत्व लाठियों, सरियों और हथियारों के साथ टूट पड़े। गली में खड़ी एंबुलेंस को घेरकर, उस पर सवार लोगों को बाहर खींचकर बेरहमी से पीटा गया। चीख-पुकार और खून से सनी गलियां गवाह बनीं उस बर्बरता की, जिसकी कल्पना भी कोई नहीं कर सकता।

### 10 लोग घायल, 6 की हालत नाजुक लेकिन पुलिस 'कार्रवाई की प्रक्रिया' में उलझी

इस हमले में दोनों पक्षों से लगभग 10 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि हमलावरों की पहचान स्पष्ट होने के बावजूद अब तक न तो किसी की गिरफ्तारी हुई, न ही प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई। वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि कैसे खुलेआम गांव की गलियों में मारकाट मची और दो एंबुलेंस के बीच खून का खेल खेला गया।

### प्रशासन और पुलिस का रवैया–लापरवाही या मिलीभगत?

- इस घटना ने कई तीखे सवाल खड़े कर दिए हैं
- जब गांव में कोई पुरानी रंजिश थी, तो स्थानीय पुलिस और प्रशासन ने पहले से एहतियात क्यों नहीं बरती?
- अगर हमला सुनियोजित नहीं था तो हमलावर इतने हथियारों के साथ मौके पर कैसे पहुंचे?
- क्या बीमार पत्नी को विदा कराने एंबुलेंस से आया परिवार भी अब उत्तर प्रदेश में सुरक्षित नहीं है?
- वीडियो वायरल हो चुका है, हमलावरों की पहचान हो चुकी है – फिर भी सफदरगंज पुलिस की चुप्पी किसके इशारे पर है?

### क्या बाराबंकी अब जंगलराज की मिसाल बनेगा?

रसौली की घटना कोई मामूली पारिवारिक विवाद नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था और प्रशासनिक सुस्ती का एक और खौफनाक उदाहरण है। जिस प्रदेश में बीमार बहू की विदाई भी हथियारों और हिंसा की भेंट चढ़ जाए, वहां आम जनता की सुरक्षा की गारंटी कौन देगा? अब सवाल यह नहीं कि कार्रवाई होगी या नहीं, सवाल यह है कि इस वहशीपन की स्क्रिप्ट किसने लिखी? और क्या बाराबंकी प्रशासन उस साजिश का हिस्सा नहीं है? जनता जानना चाहती है दोषियों को कब मिलेगी सजा? या फिर एक और वायरल वीडियो फाइलों की धूल में दबकर रह जाएगा?

## यूपी में कलेक्टर, अपर जिलाधिकारी उप जिलाधिकारी के तबादले छह माह के लिए रुक सकते हैं

# चुनाव आयोग अब पूरे देश में विशेष जांच रिपोर्ट (एसआईआर) करने को तैयार!

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

चुनाव आयोग अब पूरे देश में विशेष जांच रिपोर्ट एसआईआर लागू करने की तैयारी में है, जिससे प्रशासनिक हलकों में खलबली मच गई है। सूत्रों के अनुसार, उत्तर प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनावों को देखते हुए आयोग ने अधिकारियों के तबादलों पर सख्ती बरतनी शुरू कर दी है। मिली जानकारी के मुताबिक, राज्य के कलेक्टर, अपर जिलाधिकारी एडीएम और उप जिलाधिकारी एसडीएम स्तर के अधिकारियों के तबादले छह माह के लिए स्थगित किए जा सकते हैं। यह निर्णय निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव कराने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।



ORDER

Special Intensive Revision of Electoral Rolls

Whereas, Article 324 of the Constitution of India and the Representation [of the] People Act, 1950 (the 'RPA 1950') vests the superintendence, directi[on] and control of the preparation of the electoral rolls for, and the conduct [of] the elections to the Parliament and the State Legislatures, with t[he] Election Commission;

Whereas, maintaining the integrity of the electoral roll is fundamental [to] the conduct of free and fair elections;

Whereas, the electoral machinery, eligibility conditions, manner a[nd] procedure for preparation of electoral rolls are provided under the R[PA] 1950 and the Registration of Electors Rules, 1960 ("RER, 1960"), fram[ed] under the RPA 1950;

Whereas, in line with this objective, the Commission has previous[ly] exercised its powers under enabling statutes in the years such [as] 1952-56, 1957, 1961, 1965, 1966, 1983-84, 1987-89, 1992, 1993, 19[..] 2002, 2003 and 2004 to undertake Intensive Revision of electoral rolls [in] all or some parts of the country for afresh preparation of electoral ro[lls] through enumeration. The last intensive revision in Bihar, was conduct[ed] by the Commission in the year 2003 with reference to 01.01.2003 as t[he] qualifying date;

Whereas, the preparation of electoral roll must ensure that all eligi[ble]

चुनाव आयोग का मानना है कि लगातार तबादलों से जिलों में प्रशासनिक स्थायित्व प्रभावित होता है, जिससे चुनावी प्रक्रियाओं पर असर पड़ सकता है। इसी के मद्देनज़र यह रोक लगाने की तैयारी की जा रही है। सूत्रों ने यह भी संकेत दिए हैं कि वर्ष 2015 और 2016 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा आईएएस अधिकारियों का जिलाधिकारी बनना फिलहाल टल सकता है। चूंकि विधानसभा चुनाव निकट हैं, इसलिए आयोग अनुभवी और पहले से तैनात अधिकारियों को ही जिम्मेदारी सौंपना चाहता है। इस निर्णय से प्रदेश भर के नौजवान आईएएस अफसरों में बेचैनी का माहौल है। वहीं राजनीतिक गलियारों में इस कदम को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। आगामी दिनों में आयोग की ओर से औपचारिक आदेश जारी होने की संभावना है। चुनाव आयोग की यह पहल देशभर के अन्य राज्यों में भी लागू हो सकती है, जिससे प्रशासनिक मशीनरी को एक नया दिशा मिल सकता है।

## झमाझम बारिश के साथ प्रदेश में मानसून हुआ सक्रिय अगले तीन–चार दिनों तक जारी रहेगा बारिश का दौर




**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

बंगाल की खाड़ी में बृहस्पतिवार की शाम को विकसित हुए कम दबाव के क्षेत्र के असर से उत्तर प्रदेश में मानसून की वापसी देखने को मिली है। शुक्रवार को प्रदेश के दक्षिणी और पूर्वी जिलों सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, प्रयागराज, प्रतापगढ़, जौनपुर, गाजीपुर, बलिया आदि में अच्छी बारिश हुई। बारिश के दौरान इन इलाकों में 30 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं। मौसम विभाग की ओर से शनिवार को दक्षिणी यूपी और बुंदेलखंड समेत कुल 14 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। साथ ही 43 जिलों में गरज चमक के साथ वज्रपात की आशंका जताई गई है। प्रदेश के विभिन्न इलाकों में बारिश का दौर अगले तीन-चार दिनों तक जारी रहेगा। शुक्रवार की शाम तक प्रयागराज में सर्वाधिक 58.8 मिमी बारिश हुई। इसके बाद बस्ती में 53 मिमी, विंध्य क्षेत्र के चुर्क में 37.2 मिमी, अमेठी में 29 मिमी, कानपुर में 13.2 मिमी, बाराबंकी में 12 मिमी, बहराइच में 11.8 मिमी बारिश दर्ज की गई। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया की बंगाल की खाड़ी में विकसित हुए कम दबाव के असर से अगले दो-तीन दिन प्रदेश के दक्षिणी-पूर्वी हिस्से में अच्छी बारिश के आसार हैं।

### यहां भारी बारिश की संभावना

बांदा, चित्रकूट, प्रयागराज, सोनभद्र, मिर्जापुर, आगरा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर और आसपास के इलाकों में।

### इन जिलों में बिजली गिरने की आशंका

बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, भदोही, जौनपुर, गाजीपुर, मऊ, बलिया, लखीमपुर खीरी, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, सहारनपुर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, कासगंज, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, बदायूं, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर व आसपास के इलाकों में।

## अनावश्यक बिजली कटौती न हो, अन्यथा कार्रवाई होगी: सीएम योगी



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बिजली कटौती की शिकायतों पर अफसरों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि प्रदेश में न पैसे की कमी है, न बिजली की और न ही संसाधनों की। ऐसे में सुनिश्चित करें की अनावश्यक बिजली कटौती न हो अन्यथा कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री योगी शुक्रवार दोपहर ऊर्जा विभाग के अफसरों के साथ बैठक कर रहे थे। बैठक में उन्होंने अफसरों से कहा कि बिजली अब सिर्फ सेवा नहीं, आम आदमी की ज़रूरत और भरोसे से जुड़ा विषय है। उन्होंने बिजली आपूर्ति की फील्ड रियलिटी का लेखा-जोखा लिया और सभी डिस्कॉम से जवाबदेही मांगी। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रदेश में जून में रिकॉर्ड 31,486 मेगावाट की मांग सफलतापूर्वक पूरी की गई। जनता को हर मौसम में निर्बाध बिजली आपूर्ति की जानी चाहिए साथ ही ये भी कहा कि हर उपभोक्ता को समय पर सही बिल मिले और कोई फॉल्स बिलिंग न हो। उन्होंने निर्देश दिया कि लाइन लॉस को कम से कम करने के लिए हर डिस्कॉम अपने स्तर पर ठोस प्रयास करे और ट्रांसफॉर्मर क्षमता बढ़ाने और तकनीकी सुधार करें।

### स्मार्ट मीटरिंग को ब्लॉक स्तर तक विस्तार दें

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि स्मार्ट मीटरिंग का ब्लॉक स्तर तक विस्तार करें। उन्होंने कहा कि घाटमपुर, खुर्जा, पनकी और मेजा परियोजनाओं से बिजली उत्पादन क्षमता बढ़कर 16,000 मेगावाट से अधिक होगी। उन्होंने कृषि फीडरों के तेजी से पृथक्करण और सभी ट्यूबवेलों को सौर ऊर्जा से जोड़ने के निर्देश दिए।

## केस्को एमडी सैमुअल पॉल एन को लोकायुक्त का नोटिस

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

कानपुर विद्युत आपूर्ति कंपनी (केस्को) के प्रबंध निदेशक और 2013 बैच के आईएएस अधिकारी सैमुअल पॉल एन एक बार फिर सुर्खियों में हैं। लोकायुक्त कार्यालय ने उन्हें गंभीर आरोपों की जांच के तहत नोटिस भेजा है। लोकायुक्त सचिव की ओर से जारी नोटिस (दिनांक 3 जुलाई 2025) में सैमुअल से 'भ्रष्टाचार और गबन' से जुड़ी शिकायतों पर तथ्यात्मक और तार्किक जवाब मांगा गया है। उन्हें 4 अगस्त 2025 तक अपना पक्ष स्पष्ट करने का निर्देश दिया गया है। सूत्रों के अनुसार, यह कार्रवाई उत्तर प्रदेश विधान परिषद से सिफारिश के बाद शुरू हुई है। प्राप्त शिकायत में केस्को में वित्तीय अनियमितताओं, ठेके देने में पक्षपात और फंड गबन जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। सैमुअल पॉल एन फरवरी 2023 से केस्को के एमडी पद पर तैनात हैं। वर्तमान में उनके पास कानपुर नगर में अपर आयुक्त ग्रेड (राज्य कर) की अतिरिक्त जिम्मेदारी भी है। ऐसे में एक वरिष्ठ आईएएस अधिकारी के खिलाफ इस प्रकार की जांच प्रशासनिक महकमे में हलचल पैदा कर रही है। लोकायुक्त कार्यालय के उच्च पदस्थ सूत्रों ने जन एक्सप्रेस को पुष्टि करते हुए बताया कि नोटिस भेजा जा चुका है और जवाब का इंतजार है। अगर सैमुअल संतोषजनक जवाब नहीं दे पाते हैं, तो उनके खिलाफ विस्तृत जांच शुरू हो सकती है। अब निगाहें इस पर टिकी हैं कि केस्को एमडी इस गंभीर मामले में अपना बचाव कैसे करते हैं और क्या लोकायुक्त इस पर कोई बड़ी कार्रवाई करेगा।

## रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर एक और कदम: उत्तर प्रदेश में बनेगा उच्च प्रौद्योगिकी अवरक्त संवेदक प्रौद्योगिकी केंद्र

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में अत्याधुनिक सुविधा का उद्घाटन किए जाने के बाद रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की इकाई यंत्र अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान (आईआरडीई) ने उत्तर प्रदेश रक्षा औद्योगिक गलियारे यूपीडीआईसी के लखनऊ नोड में अवरक्त संवेदक प्रौद्योगिकी केंद्र स्थापित करने का प्रस्ताव आगे बढ़ाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में 22 जुलाई 2025 को उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल ने इस परियोजना के लिए लखनऊ नोड में 25 एकड़ भूमि को ?1 वार्षिक प्रतीकात्मक पट्टा दर पर आईआरडीई को आवंटित करने की स्वीकृति दी। यह केंद्र एक उच्च प्रौद्योगिकी निर्माण इकाई (फैब-लाइन) होगा, जिसमें अवरक्त संवेदकों का निर्माण और उत्पादन किया जाएगा। इसके माध्यम से सशस्त्र बलों के लिए आवश्यक रात्रि दृष्टि प्रणालियों का स्वदेशी उत्पादन संभव हो सकेगा। यह परियोजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल होगी। प्रस्ताव को स्वीकृति मिलने के बाद इस प्रौद्योगिकी केंद्र की स्थापना में ?2,000 करोड़ से अधिक का निवेश होगा, जिससे भारत उन चुनिंदा देशों की सूची में शामिल हो जाएगा, जिनके पास यह अत्याधुनिक तकनीक उपलब्ध है। यह परियोजना प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर उत्पन्न करेगी और इसमें अनेक उद्योगों व शैक्षिक संस्थानों की सक्रिय भागीदारी भी सुनिश्चित की जाएगी।

## ढेलवासी में निर्माणाधीन राजकीय हाई स्कूल का एसडीएम बीकेटी ने किया औचक निरीक्षण, निर्माण गुणवत्ता से संतुष्ट

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



लखनऊ जिले के बख्शी का तालाब के एसडीएम सतीश चंद्र त्रिपाठी ने ढेलवासी गांव में बन रहे राजकीय हाई स्कूल विद्यालय का अचानक निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण स्थल पर पहुँचकर इस्तेमाल की जा रही सामग्री की गुणवत्ता की बारीकी से जाँच की। उनका यह औचक दौरा सुनिश्चित करता है कि सरकारी परियोजनाओं में पारदर्शिता और गुणवत्ता बनी रहे, जो भविष्य की पीढ़ी की शिक्षा और सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है। वहीं एसडीएम त्रिपाठी ने बताया कि जांच के दौरान, विद्यालय का निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुसार पाया गया। उन्हें कोई ऐसी कमी नहीं मिली, जिससे निर्माण की गुणवत्ता पर किसी तरह का सवाल खड़ा हो। उन्होंने विश्वास जताया कि यह नया विद्यालय तैयार होने के बाद, यह क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को बेहतर शैक्षिक माहौल प्रदान करेगा। इस तरह के नियमित निरीक्षण यह सुनिश्चित करते हैं कि सरकारी धन का सही उपयोग हो और जनता के हित सुरक्षित रहें।

## दिव्यांग महागठबंधन की संयुक्त निदेशक के साथ वार्ता विफल, 28 को विशेष सचिव से होगी वार्ता

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

- पेंशन बढ़ाने, नौकरी रोजगार स्वास्थ शिक्षा सुरक्षा की सौ फीसदी गारंटी देने के लिए सरकार नहीं है सहमत
- 30 जुलाई को मुख्यमंत्री कार्यालय पर होगा प्रदर्शन

दिव्यांग महागठबंधन की वार्ता दिव्यांगजन सशक्तिकरण निदेशालय के संयुक्त निदेशक के साथहुई। महागठबंधन ने 27 सूत्रीय मांगों को लेकर विधानसभा पर प्रदर्शन की घोषणा की है। आन्दोलन को देखते हुए दिव्यांगजन सशक्तिकरण निदेशालय ने 25 व शासन ने 28 जुलाई को वार्ता के लिए पत्र भेजा था। दिव्यांग महागठबंधन के महासचिव वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि हम दिव्यांगजनों के लिए नौकरी रोजगार स्वास्थ शिक्षा सुरक्षा की सौ फीसदी गारंटी, पेंशन पांच हजार रुपए महीना, नौकरियों में आरक्षण कोटा पूरा करवाने, आयुष्मान अन्त्योदय कार्ड बनवाने, फेरी नीती के तहत चौक चौराहों पर दुकान व स्थान उपलब्ध कराने सहित 27 सूत्रीय मांगों को निदेशालय के अधिकारियों के सामने रखा है। अधिकारी पेंशन बढ़ाने के मामले में स्पष्ट जबाब नहीं दे पाए, नौकरियों में आरक्षण कोटा पूरा करने, नौकरी रोजगार स्वास्थ शिक्षा सुरक्षा की सौ फीसदी गारंटी देने के मामले में भी कोई स्पष्ट जबाब नहीं मिला है। लेखपाल व मुख्य सेविका अभ्यर्थियों को नौकरी दिलाने में भी कोई ठोस जबाब नहीं मिला। इसलिए वार्ता विफल रही। वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि 28 जुलाई को मुख्यमंत्री कार्यालय विधानसभा पर जोर दार प्रर्दशन किया जाएगा। वीरेन्द्र कुमार ने आरोप लगाया कि हमारी मांगे विभागों से संबंधित है। दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग अकेले कुछ भी करने कि स्थिति में नहीं है। मुख्यमंत्री व राज्यपाल से मुलाकात का लम्बे समय से समय मांग रहे हैं लेकिन आज तक समय नहीं मिला है। मुख्यमंत्री के नीचे के अधिकारी हमारी मांगों पर कुछ नहीं कर सकते।आज वार्ता में जयनाथ यादव संयुक्त निदेशक दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, महागठबंधन के महासचिव वीरेन्द्र कुमार, अध्यक्ष मनीष प्रसाद, कोषाध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, अखिल उत्तर प्रदेश बधिर संघ के नीलेश कुमार शुक्ला, रवी शर्मा, वेद प्रकाश, विकलांग कल्याण समिति के मुकेश कुमार, लेखपाल अभ्यर्थी संघ से राम निहाल द्विवेदी, दिव्यांग विकास सोसायटी अजीत कुमार आदि शामिल थे।

## भाजपा जिलाध्यक्ष विजय कुमार मौर्या का जन्मदिन गोपेश्वर गौशाला में धूमधाम से मना, गौसेवा कर लिया हनुमान जी का आशीर्वाद





**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के जिलाध्यक्ष विजय कुमार मौर्या का जन्मदिन शुक्रवार को मलिहाबाद मंडल के पदाधिकारियों द्वारा गोपेश्वर गौशाला में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया. इस अवसर पर मंडल की पूरी टीम के साथ कोऑपरेटिव बैंक के डायरेक्टर भी उपस्थित रहे।जन्मदिन समारोह की शुरुआत चिंताहरण हनुमान जी की पूजा-अर्चना और आशीर्वाद लेने के साथ हुई. गोपेश्वर गौशाला प्रांगण में आयोजित इस कार्यक्रम का संयोजन मंडल अध्यक्ष आशीष द्विवेदी ने किया. गौसेवा कर जिलाध्यक्ष ने अपना जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष जितेंद्र अवस्थी, मिथिलेश यादव, उमाकांत गुप्ता, पंकज गुप्ता, रुपेश मिश्र, प्रेम रावत, नीलकमल मौर्या, अशोक अवस्थी, मिंटू मौर्य, इमरान अंसारी, राजेश लोधी, मारूफ अंसारी, रानी सभासद, राजेंद्र बाबा, सौरभ यादव सहित अन्य कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे। सभी ने जिलाध्यक्ष विजय कुमार मौर्या को जन्मदिन की बधाई दी और उनके दीर्घायु होने की कामना की।

## बीकेटी के नगवामऊ में गंदगी का अंबार, तालाब खुदाई पर ग्रामीणों में मतभेद, विकास बनाम विरोध, बीमारियों का खतरा



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

राजधानी लखनऊ से सटे बीकेटी तहसील क्षेत्र का नगवामऊ गांव इन दिनों भीषण गंदगी और जलभराव की समस्या से जूझ रहा है। गांव में सड़क किनारे नाली व खड़ंजा न होने और ग्रामीणों द्वारा घूर-गोबर एक जगह इकट्ठा करने से गंदगी का बड़ा ढेर लग गया है, जिससे ग्रामीण खासे परेशान हैं। इस गंभीर स्थिति के लिए ग्रामीण सीधे तौर पर ग्राम पंचायत सचिव और प्रधान की लापरवाही को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। वहीं तालाब खुदाई पर समस्या के समाधान के तौर पर, गांव के निवासियों का एक बड़ा तबका सड़क किनारे तालाब खुदवाने की मांग कर रहा है। उनका तर्क है कि तालाब बनने से बारिश और कीचड़ का पानी उसमें समा जायेगा। इससे न केवल घरों में पानी भरने की समस्या खत्म होगी, बल्कि किसानों के खेतों में भी जलभराव से निजात मिलेगी और खेती में सुविधा होगी। ग्रामीणों का मानना है कि यह कदम पूरे गांव के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा। हालांकि, गांव के कुछ निवासी इस तालाब खुदाई का सख्त विरोध कर रहे हैं, जिससे ग्रामीण काफी नाराज हैं। नाराज ग्रामीणों का कहना है कि कुछ लोग निजी स्वार्थ के चलते गांव के विकास और जनहित के इस कार्य को जानबूझकर रोक रहे हैं। उनका मानना है कि तालाब बनने से घरों में पानी घुसने की समस्या से मुक्ति मिलेगी और गांव में गंदगी व जलभराव से पनपने वाली हजारों बीमारियों और मच्छरों से फैलने वाली बीमारियों का खतरा कम होगा।

### ग्राम पंचायत सचिव और प्रधान की चुप्पी पर सवाल

ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम पंचायत सचिव और प्रधान की निष्क्रियता के कारण ही यह समस्या विकराल रूप ले चुकी है। उनकी लापरवाही से न तो नालियां बनीं और न ही गंदगी प्रबंधन पर ध्यान दिया गया। अब जब समाधान की बात आ रही है, तब भी उनमें कोई ठोस पहल नहीं दिख रही है। नगवामऊ के ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से हस्तक्षेप कर इस समस्या का स्थायी समाधान निकालने और तालाब खुदाई के पक्ष में निर्णय लेने की अपील की है, ताकि गांव को गंदगी और बीमारियों के खतरे से मुक्ति मिल सके और विकास का मार्ग प्रशस्त हो।

## एआई–ऑगमेंटेड मल्टीडिसिप्लिनरी विश्वविद्यालय का सीएम करेंगे उद्घाटन

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को प्रदेश को एक और ऐतिहासिक उपलब्धि देने जा रहे हैं। वे उन्नाव जनपद में भारत के पहले आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एआई ऑगमेंटेड मल्टीडिसिप्लिनरी विश्वविद्यालय चंडीगढ़ विश्वविद्यालय के उत्तर प्रदेश परिसर का उद्घाटन करेंगे। विश्वविद्यालय लखनऊ-कानपुर राजमार्ग पर स्थापित किया गया है और तकनीकी, रोजगारोन्मुखी तथा वैश्विक स्तर की शिक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बीते छह वर्षों में ऐसा सकारात्मक और विश्वासपूर्ण वातावरण बना है जिससे देश-विदेश के प्रतिष्ठित संस्थान अब उत्तर प्रदेश में निवेश कर रहे हैं। चंडीगढ़ विश्वविद्यालय का आगमन इसी का प्रमाण है। चंडीगढ़ विश्वविद्यालय अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में भारत की शीर्ष पांच यूनिवर्सिटी में शामिल है। यहां पर कोर्सेज एआई आधारित टेक्नोलॉजी की मदद से संचालित किए जाएंगे, जिससे छात्र भविष्य की वैश्विक आवश्यकताओं के अनुसार दक्ष बनेंगे। प्रदेश सरकार की नीति सभी छात्रों को सरल, सहज, सस्ती और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने की है।

# स्टाग्राम पर दोस्ती, दुष्कर्म और अब धर्म परिवर्तन का दबाव

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ के चिनहट थाना क्षेत्र में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहाँ एक महिला ने अपनी नाबालिग बेटी को प्रेम जाल में फंसाकर उसके साथ दुष्कर्म और फिर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने का सनसनीखेज आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़िता की माँ की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है। वहीं महिला के अनुसार, उसकी 14 वर्षीय बेटी की दोस्ती इंस्टाग्राम के जरिए चुंगी बड़ा मंडेगण निवासी अरमान से हुई थी। दोस्ती गहरी होने के बाद, आरोपी अरमान ने नाबालिग को एक होटल में बुलाया और उसके साथ दुष्कर्म किया। इतना ही नहीं, उसने इस अश्लील कृत्य का चुपके से वीडियो भी बना लिया। आरोप है कि दुष्कर्म के बाद अरमान ने लगभग 15 दिनों तक नाबालिग को अलग-अलग होटलों में अपने साथ रखा और लगातार उसका शारीरिक शोषण करता रहा। इसके बाद, वह अपने परिजनों के साथ पीड़िता के घर पहुँचा और उस पर मुस्लिम धर्म अपनाने तथा शादी करने का दबाव बनाने लगा। अरमान पीड़िता को कॉल करके उसके अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहा था।

# अमेठी में 13.5 लाख की लागत से बना शमशान घाट अब खंडहर में तब्दील

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

जनपद में जामो विकास खंड क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कटारी गांव में नौ साल पहले बने शमशान घाट की स्थिति आज बेहद दुखद और जर्जर हो चुकी है।13 लाख 50 हजार रुपए की लागत से निर्मित यह शमशान घाट अब बदहाली और सरकारी उपेक्षा का प्रतीक बन गया है।इस शमशान घाट को ग्रामीणों की सुविधा और सम्मानजनक अंतिम संस्कार के उद्देश्य से बनाया गया था।इसमें टीन शेड,बाउंड्री वॉल,मेन गेट,शौचालय और आवासीय सुविधा भी शामिल की गई थी।लेकिन अब नौ वर्षों के भीतर यह स्थल पूरी तरह से उपेक्षित



और खंडहरनुमा बन चुका है।टीन शेड उड़ गए,बाउंड्री वॉल पर लगे कंटीले तार और मेन गेट चोर उखाड़ ले गए,जबकि परिसर में मौजूद शौचालय और आवासीय भवन क्षतिग्रस्त होकर बेकार हो चुके हैं।चारों ओर फैली झाड़ियां और ऊंची घास से परिसर डरावना लगने लगा है।

और दिन में भी वहां जाना स्थानीय लोगों के लिए खतरे से खाली नहीं है।स्थानीय निवासियों का कहना है कि शमशान घाट का निर्माण तो हुआ,लेकिन उसके रखरखाव की कोई व्यवस्था नहीं की गई।ग्राम प्रधानों और संबंधित अधिकारियों ने बरसों तक इसकी सुध नहीं ली,जिससे इसकी दुर्दशा होती गई। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि यह सिर्फ कागज़ी विकास का उदाहरण है,और सरकारी धन की बर्बादी है।आज स्थिति यह है कि ग्रामीणों को मजबूरी में अन्य जगहों पर शवों का अंतिम संस्कार करना पड़ रहा है। क्योंकि कटारी का शमशान घाट अब उपयोग लायक नहीं बचा है।कई बार जानवर परिसर में घूमते नजर आते हैं।और सुरक्षा का कोई इंतज़ाम नहीं है।अब ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से मांग की है, कि शमशान घाट का पुनर्निर्माण कराया जाए और स्थायी रूप से उसकी देखरेख की व्यवस्था की जाए,ताकि लोगों को अंतिम संस्कार के समय अपमान का सामना न करना पड़े।

# गांव पहुंचा बारहसिंघा, ग्रामीणों ने पकड़कर वन विभाग को सौंपा

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

जनपद के जामो ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत अचलपुर में शुक्रवार को गांव के समीप एक बारहसिंघा के दिखाई देने की सूचना मिली।जंगली जानवर के अचानक गांव में आने से अफरा-तफरी का माहौल बन गया।ग्राम प्रधान के नेतृत्व में ग्रामीणों ने संयम और सूझबूझ का परिचय देते हुए बारहसिंघा को सुरक्षित तरीके से पकड़ा।और वन विभाग को सूचना दी।कुछ ही देर में फॉरेस्टर पारस नाथ दुबे के नेतृत्व में वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई।फॉरेस्टर ने बताया कि बारहसिंघा को प्राथमिक उपचार देने के बाद उसे सुरक्षित जंगल में छोड़ा जाएगा।उन्होंने ग्रामीणों की तत्परता की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के मामलों में नागरिकों का सजग और सहयोगी होना



वन्य जीवों के संरक्षण के लिए अत्यंत आवश्यक है।ग्रामीणों ने बताया कि इससे पहले गांव में कभी बारहसिंघा नहीं देखा गया था।पेड़ों के बीच बंधे बारहसिंघा की तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं।वनविभाग मामले की गहन जांच कर रहा है,कि यह दुर्लभ वन्य प्राणी इस क्षेत्र तक कैसे पहुंचा।वन्य जीव संरक्षण का उदाहरण यह घटना न सिर्फ वन्य जीवों के संरक्षण की दिशा में ग्रामीणों की सजगता का प्रमाण है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि यदि आमजन सतर्क रहें,तो प्रकृति और जीव-जंतुओं का सामंजस्यपूर्ण सह अस्तित्व संभव है।

# कई महीनों से सूखी पड़ी नारायणपुर माइनर सैकड़ों बीघा धान की फसल पर संकट

**जन एक्सप्रेस । तिलोई,अमेठी**

तिलोई विकासखंड के शाहमऊ क्षेत्र के नारायणपुर माइनर में पिछले छह माह से पानी नहीं आ रहा है।इस कारण आसपास के गांवों के किसानों की सैकड़ों बीघा में खड़ी धान की फसल सूखने की कगार पर पहुंच गई है।नारायणपुर माइनर जो रजबहा से निकलती है,इस क्षेत्र की प्रमुख सिंचाई व्यवस्था का आधार है।स्थानीय किसानों ने बताया कि वे हर वर्ष इसी माइनर के पानी से धान की फसल की सिंचाई करते हैं। लेकिन इस बार छह महीने बीत जाने के बाद भी माइनर में पानी नहीं आया।उन्होंने बताया कि धान की फसल को इस समय पानी की सख्त आवश्यकता होती है।और अगर जल्द पानी नहीं मिला,तो पूरी फसल नष्ट हो जाएगी। किसानों ने बताया कि वे खाद, बीज और कीटनाशक के लिए पहले ही कर्ज में डूबे हुए हैं। किसानों ने कहा कि अगर फसल नष्ट हो गई तो हमारे पास घर चलाने तक के लिए कुछ नहीं बचेगा।उन्होंने विभागीय अधिकारियों



पर उदासीनता का आरोप लगाते हुए कहा कि कई बार शिकायत की,लेकिन सुनवाई नहीं हो रही।किसानों ने सिंचाई विभाग और जिला प्रशासन से मांग की है,कि नारायणपुर माइनर में तत्काल जल आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाए। अन्यथा वे आंदोलन करने को विवश होंगे।

## निजी नर्सिंग होम में मरीज की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

परिजनों ने इलाज में लापरवाही का लगाया आरोप मरीज की मौत के बाद अस्पताल प्रशासन मौके से हुआ फरार कुल्हे के ऑपरेशन के लिए मरीज को लाया गया था निजी नर्सिंग होम 22 जुलाई को निजी नार्सिंग होम में करवाया गया था भर्ती 23 जुलाई को मरीज बलबीर सिंह का हुआ था ऑपरेशन ऑपरेशन के बाद मरीज की हालत बिगड़ी,फिर हुई मौत परिजनों ने निजी नर्सिंग होम के बाहर शव रखकर किया प्रदर्शन मौके पर पहुँची पुलिस ने शव को लिया कब्जे में जांच का आश्वासन देकर परिजनों को करवाया शांत परिजनों ने डॉक्टर व स्टॉफ पर कार्रवाई की मांग की शहर कोतवाली क्षेत्र के जेजे प्लाजा के पास स्थित डॉ एस एम सिंह के नर्सिंग होम का मामला अब सवाल सिर्फ विकास का नहीं है, बल्कि भरोसे का है – और रायबरेली की जनता इस भरोसे की बहाली की प्रतीक्षा कर रही है।

# बिजली, पानी, सड़क और खाद जैसी मूलभूत समस्याओं के बीच जूझती जनता को चाहिए जवाबदेह नेतृत्व

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

राजनीतिक दृष्टि से देश के मानचित्र पर विशिष्ट पहचान रखने वाला रायबरेली जिला आज भी अनेक बुनियादी समस्याओं के बोझ तले दबा हुआ है। यहां की जनता वर्षों से एक ऐसे जनप्रतिनिधि की तलाश में है, जो सिर्फ चुनावी भाषण न दे, बल्कि वास्तव में ज़मीनी स्तर पर काम करे, लोगों की बात सुने और समाधान की ठोस पहल करे। गांवों में बिजली की अघोषित कटौती अब दिनचर्या बन चुकी है। कई क्षेत्रों में तो बिजली कभी-कभी ही दस्तक देती है। किसानों की सिंचाई, छात्रों की पढ़ाई और घरेलू कार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। जल संकट की स्थिति भी भयावह है – हैंडपंप सूख चुके हैं, लोग फ्लोराइड युक्त पानी पीने को मजबूर हैं।

सड़कों की हालत ऐसी है कि बरसात में कीचड़ और गड्ढे मिलकर राहगीरों का रास्ता बंद कर देते हैं। कई संपर्क मार्ग तो ऐसे हैं, जिन पर चलना जान



जोखिम में डालने जैसा है। खाद की किल्लत ने तो किसानों की कमर ही तोड़ दी है – यूरिया और डीएपी के लिए लंबी-लंबी कतारें लगती हैं, लेकिन जरूरत के मुताबिक आपूर्ति नहीं होती। इन विकराल समस्याओं के बीच सबसे बड़ा सवाल यह है – कहां हैं हमारे जनप्रतिनिधि? क्या उन्हें जनता की ये पीड़ा दिखाई नहीं देती? क्या उनका काम सिर्फ चुनाव जीतना और भाषण देना भर है? रायबरेली की जनता अब कोरी घोषणाओं और आश्वासनों से ऊब चुकी है। अब जरूरत है ऐसे नेतृत्व की जो वास्तव में संवेदनशील हो, सक्रिय हो और जनसमस्याओं के समाधान को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता माने।

जनता अब ऐसा प्रतिनिधि चाहती है जो हर मोर्चे पर खड़ा हो – सड़क से लेकर सदन तक – और आवाज़ बने उस आम आदमी की जिसे अब तक अनसुना कर दिया गया। यह वक्त है आत्ममंथन का। रायबरेली की सियासत को अब दिखावे से निकलकर जवाबदेही की ओर बढ़ना होगा। यहां की जनता को चाहिए एक ऐसा जनप्रतिनिधि, जो कागज़ी योजनाओं से नहीं, ज़मीनी काम से विश्वास अर्जित करे। जो बिजली, पानी, सड़क और खाद जैसी मूलभूत आवश्यकताओं पर गंभीरतापूर्वक काम करे।

## व्यापार बंधु की बैठक कर सुनीं समस्याए

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कलेक्ट्रट सभागार में जिला व्यापार बंधुओ की बैठक की। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने उनकी समस्याएं सुनीं। बैठक में व्यापारी बंधुओं ने अपनी सड़क, पानी, बिजली, शौचालय और सुरक्षा संबंधी समस्याएं रखी। गल्ला मण्डी में अतिक्रमण की समस्या पर भी चर्चा हुई। जिसके संबंध में विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि समयान्तर्गत समस्याओं का निस्तारण कराया जाए। व्यापारियों को अनवरत बिजली उपलब्ध कराई जाए। ओवर रीडिंग बिजली बिलों की शिकायत का समय से निस्तारण कराया जाए। महिलाओं की सुविधा के लिए महिला शौचालय निर्माण कराया जाए और चिन्हित स्थानों पर डस्टबीन भी रखा जाए।

# दर्दनाक हादसे में किसान की गई जान परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

जिले के जगदीशपुर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत चौथीपुर गांव के पास शुक्रवार को जगदीशपुर- रायबरेली मार्ग पर एक भीषण सड़क हादसे में 55 वर्षीय श्रीमौर्य की मौके पर ही मौत हो गई। यह दुर्घटना तब हुई जब वे अपनी बाइक से किसी कार्य से जा रहे थे, तभी रायबरेली की ओर से आ रही तेज रफ्तार एसयूवी कार ने उन्हें सामने से टक्कर मार दी। श्री मौर्य पेशे से एक किसान और मेहनतकश व्यक्ति रहे। गांव में उनकी पहचान एक शांत, मिलनसार और मेहनती इंसान के रूप में थी। वे अपने परिवार के एकमात्र कमाऊ सदस्य थे और परिवार के आर्थिक जिम्मेदारियों का पूरा बोझ अकेले ही उठाते थे। हादसा इतना भयानक था कि टक्कर के बाद बाइक के परखच्चे उड़ गए।और श्रीमौर्य की मौके पर ही मौत हो गई।कार की रफ्तार इतनी तेज थी कि वह टक्कर के बाद सड़क से करीब सौ फीट दूर गड्ढे में जा गिरी।जानकारी के अनुसार, कार का एयरबैग खुलने के कारण उसमें बैठे लोग बाल-बाल बच गए, लेकिन सभी मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही जगदीशपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा व पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी गई।पुलिस ने कार को जब्त कर लिया है। और फरार आरोपी चालक की तलाश में जुटी है। इस हादसे ने न सिर्फ एक परिवार को बेसहारा कर दिया, बल्कि पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। घटना की सूचना मिलते ही जगदीशपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा व पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी गई।पुलिस ने कार को जब्त कर लिया है।और फरार आरोपी चालक की तलाश में जुटी है।इस हादसे ने न सिर्फ एक परिवार को बेसहारा कर दिया,बल्कि पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। ग्रामीणों के अनुसार श्रीमौर्य एक सीधे-साधे इंसान थे,जो अपने परिवार के भविष्य को संवारने में जुटे थे।उनकी असमय मृत्यु ने परिजनों को गहरा आघात पहुंचाया है।स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि दोषी वाहन चालक को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर कठोर सजा दी जाए,और पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा एवं सहायता दी जाए।जगदीशपुर थाना प्रभारी धीरेंद्र यादव ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## व्यापार बंधु की बैठक कर सुनीं समस्याए

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कलेक्ट्रट सभागार में जिला व्यापार बंधुओ की बैठक की। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने उनकी समस्याएं सुनीं। बैठक में व्यापारी बंधुओं ने अपनी सड़क, पानी, बिजली, शौचालय और सुरक्षा संबंधी समस्याएं रखी। गल्ला मण्डी में अतिक्रमण की समस्या पर भी चर्चा हुई। जिसके संबंध में विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि समयान्तर्गत समस्याओं का निस्तारण कराया जाए। व्यापारियों को अनवरत बिजली उपलब्ध कराई जाए। ओवर रीडिंग बिजली बिलों की शिकायत का समय से निस्तारण कराया जाए। महिलाओं की सुविधा के लिए महिला शौचालय निर्माण कराया जाए और चिन्हित स्थानों पर डस्टबीन भी रखा जाए।

# फूलनदेवी अन्याय, अत्याचार के खिलाफ संघर्ष की प्रतिमूर्ति थी: समरजीत कश्यप

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

महर्षि कश्यप समाज कल्याण समिति के तत्वाधान में विश्व की चौथी व देश की प्रथम क्रान्तिकारी महिला एवं पूर्व सांसद वीरांगना फूलनदेवी का शहादत दिवस बड़े ही धूम-धाम से मनाया गया। उक्त कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष अनिल कुमार कश्यप ने कहा कि न्याय और संघर्ष की प्रतीक व अत्याचारियों को मूँह-तोड़ जवाब देने वाली वीरांगना को नमन करता हूँ, ऐसी महान शख्सियत सदियों में अवतरित होती हैं। समिति के सचिव एवं पूर्व प्रधान समरजीत कश्यप ने कहा कि फूलनदेवी अन्याय, अत्याचार के खिलाफ संघर्ष की प्रतिमूर्ति थीं। उनके संघर्षों के कारण विश्व में चौथा स्थान अपने संघर्ष के बल पर प्राप्त किया है। देश की



महिलाओं को उनके संघर्ष से सीख लेनी चाहिए।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से संरक्षक हनोमान, इं. हीरालाल निषाद, गनेश प्रसाद कश्यप, कोषाध्यक्ष अयण कुमार कश्यप, दिलीप कुमार, गुलशन कुमार कश्यप, राम बहादुर कश्यप के अलावा मीडिया प्रभारी चन्द्र प्रकाश कश्यप के साथ-साथ आदि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# बारिश में कैंट से अयोध्या धाम तक सड़क और गलियां लबालब

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

आखिरकार शुक्रवार को मूसलाधार बारिश का इंतजार खत्म हो गया। आसमान में छाए बादल झूमकर बरसे। करीब एक घंटे तक हुई 40 मिमी बारिश में अयोध्या कैंट से अयोध्या धाम तक सड़क और गलियां लबालब हो गईं। शहर के कई निचले इलाकों में लोगों के घरों में पानी घुस गया। जलभराव के चलते स्थानीय निवासियों के साथ श्रद्धालुओं को आवागमन में काफी परेशानी हुई।

शुक्रवार को 1.30 बजे के करीब अचानक आसमान में बादल घिर आए। इसके बाद झमाझम बारिश शुरू हो गई। करीब एक घंटे तक मूसलाधार बारिश होती रही। इसके बाद इसकी गति धीमी पड़ गई लेकिन बादल नहीं छटे और फुहारें पड़ती रहीं। इसके चलते करीब एक सप्ताह से भीषण गर्मी झेल रहे लोगों को काफी राहत मिली।

एक तरफ मौसम के मिजाज में आए बदलाव ने राहत दी तो दूसरी तरफ शहर में हर तरफ हुए भारी जलभराव ने दुश्वारियां पैदा कर दी। हर कोई इसके चलते परेशान हुआ। अयोध्या कैंट में साहबगंज समेत कई निचले इलाकों में लोगों के घरों में बारिश का पानी प्रवेश कर गया। इसके अलावा बेनीगंज आईटीआई के सामने अवधपुरी कॉलोनी फेज-तीन को जाने वाला मार्ग लबालब हो गया। यही स्थिति लक्ष्मणपुरी कॉलोनी, अमानीगंज जलकल के सामने, इस्माइलगंज, वजीरगंज, देवकाली तिराहा, बेनीगंज मार्ग, रीडगंज आंख अस्पताल के सामने, मेवातीपुरा, नाका मकबरा, लालबाग, टकसाल, महाजनी टोला, बल्लाहाता, ऋषि टोला, कसाबबाड़ा मार्ग, फतेहगंज और कंधारी बाजार में रही। अयोध्या धाम में टेढ़ी बाजार चौराहे से राम जन्मभूमि थाना मार्ग, सब्जी मंडी मार्ग, अशर्फी भवन मार्ग व मणिरामदास छावनी मार्ग समेत कई मार्गों और गलियों में भारी जलभराव हो गया। इसके चलते रामलला के दर्शन के लिए आए श्रद्धालुओं और कांवड़ियों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। श्रीराम अस्पताल परिसर भी लबालब हो गया। इससे मरीज और तीमारदार काफी परेशान हुए। जलवानपुरा में भी पानी भर गया। रामपथ पर कई स्थानों पर पानी भर गया। यह अलग बात है कि बारिश थमने के बाद धीरे-धीरे जल निकासी हो गई।

महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी व नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार के निर्देशन में नगर निगम ने बारिश के बाद जलभराव वाले क्षेत्रों में जल निकासी अभियान चलाया। इसके माध्यम से कई स्थानों पर जल निकासी सुनिश्चित कराई गई। नगर क्षेत्र के विभिन्न जलभराव प्रभावित स्थलों पर दो दर्जन से अधिक पंप लगाए गए हैं। जलवानपुरा में चार और चौधरी चरण सिंह घाट पर तीन पंपों सहित अन्य जलभराव वाले क्षेत्रों में पंप लगाकर जल निकासी कराई गई। नगर निगम का दावा है कि रामपथ, दर्शन पथ व भक्ति पथ पर एक घंटे के भीतर जल निकासी कराई गई।

## जिला स्तरीय उद्योग बंधु/जिला स्तरीय एमओयू कियान्वयन इकाई की बैठक कलेक्ट्रट सभागार में सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

डीएम हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु की बैठक कलेक्ट्रट सभागार में हुई। बैठक का मुख्य एजेंडा उद्यमियों की समस्या पर विचार, औद्योगिक क्षेत्र में आरओबी के नीचे सड़क,नाला व अतिक्रमण, एनएच पर ड्रेनेज से पानी निकासी,यूपीसीडा की भूमि पर औद्योगिक गतिविधियों की बहाली, अभयदाता मंदिर की सड़क मरम्मत व अप्रेंटिसशिप पोर्टल पर पंजीकरण आदि रहा।

बैठकों में डीएम ने उद्यमियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने औद्योगिक क्षेत्रों में विकास, उद्यमियों की समस्याओं का समाधान और विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ उद्यमियों तक पहुंचाने का निर्देश संबंधित को दिया। इसके अतिरिक्त, बैठक में निवेश मित्र पोर्टल की भी समीक्षा की गई और औद्योगिक क्षेत्रों में आधारभूत समस्याओं पर भी चर्चा हुई।

# डीएम ने वीर नारियों एवं कारगिल युद्ध में प्रतिभाग किए हुए पूर्व सैनिकों को किया सम्मानित

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

26वें कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष में 7 कुमाऊँ रेजिमेन्ट/मध्य कमान सेना मुख्यालय, लखनऊ के तत्वावधान में बचत भवन सभागार में जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में वीर नारियों एवं कारगिल युद्ध में प्रतिभाग किये हुये पूर्व सैनिकों के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 7 कुमाऊँ रेजिमेन्ट के मेजर रोहित सेठी के नेतृत्व में एक मोटर साइकिल रैली, लखनऊ से बाराबंकी, सीतापुर, हरदोई जनपदों से होकर रायबरेली तक आयोजित की गयी।

मोटर साइकिल रैली का समापन 26 जुलाई 2025 को मध्य कमान के स्मृतिका युद्ध स्मारक लखनऊ पर होगा। कार्यक्रम में जिलाधिकारी द्वारा वीर नारियों एवं पूर्व सैनिकों को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया तथा इस अवसर पर पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों के कल्याणार्थ जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास



कार्यालय में स्पर्श पेंशन विभाग, ई0सी0एच0 एस0 मेडिकल कैम्प, राजपूत रेजिमेन्ट, 11 जी0आर0 आर0सी0 तथा ए0एम0सी0 सेन्टर के रिकार्ड कार्यालयों एवं कैम्प लगाकर पूर्व सैनिकों की समस्याओं का समाधान भी किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, कमान अधिकारी 66 बटालियन एन0सी0 सी0, अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिंहा सहित जनपद के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके परिवार के सदस्य भी अधिक संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की समाप्ति पर कैप्टन (नौसेना) अतुल्य दयाल (अ0प्रा0) जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी, रायबरेली द्वारा सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।



**कचगांव में मानक को ताख पर रखकर कराया...**

जिले के नगर पंचायत कजगांव के माधोपट्टी वार्ड में नाली निर्माण का कार्य लगभग एक माह के अन्दर कराया गया है। नागरिकों का आरोप है नाली निर्माण कार्य पूरी तरह... शेष पेज 10 पर...

# श्री नंदलाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज विष्णुपुरी में 60 मेधावी छात्रों को किया गया सम्मानित

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर




विष्णुपुरी स्थित श्री नंदलाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज कानपुर में अवसर पढ़ने वाले मेधावी छात्र का अलंकरण समारोह संपन्न हुआ। जिसमें 60 मेधावियों को छात्रवृत्ति ट्रापी तथा मोमेंटो प्रदान कर उनकी मेधा को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महेंद्र नाथ सम्भरवाल की पूर्व पुलिस महानिदेशक जम्मू कश्मीर ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्?घाटन किया। मुख्य अतिथि जी का स्वागत परिचय एवं अभिनंदन प्रधानाचार्य जी ने किया। धन्यवाद ज्ञापन उप प्रधानाचार्य प्रिपा मिश्रा ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री ज्ञान सिंह जी ने विद्यालय की प्रगति व्याख्या प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि जी अपने संबोधन में कहा कि मेधावी छात्रों में संघर्ष, अनुशासन तथा अपने लक्ष्य को पाने का सामर्थ होता है जिसके कारण वह मेधावी बनते हैं। हम सभी को उनके जीउन से सीख लेनी चाहिए। मुख्य अतिथि जी ने सर्वप्रथम एच. एन. सम्भरवाल जी छात्रवृत्ति के अंतर्गत यूपी बोर्ड हाई स्कूल परीक्षा में विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले चिरंजीवी अग्रिम त्रिवेदी (95प्रतिशत) को आरएस10000 की तथा वही चि0 जयभारती (94प्रतिशत) को आरएस8000 की छात्रवृत्ति तथा ट्रॉफी प्रदान की। इसी क्रम में अंशिका पादव (92प्रतिशत) अनन्या वर्मा (91प्रतिशत), वेदांत मिश्रा (91प्रतिशत), सक्षम (91प्रतिशत), ऐश्वर्या चंद्र (90प्रतिशत को ट्रॉफी प्रदान की। इसी तरह धैर्य द्विवेदी (89प्रतिशत), दिव्यांश जैन (89प्रतिशत), वैष्णवी खरवार (8प्रतिशत), अक्षत कुमार (88प्रतिशत), स्वास्तिका वर्मा (88प्रतिशत), आयुष पड़ाव (88प्रतिशत), आकृति शर्मा (88प्रतिशत), नमन यादव (88प्रतिशत), अनाहिता गुप्ता (87प्रतिशत), सुमाइला (87प्रतिशत), स्वास्तिक मिश्रा (86प्रतिशत), अंशू कुमार गुप्ता (86प्रतिशत), जानवी सिंह (86प्रतिशत), अक्षत गुप्ता (86प्रतिशत), हीरा नाज़ (86प्रतिशत), अनिकेत कृष्ण पड़ाव (86प्रतिशत), आयशा (85प्रतिशत), अदिति केशरवानी (85प्रतिशत), कीर्ति वर्मा (85प्रतिशत), अमन दिवाकर (85प्रतिशत), अनन्या पड़ाव (85प्रतिशत), सौम्या पटेल (85प्रतिशत), आदर्श गुप्ता (84प्रतिशत), पाश चौधरी (84प्रतिशत), जीशान अंसारी (84प्रतिशत), आध्या कश्यप (84प्रतिशत), विधि सोनकर (84प्रतिशत) दिशा (84प्रतिशत) आलिया अमान अंसारी (84प्रतिशत), कृष्णा राठी (84प्रतिशत), अली मूसा रिज़वी (33प्रतिशत), अनुष्का पड़ाव (83प्रतिशत), मानवेंद्र सिंह (83प्रतिशत), अदिति सिंह (83प्रतिशत), क्षितिज वर्मा (82प्रतिशत), नैतिक थाहव (82प्रतिशत), अंकित कुमार (81प्रतिशत), अभय कुमार गौतम (81प्रतिशत), रितिक यादव (81प्रतिशत)। मेघा के लिए एन.एल. के.एस. डॉ. अभिषेक चतुर्वेदी, रहे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों ने क्रमशः संचिता कपूर, श्रीमती प्रियंका द्विवेदी (प्रधानाचार्य एनएलके इंटर कॉलेज अशोक नगर) ने भी मेधावियों को संबोधित किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रधानाचार्य जान सिंह, उप प्रधानाचार्य प्रिया मिश्रा, राहुल त्रिवेदी (कोर्डिनेटर), नीता ठाकुर (कोर्डिनेटर), राकेश तिवारी (मीडिया प्रभारी), एक्टिविटी हेड नीरु ढींगरा, डॉ आदित्य सिंह (परीक्षा प्रभारी) सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# मजदूर का शव मिलने पर पुलिस ने आधा दर्जन के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



**बिल्हौर।** बिल्हौर कोतवाली क्षेत्र के मोहम्मद पुर गांव के पास सोनेलाल पुत्र स्वर्गीय घासीराम निवासी खुर्द खोजनपुर उम्र 45 वर्ष शव ग्राम के बगल खेत में पाया गया है।जो दिनांक 23.7 .25 को सुबह 9ः00 बजे घर से काम करने के लिए निकले थे, उस दिन शाम को वापस नहीं आया परिजनों द्वारा अनुमान लगाया गया कि कहीं खेत में काम के लिए रुक गए होगे। केवल आस पास खेतों में तलाश किया गया,इस कारण से कहीं सूचना नहीं किया ,आज सुबह मृतक के परिजनों द्वारा 112 पर सूचना दिया गया। घटना स्थल पर फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया सैंपलिंग कर प्रदर्श लिया गया। परिजनों द्वारा हत्या किए जाने की आशंका व्यक्त किया गया है। शव का पंचायतनामा कर पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया। मृतक की पत्नी छुन्नी देवी की तहरीर के आधार पर मु अ स 290 /25 धारा 191(2)103(1) 351(3) बनाम 1.अविनाश पुत्र राम रतन 2. विनय पुत्र राम रतन 3.दिनेश पुत्र राम रतन 4.रामू पुत्र मिजाजीलाल 5.मनीष पुत्र छुन्ना दोहरे 6. छुन्ना दोहरे पुत्र शिवलाल निवासीगढ़ खुर्द खोजनपुर थाना बिल्हौर कानपुर नगर के विरुद्ध पंजीकृत हुआ है। कुछ लोगों को पूछतांछ हेतु लाया गया है,सबूत संकलन के आधार पर विधिक कार्यवाही की जाएगी । कोतवाली प्रभारी अशोक कुमार सरोज ने बताया कि पूछताछ के लिए कुछ लोगों को उठाया गया है और पत्नी की तहरीर पर छह लोगों पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

# बिल्हौर विधानसभा अध्यक्ष की समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन



जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

बिल्हौर विधानसभा अध्यक्ष इं विनय यादव की अगुवाई में समाजवादी पार्टी कानपुर ग्रामीण ने क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी, कानपुर नगर कार्यालय पहुंचकर एसीएम ज्वाला प्रसाद यादव को ज्ञापन सौंप कर घटनाओं के बारे में विस्तार से बता कर ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में इंगित की गई समस्याओं पर तत्काल ध्यान देने और उनके समाधान की मांग की गई है। ज्ञापन में इं विनय सिंह यादव, अध्यक्ष 209 बिल्हौर विधानसभा, राजेंद्र प्रसाद पाल, प्रदेश सचिव मजदूर सभा, कन्हू नाथ भारतीय, राष्ट्रीय सचिव, राम कुमार, प्रदेश सचिव समाजवादी पार्टी अम्बेडकर वाहिनी, और वीरेंद्र वर्मा, राष्ट्रीय सचिव समाजवादी लोहिया वाहिनी सहित कई पदाधिकारियों के हस्ताक्षर हैं। कार्यालय पहुंचकर उन्होंने सूचना की सूचना पर ज्ञापन में उठाई गई प्रमुख समस्याएँ इस प्रकार हैं

**राजमार्ग पर आवारा पशुः** नवनिर्मित नेशनल हाईवे बिल्हौर से कानपुर पर निगरानी व्यवस्था सही न होने के कारण आवारा पशु राजमार्ग पर आ जाते हैं, जिससे गंभीर दुर्घटनाएं हो रही हैं और जनहानि हो रही है।

**यात्रियों की परेशानी:** बेला से लाठी रोड सरसौल, फत्तेपुर, हसे को प्रमुख मार्ग जैसे गदनपुर, शिवराजपुर, उसीपुर, बिल्हौर, अरौल में लाइट बोर्ड व सेक्शन के कारण यात्रियों को उतरने-चढ़ने में दिक्कत होती है।

**ध्वस्त हाईवे लाइटें:** नवनिर्मित नेशनल हाईवे पर जन भवन और हाइवेनाक लाइटें ध्वस्त हो गई हैं, जिन्हें तुरंत ठीक कराया जाना चाहिए।

**परिवहन बसों की अनियमितता:** उत्तर प्रदेश परिवहन की बसें बिल्हौर, शिवराजपुर, चौबेपुर में समय पर नहीं आतीं और यात्रियों को हाईवे पर ही उतार दिया जाता है। देर रात महिला यात्रियों के लिए सुरक्षा का कोई विकल्प नहीं होता और हाईवे पर भी प्रकाश की व्यवस्था नहीं है।

**रेस्ट एरिया का अभाव:** नवनिर्मित हाईवे पर अभी तक रेस्ट एरिया नहीं बना है, जिससे शौचालय और जलपान गृह जैसी मूलभूत सुविधाओं की कमी है। इन्हें जल्द से जल्द चालू किया जाना चाहिए।

**ई-बसों का संचालन:** बिल्हौर विधानसभा के ककवन, बिल्हौर, अरौल में सामुदायिक ई-बसों का संचालन शुरू किया जाए।

**प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में स्टाफ की कमी:** ककवन ब्लॉक के ग्राम पंचायत में करोड़ों रुपये से निर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, जो तीन जिलों की आबादी को जोड़ेगा, उसमें पर्याप्त स्वास्थ्यकर्मी और डॉक्टर न होने के कारण स्थिति चिंताजनक है।

**प्राथमिक विद्यालयों को बंद करना:** बिल्हौर विधानसभा में 200 से अधिक प्राथमिक विद्यालयों को बंद किया जा रहा है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चे शिक्षा से वंचित हो सकते हैं। विद्यालयों को बंद न करने की मांग की गई है।

**मार्ग दुर्घटना पीड़ितों को आर्थिक मदद:** बिल्हौर विधानसभा के तीन व्यक्तियों - सफीपुर कटियार, नितिन कटियार और संदीप यादव - की मार्ग दुर्घटना में मृत्यु हो गई है, और उनके परिवारों की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। शासन से प्रत्येक गरीब परिवार को 5-5 लाख रुपये की आर्थिक मदद दिलाने की मांग की गई है।

**औद्योगिक क्षेत्र का विकास:** ककवन ब्लॉक के औरंगाबादपुर में औद्योगिक क्षेत्र के लिए जगह होने के बावजूद उद्योग स्थापित नहीं हो सका है, जिससे क्षेत्र के लोग मजदूरी के लिए बाहर जाते हैं। जल्द से जल्द उद्योग स्थापित करने की मांग की गई है।

समाजवादी पार्टी ने जिलाधिकारी से इन समस्याओं पर गंभीरता से विचार करने और उनके त्वरित समाधान के लिए उचित कदम उठाने का आग्रह किया है।

## लोधन पुरवा गांव के सामने कार की टक्कर में मोटर साइकिल सवार गंभीर कानपुर रिफर

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

**बिल्हौर।** तहसील क्षेत्र के औरौतिहरपुर गांव निवासी मोनू 25 वर्षीय पुत्र बबलू अपने भाई शिवम की दवा बिल्हौर से लेकर अपने गांव जा रहा था लोधनपुरा गांव के सामने देसी शराब ठेका के सामने भीड़ अधिक होने की वजह से कार मोटरसाइकिल की जोरदार टक्कर में मोटरसाइकिल सवार मोनू गंभीर रूप से घायल हो गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां पर घायल के ताऊ सुरेश कुमार ने बताया कि अभी मोनू के भाई को कानपुर से छुट्टी कराकर गांव पहुंचा हम लोगों की माली हालत ठीक नहीं है बहुत पैसा लगा है उनके भाई को बचाने में वहीं पर मौके पर मौजूद डॉक्टर ने बताया कि सर में अधिक चोट है और अभी वह बेहोशी की हालत में है प्राथमिक उपचार के बाद में कानपुर रेफर कर दिया है।

## बिल्हौर सीएचसी अधीक्षक गांव-गांव जाकर आशा बहू और टीम के साथ में सरकारी योजनाओं की जांच करते

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



बिल्हौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक की कुर्सी का चार्ज जब से डॉक्टर धर्मेंद्र राजपूत को मिला है। उसकी पिछली मैंने कि जिले में सबसे खराब सीएससी बिल्हौर की दर्शी गई थी जिलाधिकारी की मीटिंग में और सीएमओ की रिपोर्ट के बाद में नया अधीक्षक ने हर जगह की रिपोर्ट सही करने के लिए रात दिन एक करके गांव गांव जाकर टीमों के साथ में आशा बहू की हकीकत परख रहे हैं कि सरकारी योजनाएं गांव तक पहुंच रही हैं टीकाकरण हो रहा है एएनएम अपने दायित्व का निर्वाह कर रहे हैं उनका कहना है कि इस मा जिले में स्थिति सबसे बेहतर रखने की लिए पूरी टीम हमारे प्रयास कर रही है वहीं पर सुबह से आकर ही बैठ जाना और उपस्थिति रजिस्टर में सभी के हस्ताक्षर सामने कर रजिस्टर को अपने कब्जे में रखना जिससे कोई भी हस्ताक्षर दूसरे के हस्ताक्षर न बन सके प्रत्येक स्टाफ को उसका काम करने का तरीका और उसकी शिकायतों पर विशेष ध्यान दे रहे हैं जिससे शिकायतें कम हो और जनता को सारी योजनाओं के बारे में जानकारी और लाभ मिल सके। शुक्रवार को 4ः00 बजाने से पहले ही टीम अस्पताल से जाती दिखी तो फोन कर वापस बुलाया कि अभी हम बैठे हैं इससे पहले जाने का क्या मतलब समय से आए और समय से ड्यूटी करें अपने आप को बदलें वरना कार्रवाई करने पर हम मजबूर होंगे।

## बहू ने अपनी सास को दो लोगों के साथ मिलकर जमकर पीटा, पीड़िता ने पुलिस को दिया प्रार्थना पत्र

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

**परियर।** सफीपुर कोतवाली के परियर चौकी क्षेत्र के मरौदा मझवारा में सास और बहू के अनबन के चलते बहू ने अन्य दो लोगों के साथ सुरेश लोधी, और उनकी पत्नी मरौदा सूचित निवासी ने मिलकर अपनी सास को घर में अकेला पाकर तीनो लोगों ने मारपीट की। इस दौरान बड़ा बेटा बलवंत खेत पर था और दूसरा भाई बाहर नौकरी करता है। मोहल्ले वालों ने सोर सुनाई देने से मौके पर पहुंचे तब तक पहले ही हमलावर भाग निकले, और बहू साधना ने अपने मायके वालों को बुलाकर गाली-गलौज के बाद अपनी बेटी को लेकर अपने मायके चली गई। बलवंत ने अपनी माँ की गंभीर हालत देखकर निजी अस्पताल में भर्ती कराया और परियर चौकी पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर तीनों आरोपी के खिलाफ साधना, सुरेश लोधी, सुरेश की पत्नी मरौदा सूचित निवासी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।इस सम्बन्ध मे परियर चौकी प्रभारी ने बताया दूसरे पक्ष को बुलाया गया है आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## काशीराम अस्पताल के सीएमएस पर स्टाफ नर्स ने रिश्वत और धमकी के लगाये गंभीर आरोप

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।** कांशीराम अस्पताल में स्टॉफ नर्स ने सीएमएस पर डिलीवरी के लिए रिश्वत लेने का गंभीर आरोप लगाया है। गायनी विभाग की स्टॉफ नर्स इंचार्ज मंजू गुप्ता ने डिलीवरी के लिए मुख्य चिकित्सा अधीक्षक काशीराम अस्पताल नवीन चंद्र पर रूपये लेने का गंभीर आरोप लगाया है। मंजू गुप्ता का कहना है कि उन्हें ट्रेनिंग के नाम पर उनके पद से हटाने का दबाव बनाया जा रहा है, क्योंकि वह सीएमएस को रिश्वत नहीं देतीं। वर्तमान में इंचार्ज के पद पर तैनात हैं, वे सीएमएस को पैसे देती हैं। उन्होंने कहा कि मैं पैसा नहीं देती तो मुझ पर दबाव बनाया जाता है और मुझे धमकाया जाता है कि अगर हर महीने पैसे दोगे, तो नौकरी बचेगी।

## बिल्हौर ब्लॉक का उच्च प्राथमिक विद्यालय नसिरापुर का मैदान ऐसा दिखा, जैसे घर आंगन

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर




बिल्हौर तहसील क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय नसीरपुर में सुबह 8ः28 पर पहुंचने पर देखा फील्ड में वह साफ सफाई और व्यवस्थित पेड़ दिखे जिसको देखकर यह लगा कि जैसे हम घर के आंगन में हो वहीं पर इंचार्ज प्रधानाध्यापक पंकज कटियार सहायक अध्यापिका सरिता कटियार और अपूर्व भारती अपने कक्ष में बच्चों को पढ़ाते मिले बच्चों की उपस्थिति संख्या रजिस्टर में अंकित संख्या बराबर मिली सभी बच्चे उपस्थित इस संबंध में प्रधानाध्यापक पंकज कटियार से बुलाकर पूछा तो उन्होंने अपनी कक्षा से निकल कर बताया कि यह जो भी साफ सफाई और सज्जा आपको ग्राउंड में दिखाई पड़ रही है इसका श्रेय मुझे नहीं मेरे बच्चों मेरे स्टाफ और प्रधान अरविंद कटियार को जाता है हम सब ने मिलकर इसको एक घर के आंगन की वाटिका के रूप में सजाया है जिसमें बच्चे कोई भी कूड़ा कूड़ा के स्थान पर ही डालते हैं और अध्यापक भी बच्चों पर नजर डालते हैं वहीं पर ग्राम प्रधान भी एक बार जरूर स्कूल आकर बच्चों को समझा कर जाते हैं कि कहीं पर भी गंदगी नहीं दिखाई पडना चाहिए विद्यालय देखकर यह लगा कि सभी गांव में इसी तरह से विद्यालय के अध्यापक, बच्चे, प्रधान सिर्फ एक दूसरे के सहयोग करे है कि हमको विद्यालय को खूबसूरत बनाना है ना कि मोबाइल पर पूरे दिन लगे रहना और कुर्सियां तोड़ना है इस विद्यालय में जाकर देखने योग्य और सीखने योग्य या बहुत सी सारी चीज हैं जो अध्यापक पहुंच कर अपने विद्यालय में भी कर सकते हैं खंड शिक्षा अधिकारी रवि कुमार सिंह ने बताया कि पिछले दिनों लखनऊ से शिक्षा विभाग की टीम आई थी जिसमें अधिकारी ने एक बच्ची को गुप्त इनाम भी दिया था।

## सांसद रमेश अवस्थी ने की केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



कानपुर के समग्र विकास पर हुई सार्थक चर्चा आज नई दिल्ली स्थित संसद भवन में कानपुर के सांसद रमेश अवस्थी ने भारत सरकार के यशस्वी गृह मंत्री अमित शाह जी से भेंट की। यह भेंट सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में हुई, जिसमें कानपुर के समग्र विकास को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। सांसद श्री अवस्थी ने गृह मंत्री को कानपुर में चल रहे प्रमुख विकास कार्यों की बिंदुवार जानकारी दी, जिनमें बुनियादी ढांचे का विस्तार, ट्रैफिक समाधान, स्मार्ट सिटी परियोजनाएं, औद्योगिक विकास, स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार, और गंगा किनारे विकसित किए जा रहे रिवर फ्रंट जैसी योजनाएं शामिल थीं। इसके अतिरिक्त उन्होंने पूर्ण हो चुके कार्यों जैसे नए फ्लाईओवरों का निर्माण, रेलवे स्टेशन का आधुनिकीकरण, नगर निगम क्षेत्र में सफाई व्यवस्था में सुधार आदि का उल्लेख करते हुए गृह मंत्री को अवगत कराया। श्री अवस्थी ने इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह को कानपुर आने का औपचारिक निमंत्रण भी दिया। गृह मंत्री ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि ÷मैं जल्द ही कानपुर आऊंगा।÷

सांसद रमेश अवस्थी ने बताया कि यह मुलाकात कानपुर की प्रगति के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का एक और उदाहरण है। उन्होंने विश्वास जताया कि केंद्र सरकार के सहयोग से आने वाले समय में कानपुर विकास की नई ऊँचाइयों को छुएगा।

## डिप्रेशन के शिकार ट्रांसपोर्टर ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



बर्रा थाना क्षेत्र के अंतर्गत डिप्रेशन के कारण ट्रांसपोर्टर ने देर रात फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। शुक्रवार सुबह पत्नी सोकर उठी तो बगल के कमरे में उसका शव फंदे पर लटकता हुआ देखकर मानो उसके होश उड़ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य इकट्ठा किए हैं। सूत्रों के मुताबिक बर्रा -3 एमआईजी में रहने वाले ऋषि टंडन उम्र 52 वर्ष ट्रांसपोर्टर का भौती में ट्रांसपोर्ट का ऑफिस है। परिवार में पत्नी सुमन और बेटा विभाष और एक बेटी कनक है। बेटे ने बताया कि स्वास्थ्य खराब होने के चलते दीपावली से वह बीमार चल रहे थे। इस कारण वह ऑफिस नहीं जा पा रहे थे। व्यापार में नुकसान होने की वजह से वह डिप्रेशन में भी चले गए थे। इससे परेशान होकर ऋषि ने गुरुवार की रात बगल के कमरे में फांसी के फंदे से लटक कर अपने जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे बर्रा थाना प्रभारी नीरज ओझा ने बताया कि ट्रांसपोर्टर ने डिप्रेशन से परेशान होकर आत्महत्या की है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है। मौके पर फॉरेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य इकट्ठा किए गए हैं। बाकी पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## पत्नी का मर्डर करने वाले पति को उम्र कैद

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

बर्रा थाना क्षेत्र में अवैध संबंधों के शक के कारण पत्नी की हत्या कर शव को बक्से में छिपाने वाले पति को एडीजे -1 की कोर्ट ने दोषी ठहराते हुए उम्र कैद की सजा सुनाई है। मार्च 2021 में बच्चों के ट्यूशन पढ़ने जाने के बाद पति ने घटना को अंजाम दिया था। साक्ष्य मिटाने के लिए युवक ने घर में सरसों के तेल और पानी से धुलाई की थी। शो की सड़ाध आने पर पड़ोसियों ने मृतक्रा के परिजनों को घटना के बारे में सूचना दी थी। परिजन पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे इसके बाद घटना का खुलासा हुआ था। आपको बताते चलें मामले में वादी पुरुषोत्तम सविता ने बताया कि उसकी बहन मधु श्रीवास्तव की शादी 20-22 साल पहले जरौली फेस-2 ईडब्ल्यूएस कॉलोनी के रहने वाले सतीश श्रीवास्तव के साथ हुई थी। दंपति आयुर्वेदिक दवा की कंपनी में काम करते थे। उनके दो बेटे पीयूष और आयुष है। पुरुषोत्तम ने बताया कि 21 मार्च 2021 को भांजे पीयूष ने फोन कर बताया कि मामा मां नहीं मिल रही हैं। इसके बाद मधु श्रीवास्तव की तलाश शुरू की गई। तलाश किए जाने पर पूरी घटना सामने आ गई। घटना का खुलासा होने के बाद वा शव मिलते ही सतीश मौके से भागने लगा जिस पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने बताया कि बच्चे ट्यूशन पढ़ने गए थे इसके बाद अवैध संबंधों के शक में उसने पत्नी की हत्या की थी। मामले की सुनवाई करते हुए एडीजे-1 सुदामा प्रसाद की कोर्ट में ट्रायल पर था। कोर्ट में अभियोजन की ओर से आठ गवाह पेश किए गए थे। कोर्ट ने साक्ष्यों के आधार पर आरोपी पति को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास व 25000 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है।

**हत्या करने के बाद पति ने दर्ज कराई गुमशुदगी की रिपोर्ट**

हत्या की घटना को अंजाम देने के बाद निर्दय पति ने पत्नी की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। सतीश को फोन किया तो उसने बताया कि वह औरैया आया है उन्होंने बच्चों और पति के साथ खोजबीन शुरू की लेकिन कोई पता नहीं चला जिसके बाद उन्होंने बर्रा थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। 23 मार्च को घर से दुर्गंध आने पर पड़ोसियों ने जानकारी दी। इसके बाद वह पुलिस के साथ अंदर पहुंचे अंदर जाकर देखा तो बक्से में मधु का शव पड़ा था।

■ आरोपी ने बताया कि बच्चे ट्यूशन पढ़ने गए थे इसके बाद अवैध संबंधों के शक में उसने पत्नी की हत्या की थी

## दीनू के मददगार दो कथित पत्रकारों की भी जांच शुरू

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

कानपुर में बसपा नेता पिंटू सेंगर की हत्या में सोनभद्र जेल में बंद धीरज उर्फ दीनू उपाध्याय के मददगार दो और कथित पत्रकारों की पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। इन पर प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष तौर पर दीनू के साथियों की मदद करने का आरोप है। उनके आर्थिक स्रोत की एलआईयू के स्टाफ से रिपोर्ट तैयार कराई जा रही है जिसमें प्लॉट, घर और व्यावसायिक प्रतिष्ठान शामिल हैं। कुछ चौकी इंचार्जों और थानेदारों की भी जांच की जा रही है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, दो वादियों ने जानकारी दी थी कि उन्होंने जब कब्जे की शिकायत की।

पढ़ें पेज 12 पर...


## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

## आकंठ तक भ्रष्टाचार में डूबी कांग्रेस किस–किस की पैरवी करेगी

**कर्नाटक में खड़गे के बेटे राहुल खड़गे के नेतृत्व वाले सिद्धार्थ विहार ट्रस्ट को आवंटिक एक जमीन में हेरफेर का आरोप लगाया गया था। कर्नाटक में यदि भाजपा की सरकार होती तो खड़गे के खिलाफ भी भ्रष्टाचार का मामला दर्ज हो जाता। कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने संदिग्ध परिस्थितियों में खड़गे के परिवार द्वारा संचालित सिद्धार्थ विहार ट्रस्ट को 5 एकड़ जमीन आवंटित थी। दिलचस्प बात यह है कि 5 एकड़ जमीन (खड़गे परिवार द्वारा चलाए जा रहे ट्रस्ट को) इलाके में अनुसंधान एवं विकास सुविधाओं के लिए नियम तैयार करने के कुछ दिनों भीतर दी गई थी।**

*प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले में शुरुआती चार्जशीट दायर करने पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सरकार पर वाड्रा को जानबूझ कर परेशान करने का आरोप लगाया। भ्रष्टाचार के मामलों में कांग्रेस की हालत इतनी दयनीय हो चुकी है कि राहुल के इस आरोप के चंद दिनों बाद ही ईडी ने छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल को कथित शराब घोटाले में गिरफ्तार कर लिया। ईडी ने भूपेश बघेल के आवास सहित कई स्थानों पर छापेमारी की और महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किए। यह घोटाला 2019-2022 के दौरान लगभग 2161 करोड़ रुपए की अवैध वसूली से जुड़ा है। सवाल यह है कि राहुल, सोनिया और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे आखिरकार किस-किस कांग्रेस के नेता के भ्रष्टाचार के लिए केंद्र सरकार और जांच एजेंसियों को दुर्भावना की कार्रवाई के लिए जिम्मेदार ठहराएंगे।   ईडी ने रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले में शुरुआती चार्जशीट दायर की। इस मामले में ईडी की तरफ से 11 लोगों को आरोपी बनाया गया है। इस मामले पर लोकसभा नेता विपक्ष राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि मेरे जीजाजी को पिछले 10 सालों से इस सरकार की तरफ से परेशान किया जा रहा है। यह आरोपपत्र है, उसी षडयंत्र का ही एक और हिस्सा हैं। रॉबर्ड वाड्रा के खिलाफ ये चार्जशीट शिखोपुर लैंड डील मामले में पेश की गई है। ईडी के मुताबिक वाड्रा ने यहां 3.53 एकड़ महज 7.5 करोड़ रुपये में खरीदी थी, जिसे कुछ ही समय बाद वाड्रा ने 58 करोड़ रुपये में बेच दिया था।   अपने जीजाजी की पैरवी करने से पहले राहुल गांधी शायद यह भूल गए कि सोनिया गांधी और खुद उन पर भी भ्रष्टाचार के गंभीर मामले चल रहे हैं। नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी ने सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अन्य के खिलाफ आरोप पत्र दायर कर चुकी है। नेशनल हेराल्ड मामला कांग्रेस के शासनकाल में शुरू हुआ था। ईडी की चार्जशीट में सोनिया गांधी आरोपी नंबर 1 और राहुल गांधी आरोपी नंबर 2 हैं। आरोप पत्र में कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा और सुमन दुबे को भी मामले में आरोपी बनाया गया है। राहुल गांधी को वाड्रा के मामले में साजिश नजर आती है। लेकिन दूसरे घोटालों के मामलों में कांग्रेस भ्रष्टाचार के मामलों में की चुप्पी साबित करती है कि कांग्रेस अपने अतीत को दोहरा रही है। केंद्र में कांग्रेस की सरकार नहीं हैं, लेकिन जिन गिने-चुने राज्यों में कांग्रेस की सरकार है, वहां से भ्रष्टाचार की सूचनाएं आती रहती हैं। प्रवर्तन निदेशालय ने कोलार-चिक्काबल्लापुर जिला सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ लिमिटेड (कोमूल) की 2023 भर्ती प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं के संबंध में कर्नाटक कांग्रेस विधायक केवाई नानजेगौड़ा की 1.32 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की है। कोलार जिले के मालूर निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले नानजेगौड़ा, कोमुल के अध्यक्ष भी हैं। ईडी के अनुसार कोमुल द्वारा आयोजित भर्ती प्रक्रिया में एक लिखित परीक्षा और एक साक्षात्कार शामिल था, लेकिन पैसे और राजनीतिक सिफारिशों के बदले में इसमें हेरफेर किया गया था। संघीय एजेंसी ने आरोप लगाया कि नांजेगौड़ा की अध्यक्षता वाली भर्ती समिति ने कोमूल के प्रबंध निदेशक के.एन. गोपाल मूर्ति के साथ मिलकर अन्य निदेशकों के साथ मिलकर कुछ कम योग्य उम्मीदवारों को लाभ पहुंचाया, जबकि योग्य उम्मीदवारों को वंचित रखा।*

### एक्सप्रेस आलेख

देश की सुरक्षा से जुड़े एक अन्य प्रकरण में नागपुर जिला अदालत ने 3 जून 2024 को पूर्व ब्रह्मोस एयरोस्पेस इंजीनियर निशांत अग्रवाल को पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी इंटर–सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) को संवेदनशील जानकारी लीक करने के आरोप में आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम के तहत आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। पिछले दो वर्ष वर्ष 2023 एवं 2024 का तुलनात्मक आंकड़ा हमारे सामने हैं ही। जिसमें साफ दिखता है कि 36.40 लाख वित्तीय धोखाधड़ी की शिकायतें पिछले साल आईं किंतु सजा यदि देखें तो आजीवन कारावास 2024 में सिर्फ एक को ही हो सका।

## साइबर अपराधियों को आजीवन कारावास और मृत्यु दंड देने की आवश्यकता



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

**कुल मिलाकर देखें तो आंकड़े बताते हैं कि साइबर अपराध करने के बाद प्राय- अपराधी लम्बे समय तक जेलों में नहीं रहते, वे अक्सर आर्थिक दंड देने के साथ कम समय की सजा पाकर छूट जाते हैं। कई बार साक्ष्यों के आधार पर और कई बार नाबालिग होने की स्थिति में यह छोड़ दिए जाते हैं जिसमें कि अक्सर बाहर आकर ज्यादातर अपराधी फिर से साइबर धोखाधड़ करते हैं।**

किसी भी व्यक्ति के जीवन भर की पूंजी को एक धोखे से छीन लेना वास्तव में यह उसके जीवन के साथ सिर्फ एक छलावा नहीं, उसे जीते जी मार देना है। ऐसे में अपराधियों को कुछ सालों का कारावास या अर्थदण्ड नहीं बलकि उसे जब तक वह जीवित रहे, सलाखों के पीछे जीवन बिताए, यह सजा दी जानी चाहिए। यह सख्ती इसलिए भी जरूरी है ताकि फिर वह कभी किसी दूसरे के साथ धोखा न कर सके। वस्तुत- भारत में साइबर फ्रॉड के आंकड़े आज आम जन को बहुत डरा रहे हैं, इसलिए ही यह बात यहां कही जा रही है। गृह मंत्रालय द्वारा जारी किए गए आंकड़ों से यह ध्यान में आया है कि देशभर में 2023 के दौरान साइबर अपराध के जरिए 7,465 करोड़ रुपये की ठगी हुई थी, जबकि 2024 में यह आंकड़ा 206 प्रतिशत की उछाल के साथ 22,845 करोड़ तक पहुंच गया था। नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) और सिटिजन फाइनेंशियल साइबर फ्रॉड रिपोर्टिंग एंड मैनेजमेंट सिस्टम (सीएफसीएफआरएमएस) पर 2024 में कुल 36.40 लाख वित्तीय धोखाधड़ी की शिकायतें दर्ज की गई हैं। कहना होगा कि यह आंकड़ा 2023 में दर्ज 24.4 लाख मामलों से कहीं अधिक है और यह तब है जब भारत में साइबर अपराधों से निपटने के लिए सख्त कानून मौजूद हैं। ये कानून मुख्य रूप से सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के प्रावधानों के तहत लागू होते हैं। जिसमें कि धाराएं 419, 420, 468, 469 आदि भी साइबर अपराधों में लागू की गई हैं। गृह राज्य मंत्री बंदी संजय कुमार ने लोकसभा में जानकारी में बताया है कि 2024 में 22.7 लाख साइबर अपराध की शिकायतें दर्ज हुईं, जबकि 2023 में यह संख्या 15.9 लाख थी। यानी एक साल में साइबर क्राइम में 42 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। स्वभाविक तौर पर यह देशभर में आमजन के लिए चिंता का विषय है। हालांकि सरकार ने इस चुनौती से निपटने के लिए कई कदम उठाए हैं। सिटिजन फाइनेंशियल साइबर फ्रॉड रिपोर्टिंग एंड मैनेजमेंट सिस्टम की मदद से अब तक 17.8 लाख शिकायतों के आधार पर लगभग 5,489 करोड़ रुपए की रकम को धोखाधड़ी से बचाया जा चुका है। दूसरी ओर पुलिस की रिपोर्ट के आधार पर केंद्र सरकार ने 9.42 लाख से अधिक सिमकार्ड और 2,63,348 मोबाइल आईएमईआई को ब्लॉक किया है और अब तक 10,599 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार भी किया है, किंतु इसके बाद भी ये साइबर अपराध हैं कि कम होने का नाम नहीं ले रहे। गहन विचार करेंगे तो ध्यान में आएगा कि आखिर ऐसा क्यों है वस्तुत- इसके पीछे जो सबसे बड़ा कारण दिखाई देता है, वह अपराधियों को प्राय- सख्त और आजीवन मिलने वाली सजा की कमी का होना है।



**ऐसे में यह जरूरी हो जाता है कि एक तरफ देश का हर व्यक्ति साइबर विशेषज्ञों और सरकार द्वारा सुझाए गए सुरक्षा उपायों को व्यवहार में अपनाए तो दूसरी ओर यह भी आवश्यक है कि कानूनों को भी अत्यधिक सख्त बनाया जाए। किसी की भी जीवन भर की कमाई उड़ा देने वालों को इतनी आसानी से नहीं छोड़ा जा सकता, जैसा कि ये अभी ज्यादातर बचकर बाहर आ जा रहे हैं।**

साइबर अपराधों के लिए देश में संभवतः पहली बार इसी साल और इसी माह जुलाई में एक निचली अदालत का निर्णय देखने को मिला है, जिसमें कि नौ साइबर अपराधियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। इन्होंने %डिजिटल गिरफ्तारी% की धमकी देकर कई करोड़ रुपये की उगाही की थी। अदालत ने इस अपराध को आर्थिक आतंकवाद से कम नहीं माना। महाराष्ट्र, हरियाणा और गुजरात से गिरफ्तार किए गए इन नौ दोषियों में एक महिला भी है, जिन्होंने पूरे भारत में 108 लोगों को धोखा देकर 100 करोड़ रुपये जमा किए। कल्याणी के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सुबर्टी सरकार, ने उन्हें बीएनएस 338 (जिसमें दस्तावेजों की जालसाजी शामिल है) के तहत आजीवन कारावास और बीएनएस तथा आईटी अधिनियमों के तहत 10 अन्य दंडनीय अपराधों में सजा सुनाई है। इसके अलावा देखें तो आतंकवाद के प्रकरणों में अनीस शकील अंसारी जोकि एक कंप्यूटर इंजीनियर है को मुंबई न्यायालय द्वारा अक्टूबर 2022 में आईटी एक्ट धारा66एफ (साइबर आतंकवाद) और तत्कालीन आईपीसी की संबंधित धाराओं के तहत दोषी ठहराया गया था। यह एक अमेरिकी स्कूल पर हमले की साजिश जिसे आईएसआईएस ने रची थी में सक्रिय पाया गया। देश की सुरक्षा से जुड़े एक अन्य प्रकरण में नागपुर जिला अदालत ने 3 जून 2024 को पूर्व ब्रह्मोस एयरोस्पेस इंजीनियर निशांत अग्रवाल को पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) को संवेदनशील जानकारी लीक करने के आरोप में आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम के तहत आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। पिछले दो वर्ष वर्ष 2023 एवं 2024 का तुलनात्मक आंकड़ा हमारे सामने हैं ही। जिसमें साफ दिखता है कि 36.40 लाख वित्तीय धोखाधड़ी की शिकायतें पिछले साल आईं किंतु सजा यदि देखें तो आजीवन कारावास 2024 में सिर्फ एक को ही हो सका। वहीं, इस साल भी सिर्फ एक मामले में साइबर फ्रॉड के लिए आजीवन कारावास की सज़ा दी जा सकी है। कुल मिलाकर देखें तो आंकड़े बताते हैं कि साइबर अपराध करने के बाद प्राय- अपराधी लम्बे समय तक जेलों में नहीं रहते, वे अक्सर आर्थिक दंड देने के साथ कम समय की सजा पाकर छूट जाते हैं। कई बार साक्ष्यों के आधार पर और कई बार नाबालिग होने की स्थिति में यह छोड़ दिए जाते हैं जिसमें कि अक्सर बाहर आकर ज्यादातर अपराधी फिर से साइबर धोखाधड़ करते हैं। ऐसे में यह जरूरी हो जाता है कि एक तरफ देश का हर व्यक्ति साइबर विशेषज्ञों और सरकार द्वारा सुझाए गए सुरक्षा उपायों को व्यवहार में अपनाए तो दूसरी ओर यह भी आवश्यक है कि कानूनों को भी अत्यधिक सख्त बनाया जाए। किसी की भी जीवन भर की कमाई उड़ा देने वालों को इतनी आसानी से नहीं छोड़ा जा सकता, जैसा कि ये अभी ज्यादातर बचकर बाहर आ जा रहे हैं। कहना होगा कि लोकसभा में इससे जुड़े आंकड़े प्रस्तुत करने भर से इस समस्या की चिंताओं से निजात नहीं पाई जा सकती है, इसके लिए व्यवहार में कठोर कदम उठाए जाने की वर्तमान में अत्यधिक आवश्यकता है। जिस पर केंद्र सरकार को गहराई से गौर करना चाहिए।

### आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे है या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे है, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | द्वितीया 22:42 तक |
| नक्षत्र: | आश्लेषा 15:51 तक |
| पक्ष: | शुक्ल |
| वार: | शनिवार |
| योग: | व्यतीपात, 28:05 |
| सूर्योदय: | 05:40 |
| सूर्यास्त: | 19:14 |
| चंद्रमा: | सिंह राशि में |
| राहुकाल: | 09:04-10:45 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वत: | 1947 |
| मास: | सावन |
| शुभ मुहूर्त: | 12:03-12:51 |

## जन एक्सप्रेस

### खेल सारा वोट का !

*दिन पर दिन तीखे ।*
*हो रहे बयान ।।*
*पहुंचाना है ठेस ।*
*है केवल ये ध्यान ।।*
*बार बार गलती ।*
*ऐसे यूं दोहराना ।।*
*क्या बनी रणनीति ।*
*जानता जमाना ।।*
*खेल सारा वोट का ।*
*लगती ना लगाम ।।*
*करना जिन्हें खुश ।*
*पहुंच रहा पैगाम ।।*
*रह रह कर अब मंच से ।*
*छोड़ते हैं तीर ।।*
*त्वरित कुछ निकालें ।*
*हो रहे अधीर ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

## धमनियों में जमा कोलेस्ट्रॉल के कणों साफ कर सकता है मौसमी जूस

**हाई** कोलेस्ट्रॉल की समस्या आजकल आम होती जा रही है। दरअसल, हमारे खाने के निकलने वाले बैड फैट और लिपिड्स धमनियों में जमा होने लगते हैं और धमनियों के रास्ते को सकड़ा करने लगता है। इससे ब्लड सर्कुलेशन पर असर पड़ता है और दिल पर भी इसका प्रेशर पड़ता है। होता यह है कि जब आर्टरी या धमनियों का रास्ता पतला हो जाता है या इसमें ब्लॉकेज आ जाती है तो यहां से खून को पास करने में दिक्कत होती और इसका प्रेशर दिल पर पड़ता है। लंबे समय तक स्थिति ऐसे ही रहने पर हार्ट अटैक और दिल की बीमारियों का खतरा बढ़ता है।

**फाइबर से भरपूर है मौसमी जूस:** मौसमी जूस में फाइबर की अच्छी मात्रा होती है जो कि धमनियों में जमा कोलेस्ट्रॉल को साफ करने में मदद कर सकता है। ये फाइबर बैड लिपिड्स के कणों के साथ चिपककर इन्हें धमनियों से बाहर निकालने में मदद कर सकते हैं। यह डिटॉक्सीफायर की तरह काम करते हैं जो कि धमनियों को फ्लश ऑउट करने में मदद कर सकते हैं। बस इस बात का ध्यान रखें कि जूस बनाते समय में इसमें फाइबर की मात्रा बनाए रखें। इसके अलावा फाइबर पाचन तंत्र में एलडीएल यानी खराब कोलेस्ट्रॉल से जुड़कर और उसके अवशोषण को रोककर, शरीर से उसके उत्सर्जन को रोककर उसे कम



करने में मदद करता है।

**विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर:** मौसमी विटामिन सी का एक उत्कृष्ट स्रोत है, जो एक शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट है। एंटीऑक्सीडेंट शरीर में ऑक्सीडेटिव तनाव और सूजन से लड़ते हैं। ऑक्सीडेटिव तनाव रक्त वाहिकाओं को नुकसान पहुंचा सकता है और धमनियों में प्लाक (एथेरोस्क्लेरोसिस) के निर्माण में योगदान दे सकता है, जो उच्च कोलेस्ट्रॉल और हृदय रोग का एक प्रमुख कारक है। इस क्षति को कम करके, विटामिन सी हृदय स्वास्थ्य की रक्षा करने में मदद करता है। इसके अलावा मौसमी में फ्लेवोनोइड्स और लिमोनोइड्स जैसे अन्य एंटीऑक्सीडेंट भी होते हैं, जो इन सुरक्षात्मक प्रभावों में और योगदान करते हैं। इसलिए भी हाई कोलेस्ट्रॉल में मौसमी जूस पीना चाहिए।

**पोटेशियम से भरपूर:** मौसमी में पोटेशियम होता है, जो एक ऐसा खनिज है जो स्वस्थ रक्तचाप बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। पोटेशियम शरीर में सोडियम के प्रभावों को कम करने में मदद करता है, रक्त वाहिकाओं की दीवारों को शिथिल करता है और इस प्रकार रक्तचाप को नियंत्रित करता है। हाई ब्लड प्रेशर हृदय रोग का एक महत्वपूर्ण जोखिम कारक है और मौसमी जूस पीना इसमें फायदेमंद हो सकता है।

**कम कैलोरी और लो फैट से भरपूर:** मौसमी का जूस स्वाभाविक रूप से कम कैलोरी वाला और लगभग वसा रहित होता है। खासकर इसमें संतृप्त वसा और कोलेस्ट्रॉल होता है। यह इसे मीठे पेय पदार्थों या अनहेल्दी फैट वाले पेय पदार्थों की तुलना में एक स्वास्थ्यवर्धक विकल्प बनाता है, जो वजन बढ़ाने और कोलेस्ट्रॉल के स्तर को बढ़ाने में योगदान दे सकते हैं।

**हाई कोलेस्ट्रॉल में मौसमी जूस पीते इन बातों का रखें ध्यान:** एक्सपर्ट बताती हैं किहाई कोलेस्ट्रॉल में इस जूस को पीते समय कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए। जैसे कि फायदेमंद होने के साथ-साथ,मौसमी के जूस में नेचुरल शुगर भी होती है। इसे संयमित मात्रा में लेना जरूरी है, खासकर अगर आप डायबिटीज से पीड़ित हैं। इसके अलावा इस जूस में फाइबर के लाभों को अधिकतम करने के लिए मौसमी का जूस बनाते या पीते समय थोड़ा गूदा जरूर शामिल करें। इसे पूरी तरह से निचोड़कर न पिएं।

### एक्सप्रेस विशेष

## दिल्ली सरकार को ठोस काम दिखाने की जरूरत



मनोज कुमार मिश्र

**इस चुनाव में भले ही भाजपा को 70 में से 48 सीटें मिली लेकिन वोट का अंतर दो फीसद का ही रहा। अभी तक झुग्गियों के मामले में इसके ठीक विपरित हो रहा है। बड़े पैमाने पर बिना वैकल्पिक प्लाट या मकान दिए झुग्गी तोड़ी जा रही है।**

**उन वायदों में एक यह भी वायदा था कि बिना वैकल्पित मकान दिए कोई झुग्गी तोड़ी नहीं जाएगी। यह वायदा इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि दिल्ली का राजनीतिक समीकरण काफी बदल गया है। बगैर अपना वोटबैंक बढ़ाए न तो भाजपा की दिल्ली में लंबे समय तक सरकार चल पाएगी और न ही आआपा जैसे केवल नारों और आधारहीन वायदों पर चुनाव जीतने वाले दलों की स्थाई विदाई हो पाएगी।**

**दिल्ली** की रेखा गुप्ता की अगुवाई में बनी भाजपा सरकार को चुनावी मोड से निकल कर ठोस काम कर दिखाने का समय आ गया है। लंबे इंतजार यानी 27 साल के बाद दिल्ली में भाजपा की वापसी हुई। चुनावी जश्न और पहले की सरकारों पर दोषारोपण के बजाए आम लोगों को इस सरकार से ज्यादा उम्मीदें है। बिजली, पानी, अनधिकृत कालोनी, यमुना का सफाई, प्रदूषण, सार्वजनिक परिवहन, शिक्षा, साफ-सफाई, अस्पताल, सड़कें और आम लोगों के जीवन स्तर को सुधारने इत्यादि के ठोस प्रयास का सभी को इस सरकार से उम्मीदें हैं। केवल मोहल्ला क्लीनिक और मोहल्ला में चल रही बसों का नाम बदलने की इस सरकार से उम्मीद नहीं है। नगर निगम से केन्द्र की सरकार तक यानी ट्रिपल इंजन की सरकार अगर सोच-समझ तक फैसला नहीं ले पा रही है। उसे शुरूआत में ही अपने फैसले बदलने पड़ रहे हैं तो सरकार के कामकाज पर न केवल विपक्ष हमलावर होगा बल्कि कमजोर होते विपक्षी दलों को मजबूत होने का अवसर मिल जाएगा। दस साल से दिल्ली पर राज कर रही आम आदमी पार्टी (आआपा) को भ्रष्टाचार के आरोप में कटघरे में खड़ा करके ही भाजपा केवल दो फीसदी वोट के अंतर से दिल्ली की सत्ता में आ पाई थी। आआपा और उसके नेता अरविंद केजरीवाल की सबसे बड़ी ताकत (यूएसपी) ईमानदारी थी। शराब घोटाले में उनके और उनके कई बड़े नेताओं के जेल जाने और अपनी सरकारी कोठी को सजाने में 55 करोड़ रुपये खर्च करने के आरोप लगने के बाद तो उन पर और उनकी सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोपों की झड़ी लग गई और आखिरकार उन्हें सत्ता से बेदखल होना पड़ा। दिल्ली के मुख्यमंत्री और मंत्री आदि आमतौर से नई दिल्ली यानी लुटियन दिल्ली और दिल्ली के दूसरे महंगे इलाके सिविल लाइन्स में रहते आए हैं। अब तक किसी मुख्यमंत्री या मंत्री ने एक साथ रहने के लिए दो कोठियां आवंटित नहीं करवाई। मुख्यमंत्री बनने के चार महीने बाद रेखा गुप्ता ने सिविल लाइंस में राज निवास के पास दो कोठियां आवंटित करवाई। एक आवास के लिए और दूसरा आवासीय दफ्तर के लिए। इतना ही नहीं उसकी सजावट के लिए 60 लाख रुपए का टेंडर पास हुआ जो हाथ के हाथ सार्वजनिक हो गया। उसका ब्यौरा सार्वजनिक होते ही हंगामा खड़ा हो गया। 14 सीसीटीवी कैमरे, 14 एसी, पांच बड़े टीवी, झूमर, दो यूपीएस और न जाने क्या-क्या। एक तो यह समझ से परे है कि कुछ ही दूरी पर दिल्ली सचिवालय और दिल्ली विधानसभा होने के बावजूद उन्हें पहले के मुख्यमंत्रियों से अलग दो कोठी क्यों चाहिए। दोनों जगह मुख्यमंत्री का भव्य दफ्तर है। अगर आवास की साज-सज्जा होनी थी तो उसे बनने से पहले सार्वजनिक क्यों किया गया। खुद अपने मुख्यमंत्री केजरीवाल के आवास पर 55 करोड़ रुपए खर्च करवाने वाले आआपा की सरकार के नेता 60 लाख के खर्च पर सवाल उठा कर आआपा के मुख्यमंत्री के शीशमहल के जवाब में भाजपा के मुख्यमंत्री का माया महल मुद्दा बनाने की कोशिश की। कुछ ही दिन में काम शुरू होने से पहले ही उस टेंडर को रद्द करना पड़ा। शीशमहल और माया महल के चक्कर में दिल्ली सचिवालय में पिछली सरकार ने मुख्यमंत्री के दफ्तर पर फूहड़ तरीके से करोड़ों खर्च किए, वह मुद्दा चर्चा में ही नहीं आ पाया। 1998 में दिल्ली की मुख्यमंत्री बनी शीला दीक्षित ने पूरे दिल्ली सचिवालय और खास करके तीसरी मंजिल के दफ्तर को सुरुचिपूर्ण तरीके से आकर्षक बनवाया था। इससे भी अजूबा अदालती आदेश से दिल्ली की सड़कों से दस साल पुराने डीजल वाहनों और 15 साल पुराने पेट्रोल वाहनों को सड़क से हटाने का अभियान के साथ हुआ। यह अदालती फैसला काफी पुराना है। आआपा की केजरीवाल सरकार ने इस पर अमल करने के लिए समय-सीमा पूरा करने वाले वाहनों को सड़कों से हटाने के लिए उन्हें ईंधन न देने की कवायत शुरु की। पायलट प्रोजेक्ट के तहत चार सौ पेट्रोल पंपों पर कैमरे लगवाए जिनपर एआई के माध्यम से सीधे परिवहन विभाग निगरानी रखने वाला था। यह अजीब संयोग है कि जो काम आआपा सरकार नहीं करवा पाई वह भाजपा करवाने लगी। भाजपा सरकार के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ऐसे उत्साह से लगे कि लगा कोई जंग जीतने वाले हैं। इस पर अमल होते ही विरोध शुरू हो गया। लागू करवाने की कवायत करवाने वाली आआपा ने ही सबसे ज्यादा इसके खिलाफ अभियान चलाया। भाजपा के नेता यह कह भी नहीं पाए कि यह तो आआपा सरकार ने शुरू किया था। भारी विरोध और किरकिरी के बाद इसे नवंबर तक के लिए टाल दिया गया।

# सिर्फ 21 रुपये में बनें सहकारी गन्ना समिति के सदस्यः खुशीराम भार्गव (जिला गन्ना अधिकारी)

■ ग्राम भ्रमण पर पहुंचे जिला गन्ना अधिकारी, 30 सितंबर तक चलेगा सदस्यता अभियान

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**





गन्ना किसानों के लिए एक बड़ी राहत और अवसर की खबर सामने आई है। सहकारी गन्ना विकास समितियों की सदस्यता अब मात्र 21 रुपये में प्राप्त की जा सकती है। इसी क्रम में शुक्रवार को जिला गन्ना अधिकारी खुशीराम भार्गव ने बीसलपुर गन्ना विकास परिषद के ग्राम ईंटगांव एवं नवगवां नवीनगर का भ्रमण किया। उन्होंने ग्राम स्तर पर चल रहे सर्वे-सट्टा प्रदर्शन का निरीक्षण कर किसानों को इस अभियान के बारे में जागरूक किया। जिला गन्ना अधिकारी ने बताया कि गन्ना किसानों को समिति की सदस्यता दिलाने के लिए यह विशेष अभियान 30 सितंबर 2025 तक संचालित किया जाएगा। इस अभियान में जिले की सभी चारों सहकारी गन्ना विकास समितियों – पीलीभीत, पूरनपुर, बीसलपुर एवं मझोला को सम्मिलित किया गया है। इन समितियों में कुल 10,000 से अधिक किसानों को सदस्य बनाया जाना है।

### सदस्यता के लिए ऑनलाइन पंजीकरण आवश्यक

किसानों को सदस्यता प्राप्त करने के लिए ऑनलाइन पंजीकरण करना होगा। जिन किसानों के पास एंड्रॉइड फोन नहीं हैं या तकनीकी जानकारी का अभाव है, उनके लिए गन्ना विकास समितियों एवं चीनी मिलों में किसान सहायता केंद्र स्थापित किए गए हैं। इन केंद्रों पर समितियों के कर्मचारी किसानों का निशुल्क ऑनलाइन पंजीकरण करेंगे। सदस्य बनने हेतु केवल 21 का शुल्क निर्धारित किया गया है।

### सदस्यता के लाभ और आंकड़े

जिला गन्ना अधिकारी ने बताया कि जो किसान समितियों के सदस्य होते हैं, वे सीधे अपनी फसल चीनी मिलों को आपूर्ति कर सकते हैं और लाभकारी मूल्य प्राप्त करते हैं। जबकि गैर-सदस्य किसानों को औने-पौने दामों पर अपना गन्ना कोल्हुओं या क्रेशरों को बेचना पड़ता है। इसलिए इस बार लक्ष्य है कि कोई भी पात्र किसान बिना सदस्यता के न रहे। अब तक कुल 427 किसानों ने ऑनलाइन पंजीकरण कर सदस्यता हेतु आवेदन किया है। इनमें सबसे अधिक 345 आवेदन पीलीभीत समिति, 60 बीसलपुर समिति, 20 पूरनपुर समिति और 02 आवेदन मझोला समिति से आए हैं।

### भ्रमण के दौरान ये लोग रहे उपस्थित

भ्रमण के दौरान मनोज साहू (ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, बीसलपुर), सचिव (गन्ना समिति बीसलपुर), अवधेश कुमार (मुख्य गन्ना अधिकारी, बीसलपुर चीनी मिल), अमरनाथ दुबे (गन्ना विकास निरीक्षक),
मनोज कुमार, राजीव कुमार (सर्किल प्रभारी), गन्ना किसान प्रभुदयाल, कालीचरण सहित अनेक किसान एवं अधिकारी मौजूद रहे।

# नकाबपोश बदमाशों ने युवक को बंधक बनाकर लाखों की लूट को दिया अंजाम





■ छत से घर में दाखिल होकर की वारदात, युवक को बंधक बनाकर ले गए बदमाश, रास्ते में छोड़ा

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

जनपद के दियोराजपुर गांव में गुरुवार की रात बदमाशों ने दुस्साहसिक वारदात को अंजाम देते हुए घर में सो रहे युवक को बंधक बना लिया और घर में घुसकर लाखों रुपये के जेवर व नकदी लूट ली। वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश युवक को अपने साथ ले गए और कुछ दूर जाकर छोड़ दिया। घटना से गांव में हड़कंप मच गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस व फोरेंसिक टीम ने मौके का मुआयना किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दियोराजपुर निवासी राजाराम पुत्र द्वारिका प्रसाद अपने घर की पशुशाला में सो रहे थे, जबकि उनका बेटा भगवान दास छत पर सो रहा था। गुरुवार की रात लगभग 12 बजे के आसपास तीन नकाबपोश बदमाशों ने घर के बाहर लगी चारा मशीन पर चढ़कर खपरैल के सहारे छत से घर में प्रवेश किया। आहट पाकर जैसे ही भगवान दास जीने से नीचे झांकने गया, तभी बदमाशों ने उसे पकड़कर बंधक बना लिया। बदमाशों ने घर के अंदर घुसकर अलमारी और बक्सों की तलाशी ली और उसमें रखे कीमती जेवरात झुमकी, गले का हार, टीका, तीन जोड़ी पायल और लगभग पांच हजार रुपये नकद लूट लिए। इसके बाद वे भगवान दास को भी साथ ले गए और कुछ दूर खेतों की ओर जाकर उसे छोड़ दिया। वारदात के समय घर में केवल राजाराम मौजूद थे, जबकि उनकी पत्नी कुसुम कली और बहू गिरिजा देवी मायके गई हुई थीं। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। सूचना पर पुलिस की पीआरवी 112 टीम और दियोरिया कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई।

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक, अभिषेक यादव, क्षेत्राधिकारी बीसलपुर प्रगति चौहान, फोरेंसिक टीम और अन्य अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक ने प्रभारी निरीक्षक दिगंबर सिंह को शीघ्र घटना का खुलासा करने के निर्देश दिए हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और आसपास के क्षेत्रों में संदिग्धों की तलाश की जा रही है। बताते चलें कि गांव में हुई इस दुस्साहसिक डकैती की घटना के बाद से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस गश्त का अभाव और अपराधियों के हौसले बुलंद होने से इस तरह की घटनाएं हो रही हैं। क्षेत्राधिकारी प्रगति चौहान ने बताया कि बदमाशों की तलाश के लिए टीमों का गठन कर दिया गया है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया जाएगा।

# ओवरलोडिंग पर शिकंजा या व्यवस्था की विफलता?

■ सड़कों पर जानलेवा ढो रहे हैं वाहन, कार्रवाई के बाद भी क्यों नहीं रुकता यह खेल?

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**



सड़क सुरक्षा का सीधा नाता हमारे जीवन और व्यवस्था की जिम्मेदारियों से है। हाल ही में पीलीभीत में एआरटीओ (प्रवर्तन) वीरेंद्र सिंह द्वारा चलाए गए सघन जांच अभियान में जो तथ्य सामने आए, वे न केवल चिंताजनक हैं, बल्कि हमारे ट्रांसपोर्ट सिस्टम की लापरवाही और लचीली निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल खड़े करते हैं।? महज दो बसों में क्षमता से कहीं अधिक 54 सीट पर 72 और 65 सीट पर 87 सवारियों का पाया जाना, एक गंभीर खतरे की ओर इशारा करता है। यदि इनमें कोई दुर्घटना घटती, तो जिम्मेदार कौन होता? ऐसे में केवल चालान की कार्रवाई पर्याप्त नहीं कही जा सकती। सवाल यह भी उठता है कि ये वाहन जिले की सीमा में प्रवेश कैसे कर पाए? क्या चेकपोस्ट महज़ खानापूर्ति के लिए हैं? मालवाहनों की बात करें तो निर्धारित क्षमता से अधिक माल ले जाने वाले दो वाहनों को सीज किया गया यह अच्छा कदम है, लेकिन यह भी दर्शाता है कि व्यवसायिक वाहन संचालक अब भी कानूनों को हल्के में लेते हैं। यही नहीं, एक ऐसा वाहन भी मिला जिसका टैक्स दिसंबर 2024 के बाद जमा नहीं था और फिटनेस भी खत्म हो चुकी थी। फिर भी वह सड़कों पर दौड़ता रहा यह प्रशासनिक निगरानी की गंभीर चूक है। इस कार्रवाई में कुल ?1.24 लाख का प्रशमन शुल्क वसूला गया। लेकिन क्या यह राशि इस बात की भरपाई कर सकती है कि इन वाहनों से कितनी जानों को खतरा था? कहीं ऐसा तो नहीं कि यह कार्रवाई भी एक 'अभियान' बनकर रह जाए, जिसका असर कुछ दिनों तक दिखे और फिर सबकुछ पुराने ढर्रे पर लौट आए? आज आवश्यकता है एक स्थायी और तकनीक आधारित निगरानी तंत्र की जिसमें तक्क, ष्टष्टञ्जङ्क निगरानी, ऑटोमैटिक वेट स्टेशन और मोबाइल ऐप्स की मदद से ओवरलोडिंग और टैक्स चोरी पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके। साथ ही, नियमित जांच को जिले भर में एक 'सामान्य प्रक्रिया' बनाया जाए, न कि विशेष अभियान। सड़क पर चलने वाला हर वाहन सिर्फ एक सवारी या माल का साधन नहीं है, वह कई परिवारों की उम्मीदों, जिंदगियों और सुरक्षा से जुड़ा होता है। जब तक हम इसे प्रशासनिक जिम्मेदारी की जगह मानवीय संवेदना से नहीं जोड़ेंगे, तब तक ऐसे चालान समाचार बनते रहेंगे, लेकिन समाधान दूर रहेगा।

## सिगाहीखुर्द में कम वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे निवासी

**जन एक्सप्रेस। सम्पूर्णानगर खीरी।** विद्युत विभाग सम्पूर्णानगर के अतंर्गत ग्राम पंचायत सिंगाहीखुर्द में लोग कम वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे हैं।कम वोल्टेज की समस्या सिंगल फेस बिजली लाइन होना माना जा रहा है। लेकिन अभी तक विद्युत उपभोक्ताओं को महीनो बीत जाने के बाद भी सही फेस बिजली मिलना तो दूर की बिता है।कोई कर्मचारी देखने तक नहीं आया। एक तरफ उर्जा मंत्री एके शर्मा विद्युत विभाग के बड़े से बड़ा अधिकारी हो फटकार लगाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में उन्हीं के क्षेत्रिय अधिकारी भाजपा सरकार को डुबोने पर उतारू है। वही विद्युत विभाग के कर्मचारियों, अधिकारियों को कई बार समस्या बताई गई लेकिन उसके बावजूद भी इस ओर कोई भी ध्यान नहीं दिया।

# विपरीत परिस्थितियों से किया संघर्ष, दलित-पिछड़ों की आवाज थीं फूलन देवी: नफीस अहमद अंसारी

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**



समाजवादी पार्टी (सपा) ने शुक्रवार को पूर्व सांसद फूलन देवी की पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। यह कार्यक्रम जिला मुख्यालय स्थित पूर्व लोकसभा कैंप कार्यालय पर आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने की।कार्यक्रम की शुरुआत में फूलन देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। उपस्थित नेताओं ने उनके संघर्षशील जीवन को याद करते हुए उन्हें सामाजिक न्याय की प्रतीक बताया।

इस अवसर पर सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने कहा, फूलन देवी जी की कहानी समाज के वंचित, दलित और पिछड़े वर्ग के संघर्ष का इतिहास है। वे कश्यप, मल्लाह, बिंद, निषाद, बाथम, मांझी जैसे समुदायों की अस्मिता और आत्मसम्मान की प्रतीक बन गई थीं। समाजवादी पार्टी ने उन्हें सांसद बनाकर सामाजिक न्याय की दिशा में ऐतिहासिक कार्य किया था।

सपा जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी ने अपने संबोधन में कहा, वीरांगना फूलन देवी ने विपरीत परिस्थितियों से संघर्ष करते हुए 1996 और 1999 में मिर्जापुर लोकसभा क्षेत्र से सपा सांसद के रूप में दो बार जीत दर्ज की। 25 जुलाई 2001 को मात्र 37 वर्ष की आयु में दिल्ली में उनकी गोली मारकर हत्या कर दी गई। उनका जीवन दलित और महिला सशक्तिकरण का प्रतीक है। हम उन्हें नमन करते हैं।

समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार राजू और सपा जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा कट्टर ने भी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि फूलन देवी की शहादत को बेकार नहीं जाने दिया जाएगा। समाजवादी पार्टी उनके दिखाए रास्ते पर चलकर समाज के वंचित वर्गों को न्याय दिलाने के लिए संकल्पित है।

इस मौके पर प्रमुख रूप से सपा जिला उपाध्यक्ष अकबर अहमद अंसारी, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष निरंजन गंगवार, राम मूर्ति गंगवार, संजय सिंह यादव, दिनेश कुमार वर्मा, राहुल कश्यप, गोविंद पांडे एडवोकेट, नूर हसन, कपिल गंगवार, हरिओम वर्मा, जोवनप्रीत सिंह, दीपक वर्मा, महेश कुमार वर्मा, प्रेम शंकर गंगवार, जफर अली अंसारी, आशीष भारती, मुजीब उर रहमान, मनोज विक्रम, मुरकस अली, अर्जुन भारती, धनपति मोर्या, महेश कश्यप, शिवकुमार वर्मा, रामनाथ वर्मा सहित बड़ी संख्या में सपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# धधक रही भट्ठियों को पुलिस ने किया नष्ट



**जन एक्सप्रेस। निघासन खीरी**

कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत मुखबिरी की सूचना पर पुलिस ने शराब माफियाओं के ठिकानों पर छापेमारी कर हजारों लीटर अवैध कच्ची शराब व इस्तेमाल उपकरणों को नष्ट करते हुए क्षेत्र में शराब माफियाओं के हौसलों को तोड़ा है साथ ही जनता को विश्वास दिलाया है कि पुलिस आपकी मित्र हैं जैसा की लुधौरी क्षेत्र के ग्राम पुरैना में घाघी नाले के निकट दिनदहाड़े भाटिया धधक रही थी मुखबिरी द्वारा कोतवाल महेशचंद को सूचना मिली कि ग्राम मुरैना में घाघी नाले के निकट अवैध कच्ची शराब बनायी जा रही है सूचना मिलते ही कोतवाल महेश चंद ने हल्का नंबर पांच में तैनात दीवान लवकुश यादव सिपाही माधव यादव व प्रभात सिंह को तत्काल घटना स्थल पर भेजा पहुंचते ही शराब माफिया भागने की फिराक में रहे भागता हुआ देख पुलिस टीम में दीवान लवकुश ने काफी दूर तक पीछा किया लेकिन भौगोलिक स्थिति का फायदा उठाते हुए शराब माफिया भाग निकले टीम ने अपराधियों को पकड़ने का भरसक प्रयास भी किया था इसी दौरान अवैध कच्ची शराब लगभग दो हजार लीटर लहन को नष्ट करते हुए उसमें शामिल उपकरणों को भी नष्ट किया पुलिस के अनुसार लहन गोपनीय तरीके से बनाई जा रही थी व आसपास झाड़ियों की आड़ में बड़े पैमाने पर बेचा भी जा रहा था।

लेकिन पुलिस के कार्यवाही से शराब माफियाओं के हौसले भी टूटे साथ ही खौफ का माहौल भी स्पष्ट है जबकि पुलिस की ताबड़तोड़ कार्यवाही से शराब माफिया अपना व्यवसाय मजदूरी या किसानी का रास्ता अपना रहे हैं बरहाल पुलिस शराब माफियाओं की तलाश जुटी हैं।

## बिजली विभाग की मनमानी कटौती पर भड़के व्यापार मण्डल के पदाधिकारी

**जन एक्सप्रेस। पलियाकलां खीरी।** बिजली विभाग के मनमाने रवैये से परेशान हो सभी व्यापारी और अपने व्यापार मण्डल के पदाधिकारीयो के साथ बिजली विभाग के एसडीओ ऑफिस में जाकर नगर मे हो रही बिजली आपूर्ति की समस्या के निस्तारण की मांग रखी और साथ ही चेतावनी दी कि अगर सुचारू रूप से उपभोक्ताओं को लाइट नहीं मिली पूरी पलिया के व्यापारी विद्युत प्रशासन के खिलाफ अनिश्चितकालीन बंदी कर धरना प्रदर्शन करेंगे इसकी सारी जिम्मेदारी विद्युत अधिकारियों की होगी तत्पश्चात एसडीओ पलिया ने जेई को निर्देश देते हुए तत्काल बिजली की समस्या को दुरुस्त करवाने के दिशा निर्देश दिये। साथ ही बिजली विभाग को अवगत भी करवाया कि भविष्य में इस प्रकार की दिक्कत न देखनी पड़े इसके लिए जेई अपने कार्य को समझे और हमारे प्रत्येक व्यापारी और सभी उपभोक्ताओं का फोन रिसिव कर उनकी समस्या का निस्तारण भी करे। इस दौरान मौके पर मौजूद नगर व्यापार मण्डल अध्यक्ष गौरव गुप्ता, उपाध्यक्ष देवेंद्र अरोड़ा, रमेश बाजपेयी, फिरोज खान, रघुनाथ राठौर, अब्बास अली ओवेश खान, युवा नगर अध्यक्ष गौरव अग्रवाल, सत्यम, आकाश गुप्ता सहित अनेको व्यापारीगण मौजूद रहे।

# 70 प्लस के बुजुर्गों के आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाने में जिला रहा अव्वल

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**



शासन के निर्देश पर खीरी सहित पूरे प्रदेश में युद्ध स्तर पर 70 प्लस श्रेणी के आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाने हेतु कैंपों का आयोजन किया गया, जिसमें खीरी ने एक दिन में 231आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाकर प्रथम स्थान हासिल किया है। सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने बताया कि शासन के निर्देश पर 70 वर्ष से अधिक आयु के वृद्धजनों के आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाने हेतु शासन के निर्देश पर पूरे जनपद में युद्ध स्तर पर कैंप लगाकर गोल्डन कार्ड बनाए गए हैं। जिसमें खीरी जनपद में 231 वृद्धजनों के आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाए गए हैं। सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता के निर्देश पर इसकी मॉनीटरिंग की जा रही थी। धौरहरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत एसडीएम श्रीमणि ने अधीक्षक धौरहरा डॉ रवि सिंह व डीजीएम आयुष्मान अनुज प्रताप सिंह के साथ आयुष्मान आरोग्य मंदिर भुवाभोज का निरीक्षण किया, अपने हाथों से लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड वितरण किए।

## एक्सप्रेस खबरें...

### अन्तर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद ने ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** जनसंख्या नियंत्रण कानून वनाए जाने सहित कई मांगो को लेकर अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दु परिषद ने प्रधानमंत्री को संवोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंप कर मांगे पूरी कराने की मांग की है। तहसील परिसर में अन्तर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद ने शुक्रवार दोपहर जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने की मांग को लेकर प्रधानमंत्री को संबोधित पाँच सूत्रीय ज्ञापन तहसीलदार को सौंप है। ज्ञापन में बताया कि भारत के किसी भी प्रदेश में हिन्दू समाज सुरक्षित नहीं है। हिन्दुओं के त्यौहारों पर देश के किसी न किसी हिस्से में हमले होते है। पिछले दिनों बंगाल के मुशिंदाबाद जिले में हूए दंगे में हिन्दुओं को मारा गया। पहलगाम में मुसलमानों ने सुनियोजित तरीके से आतंकी घटना को अंजाम दिया। बांग्लादेश में हिन्दुओं का नरसंहार किया गया। जनसख्या का एक बड़ा कारण बांग्लादेशी एव रोहिंग्या मुसलमानों की धुसपैठ भी एक बड़ा कारण है, इस घुसपैठ को रोकना,और घुसपैठियों को बाहर निकालना भी जरूरी है। छांगुर जैसे विदेशी धन पर धर्मांतरण कराने वाले सक्रिय गिरोह भी हिन्दुओं की सुरसा के लिए बड़ा खतरा हैं। छांगुर जैसे लोगों के विरुद्ध ऑपरेशन चलाने की आवश्यकता हैं। इन घटनाओं को देखते वर्तमान समय में बहुसंख्यक हिंदू समाज अपने धार्मिक पर्वों पर हो रहे हमलों के कारण गंभीर संकट की स्थिति में है। इसी को लेकर जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने सहित कई मांगे पूरी कराए जाने की मांग की है।

### इनर व्हील क्लब ऑफ पूरनपुर ग्लोरी का तीज उत्सव कार्यक्रम

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** पावन सावन माह में इनर व्हील क्लब ऑफ पूरनपुर ग्लोरी ने तीज का त्यौहार बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम का आयोजन सचिव रुचि खन्ना, उपाध्यक्ष रिंकी गुप्ता, संपादिका खुशबू गुप्ता और क्लब सदस्य पूनम कपूर और निधि वर्मा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान शिव के आगे दीप जलाकर और सावन गीत गाकर किया गया। कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने तीज गेम और हाऊजी का आनंद लिया गेम में क्लब की नई सदस्य विजेता प्रधान,आई पी पी पूनम गुप्ता विजई रहीं। तीज क्वीन पूर्व अध्यक्ष सीमा गुप्ता जी बनी जिनको क्राउन पहनाकर गिफ्ट दिया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष कल्पना गुप्ता ने सभी सदस्यों को संबोधित करके त्यौहार की शुभ कामनाएं दे दी और डिस्ट्रिक्ट से मिली मेरी किताब को सभी सदस्यों को दिया गया जिससे वो इसको बांट सके, चार्टर अध्यक्ष सलोनी गुप्ता ने कार्यक्रम में विशेष सहयोग किया। कोषाध्यक्ष प्रगति गुप्ता, आईएसओ राजविंदर कौर पूर्व अध्यक्ष संगीता गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष मोनिका होरा, मीनाक्षी खन्ना, मधुरिमा गुप्ता, प्रीति अग्रवाल, मीना रस्तोगी, शशि खंडेलवाल, डिंपी गुप्ता, कीर्ति मल्होत्रा आदि सदस्य उपस्थित रहीं।

### पूरनपुर देहात को नगरपालिका परिषद में शामिल करने की मांग

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** तहसील परिसर में भाकपा माले ने नगरपालिका परिषद सीमा विस्तार के प्रपोजल के खिलाफ शुक्रवार को विरोध कर पूरनपुर देहात को शामिल करने और शेरपुर कला को टाउन एरिया बनाने की मांग कर एसडीएम को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। भाकपा माले के जिला सचिव देवाशीष राय ने बताया कि नगरपालिका अध्यक्ष भाजपा के है इसलिए नगरपालिका परिषद में सिर्फ हिन्दू मुस्लिम कर एक समुदाय के लोगों को नगरपालिका में सीमा विस्तार किया जा रहा है। इसी को लेकर विरोध प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपकर पूरनपुर देहांत को पूरनपुर नगरपालिका परिषद में जोड़ने और शेरपुर कला को टाउन एरिया बनाने की मांग की है। इस दौरान कई लोग मौजूद रहे।

### दो विकलांग बच्चो को ट्राई साइकिल रेहान खान ने दी

**जन एक्सप्रेस। पलिया कला खीरी।** पलिया नगर स्थित समाजवादी पार्टी के प्रदेश रेहान खान के आवास पर आदिवासी क्षेत्र के दो विकलांग बच्चे पहुंचे। जिनको प्रदेश सचिव रेहान खान तथा डॉक्टर ए के अवस्थी ने संयुक्त रूप से ट्राई साइकिल दी। रेहान खान पिछले कई वर्षो से बलिया विधानसभा क्षेत्र में विकलांग विधवा असहाय लोगों की मदद करते नजर आ रहे हैं। रेहान खान का यह सेवा भाव क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। आवास पर मौजूद लोगों से बात करते हुए रेहान खान ने कहा कि पलिया विधानसभा क्षेत्र की जनता हमारे परिवार की तरह है किसी को भी अगर किसी चीज की आवश्यकता है तो वह मुझे जरूर अवगत कराए। आगे उन्होंने कहा कि आप लोग 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने में अपना योगदान अवश्य दें। यदि उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनती है तो हम लोग क्षेत्र के लिए इससे ज्यादा लोगों के काम आएंगे और आप लोगों के लिए मेरे दरवाजे हमेशा खुले हैं। डॉक्टर ए0 के0अवस्थी ने कहा कि इससे पहले जब प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार थी तो आम जनमानस के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं चलाई गई थी। हमें उम्मीदें कि यदि 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार उत्तर प्रदेश में बनती है। तो समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष आम जनमानस के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं चलाकर लोगों की मदद करने का कार्य करेंगे। इस मौके पर महिला विधानसभा अध्यक्ष अनु चौधरी जगरानी बीडीसी सेवाराम रचना राणा फैजान आदि मौजूद रहे।

### पीलीभीत-बस्ती मार्ग पर बाइक की आमने-सामने टक्कर

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** खमरिया क्षेत्र में पीलीभीत-बस्ती मार्ग पर मंगलवार को एक दुर्घटना हुई। बैबहा गांव के समीप दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में दोनों बाइक सवार घायल हो गए ।घटना में बैबहा गांव निवासी रामेश्वर प्रसाद 40 वर्ष अपनी मोटरसाइकिल से जा रहे थे। तभी सामने से शाहजहांपुर की ओर से आ रही दूसरी बाइक से उनकी टक्कर हो गई। दूसरे बाइक सवार की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है ।हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों ने तुरंत दोनों घायलों को सड़क से हटाकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। साथ ही पुलिस को सूचना दी ।सूचना मिलते ही 112 पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने एंबुलेंस के माध्यम से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खमरिया पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल लखीमपुर रेफर कर दिया गया ।वर्तमान में दोनों घायल जिला अस्पताल में उपचाराधीन हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# मामला कोर्ट में विचाराधीन है कह कह कर रहा है शारिरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित पति

■ आठ साल से वैवाहिक जीवन का बना मजाक कर रहा मनमानी पुलिस में जबरदस्त सेटिंग का उठा रहा फायदा पति।

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**



प्यार में धोखा हवस षड्यंत्र वहसी दरिंदे से बना पति अब दुश्मन से भी ज्यादा नफ़रत चाल पर चाल कर दिया कंगाल जीवन के ऐसे राह में छोड़ा न जी सकते न मर सकते मुख्यमंत्री को दिए शिकायती पत्र मे मोहल्ला शिवपुरी बेगमबाग चौकी मिश्राना कोतवाली सदर लखीमपुर-खीरी की रहने वाली पीड़िता फूलबानो ने बताया पास के रहने वाले इस्तियाक से दिनांक 04. दिसम्बर 2017 को मुस्लिम रीति रिवाज से हुआ पिता ने अपनी हैसियत के अनुसार दान दहेज भी दिया दान दहेज में पीड़िता के पिता द्वारा मोटरसाइकिल न दिए जाने से पति इस्तियाक खुश नहीं था। शादी के एक वर्ष दो माह किसी तरह से रो धोकर यातनाएं झेलते हुए कटे दिनांक 3.मई.2019 को पीड़िता को सास ससुर पति द्वारा मार-पीट कर जेवर कपड़े छीनकर भगा दिया पति बाहर अपने काम पर चला गया पीड़िता के मायके वाले पति के पास जाने का दबाव बताते तो पीड़िता जब भी पति से साथ रहने कि बात करती तो पति कुछ दिन का समय देकर समझा-बुझा देता इस दौरान एफआईआर दर्ज हुई वाद न्यायालय में विचाराधीन है।8 वर्ष से आर्थिक तंगी से जूझ रही पीड़िता के पक्ष मे माननीय न्यायालय से 2 हजार रूपए प्रति माह पति को पीड़िता को देने का आदेश हुआ उस पर बेरहम पति हाइकोर्ट से स्टे ले आया पीड़िता को कोई आपत्ती नही खर्च न दे या तो अपनाएं या छोड़ दें जो पति नहीं कर रहा है सिर्फ यातनाएं दे प्रताड़ित कर रहा जिसका उदाहरण दिनांक 13. जुलाई.2025 को प्रातः 9 बजे पति घर नीचे कमरे में आया पीड़िता ने सोचा शायद कुछ बदलाव आया पति ने अवैध रूप से जबरदस्ती शारीरिक संबंध बना लिया पीड़िता ने साथ रखने की बात की तो कोई बिना जबाब दिए पति चला गया।जिसकी आनलाइन शिकायत करने के बाद दिनांक 14.जुलाई .2025 को पुलिस अधीक्षक खीरी के समक्ष पेश हुई पुलिस अधीक्षक खीरी द्वारा न्याय दिलाने का सम्पूर्ण भरोसा दिलाया गया मामला पुलिस लाईन परिवार परामर्श केन्द्र भेजा गया जहां पर दोनों पक्षों को बुलाया गया और दोनों पक्षों से साइन करा कर पीड़िता से कहा गया इसमें मैं कुछ नहीं कर सकती विपक्षी द्वारा घर आकर पत्नी का अधिकार दिखा कर पीड़िता की इच्छा के विरुद्ध जबरदस्ती आकर शारीरिक संबंध बनाना अपराध नहीं विपक्षी जो चाहे करें जान से मार दे कहा जाए वाद न्यायालय में विचाराधीन है। यह कहा का न्याय है।

12 दिनो से पीड़िता न्याय के लिए दर दर भटक रही है विपक्षी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज नहीं हुई आन लाइन शिकायत में पुलिस ने विपक्षी को बचाते हुए दिशाहीन मनगढ़ंत बिना पीड़िता से सम्पर्क हस्ताक्षर किए आख्या लगाई जिसमें 13. जुलाई.2025 की घटना को नजरंदाज कर दिया जिससे पीड़िता की पीडा को बढ़ा दिया जो जांच का विषय है

अगर सम्पूर्ण मामले की जांच की जाए तो षड्यंत्रकारी पति की हर चाल एवं पुलिस की संलिप्तता नजर आएंगी किस तरह पीड़िता को बेवजह परेशान किया जा रहा है।

# कलेक्ट्रेट को मिला आईएसओ प्रमाण पत्र

## कलेक्ट्रेट व समस्त तहसीलों को आधुनिक व जनअनुकूल बनाने के प्रयासों को मिला सम्मान

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**



जिला प्रशासन महराजगंज के कलेक्ट्रेट एवं समस्त तहसीलों के आधुनिक और जनसुविधा केंद्रित कायाकल्प को इंटरनेशनल स्टैंडर्ड ऑर्गेनाइजेशन (ढ्ढस्ह्) ने मान्यता दी है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा को आईएसओ प्रमाणपत्र प्रदान किया गया।

जनपद के कलेक्ट्रेट सहित सभी तहसीलों को आईएसओ मानकों के अनुरूप विकसित करने की दिशा में प्रशासन ने उल्लेखनीय कार्य किए हैं।

जिलाधिकारी के निर्देश पर गुरुग्राम की सलाहकारी संस्था सान्वी मैनेजमेंट द्वारा कुल 52 मानकों पर कार्य करते हुए कार्यालयों की प्रणाली, अधोसंरचना और तकनीकी सुधार सुनिश्चित किया गया। इस प्रक्रिया में कार्मिकों का प्रशिक्षण, हेल्प डेस्क की स्थापना, पेयजल व साफ-सफाई की उन्नत व्यवस्था, फीडबैक व शिकायत निवारण प्रणाली, कूड़ा प्रबंधन, परिसर का सुंदरीकरण, दिव्यांग व महिला अनुकूल व्यवस्थाएं जैसे क्रेच, रैंप, वॉल पेंटिंग, आधुनिक शौचालय, आई-कार्ड और पदनाम पट्टिकाएं आदि शामिल रहे।

साथ ही, ई-ऑफिस प्रणाली को लागू करते हुए कार्यालयों को कागजरहित और दक्ष बनाया गया। इस संबंध में सान्वी मैनेजमेंट के प्रतिनिधि आजाद सिंह ने बताया कि पहले चरण में गैप एनालिसिस कर कमियों को चिह्नित किया गया और फिर उन्हें दूर करते हुए आईएसओ के मानकों के अनुरूप कार्य किए गए।

अंत में थर्ड पार्टी ऑडिट के माध्यम से गुणवत्ता की पुष्टि की गई। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने कहा कि यह केवल एक प्रमाणपत्र नहीं, बल्कि सेवा, सुशासन और समयबद्धता की दिशा में प्रशासनिक प्रतिबद्धता का प्रमाण है। आईटी आधारित प्रणाली से न सिर्फ कार्य संस्कृति में पारदर्शिता आई है, बल्कि जनसुविधा भी बढ़ी है। हमारा प्रयास है कि जनपद के सभी कार्यालयों को ढ्ढस्ह् सर्टिफिकेशन की दिशा में अग्रसर किया जाए। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि जनपद के लिए गौरव का विषय है और उत्तर प्रदेश शासन की ई-गवर्नेंस, पारदर्शी प्रशासन व जनकल्याणकारी दृष्टिकोण को और सशक्त करती है।

### रेलवे में जुनियर इंजीनियर बने मनीष पांडे



**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**

जनपद के धनेवा-धनेई निवासी मनीष कुमार पांडे ने आरआरबी की मैकेनिकल विभाग की परीक्षा में सफलता हासिल की है। उनका चयन जूनियर इंजीनियर पद पर हुआ है। उन्होंने पंडित दीनदयाल इंटर कॉलेज से 12वीं (2014) और गोरखपुर के मदन मोहन मालवीय इंजीनियरिंग कॉलेज से बीटेक किया। पिता के निधन के बाद भी मनीष ने कठिन हालातों में मेहनत जारी रखी। परिणाम 21 जुलाई 2025 को आया। सफलता से परिवार और क्षेत्र में खुशी की लहर है। मां कालिका पांडे की आंखों में खुशी के आंसू छलक उठे। वही जनप्रतिनिधियों व शिक्षकों ने मनीष को बधाई दी है।

# कृष्णा महिला पीजी कॉलेज में पहली अगस्त से शुरू होंगी कक्षाएं

## नि: शुल्क गीत, संगीत और नृत्य की भी मिलेगी शिक्षा




**जन एक्सप्रेस । पनियरा/महराजगंज**

पनियरा क्षेत्र के बड़वार स्थित कृष्णा महिला पीजी कॉलेज में आगामी 1 अगस्त से बीए व बीएससी की कक्षाएं प्रारंभ होंगी। इसके साथ ही छात्राओं को नि- शुल्क गीत, संगीत और नृत्य की भी शिक्षा दी जाएगी।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. इन्द्रेश चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि कक्षा में प्रवेश लेने वाली छात्राएं महाविद्यालय आकर समय सारिणी की जानकारी प्राप्त करें और निर्धारित तिथि से नियमित रूप से कॉलेज आना शुरू कर दें। उन्होंने आगे बताया कि सांस्कृतिक गतिविधियों में रुचि रखने वाली छात्राएं भी संबंधित समय की जानकारी प्राप्त कर सकती हैं, ताकि वे निर्धारित समय पर उपस्थित होकर गीत, संगीत और नृत्य की विधा में प्रशिक्षण प्राप्त कर सकें। यह पहल न सिर्फ छात्राओं की शैक्षणिक उन्नति को बढ़ावा देगी, बल्कि सांस्कृतिक प्रतिभा को निखारने में भी सहायक होगी।

# गोरखपुर में रिटायर्ड एयरफोर्स कर्मी लापता, मांगी गई एक करोड़ की फिरौती

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

गोरखपुर में शुक्रवार सुबह सेवानिवृत्त एयरफोर्सकर्मी अशोक जायसवाल संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए। परिजनों के अनुसार वह स्विमिंग के लिए रेलवे स्टेडियम गए थे। इसके बाद उनकी पत्नी को एक करोड़ रुपये की फिरौती के लिए अगवा करने की कॉल आई। पुलिस सर्विलांस की मदद से आरोपितों की तलाश कर रही है।

एसपी सिटी बोले मामला लेन देन से जुड़ा, जल्द पकड़े जाएंगे आरोपित

जागरण संवाददाता, गोरखपुर। सेवानिवृत्त एयरफोर्सकर्मी व आयुष्मान हॉस्पिटल (पादरी बाजार) के स्वामी अशोक जायसवाल शुक्रवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए। रोज की तरह वह सुबह 5–30 बजे स्विमिंग के लिए रेलवे स्टेडियम गए थे, लेकिन सुबह नौ बजे तक घर नहीं लौटे। चिंतित परिजनों ने खोजबीन शुरू की, इसी बीच करीब 10 बजे उनकी पत्नी डॉ. सुषमा जायसवाल के मोबाइल पर एक अनजान नंबर से वाटसएप के जरिए काल आया। दूसरी तरफ से बात करने वाले ने अशोक को अगवा करने की बात कही और फिरौती में एक करोड़ रुपये की मांग की। कॉल पर अशोक से खुद भी बात कराई गई। सर्विलांस की मदद से पुलिस आरोपितों की तलाश कर रही है।

बस्ती जिले में तैनात डॉ. सुषमा जायसवाल के पास जैसे ही फोन आया उन्होंने इसकी सूचना तुरंत शाहपुर थाना पुलिस को दी। मौके पर पुलिस अधिकारी पहुंचे और मामले की पड़ताल शुरू की। सर्विलांस टीम की मदद से तलाश शुरू कर दी गई। एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या मामला किसी लेन-देन या निजी विवाद से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। हालांकि अपहरण की आशंका को देखते हुए सभी पहलुओं पर गंभीरता से जांच की जा रही है।

कॉल करने वाले की पहचान की कोशिश हो रही है और जल्द ही सच्चाई सामने आ जाएगी।

अशोक जायसवाल का आवास पादरी क्षेत्र में है। वह गोरखपुर में निजी अस्पताल चलाते हैं और क्षेत्र में एक सम्मानित नाम माने जाते हैं। उनके अचानक इस तरह गायब हो जाने और फिरौती की कॉल आने से स्थानीय लोग परेशान हैं।

### घर से लेकर स्टेडियम तक देखें जा रहे सीसी कैमरे

शाहपुर थाना पुलिस रेलवे स्टेडियम से लेकर अशोक जायसवाल के आवास तक के रूट में लगे सीसी कैमरे के फुटेज खंगाल रही है। साथ ही मोबाइल काल डिटेल और वाट्सएप नंबर की आईपी ट्रेसिंग की जा रही है।

### शराब पीने के लिए पानी देने से इन्कार पर मार दी गोली, गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

कोतवाली क्षेत्र के लंगड़ी देवरिया मोहल्ले में बृहस्पतिवार की सुबह आरओ प्लांट पर काम करने वाले युवक को दिनदहाड़े गोली मार दी गई। इससे सनसनी फैल गई। गोली युवक के बाएं पैर में लगी है। इससे वह घायल हो गया। आरोप है कि शराब पीने के लिए पानी देने से इन्कार करने पर आरोपियों ने वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने एक आरोपी निर्भय चौरसिया को गिरफ्तार भी कर लिया है। जानकारी के अनुसार, लंगडी देवरिया निवासी 25 वर्षीय अमरेश कुशवाहा उर्फ छोटू नामक सुबह आरओ प्लांट पर मौजूद था। इस दौरान पानी नहीं देने पर कुछ युवकों ने उसे गोली मार दी। अमरेश के भाई अखिलेश कुशवाहा ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि अमरेश को मनीष जायसवाल, निर्भय चौरसिया और अन्य दो-तीन लोगों ने शराब पीने के लिए पानी मांगने के विवाद में गोली मारी है।

# गोरखपुर में योगी ने सुनी फरियाद, बोले– जनता की हर समस्या का कराएंगे समाधान

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**



गोरखपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लगातार दूसरे दिन जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने अधिकारियों को संवेदनशीलता और तत्परता से समस्याओं का समाधान करने का निर्देश दिया। सीएम ने कहा कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए संकल्पित है और किसी के साथ अन्याय नहीं होने देगी।

गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार सुबह लगातार दूसरे दिन जनता दर्शन में आए लोगों से मुलाकात की और आश्वस्त किया कि सरकार जनता की हर समस्या का प्रभावी समाधान कराएगी।

सीएम ने ध्यान से सबकी समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन समस्याओं का निस्तारण संवेदनशीलता और तत्परता से किया जाए। इसमें तनिक भी लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि हर समस्या का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी और संतुष्टिपरक होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि जनता की हर समस्या का समाधान सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है।

गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने करीब 200 लोगों से मुलाकात की। उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि हर व्यक्ति को न्याय दिलाया जाएगा। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित निस्तारण का निर्देश देने के साथ मुख्यमंत्री ने लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए संकल्पित है।

# सीएम योगी ने कहा– जनप्रतिनिधियों के प्रस्तावों पर तेजी से हो सड़कों का निर्माण

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार ने इंटरस्टेट कनेक्टिविटी और फोरलेन कनेक्टिविटी की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। इसका लाभ गोरखपुर-बस्ती मंडल को भी मिल रहा है। उन्होंने सड़क कनेक्टिविटी को लगातार सुदृढ़ करने पर जोर देते हुए कहा कि सड़कों को लेकर जनप्रतिनिधियों से मिले प्रस्तावों को लोक निर्माण विभाग गंभीरता से ले।

जनप्रतिनिधियों (सांसदों-विधायकों) और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को गोरखपुर और बस्ती मंडल के सभी विधानसभा क्षेत्रों के लिए आगामी परियोजनाओं/प्रस्तावों की जानकारी ली। इस अवसर पर उन्होंने दोनों मंडलों से आए जनप्रतिनिधियों से विधानसभावार उनके क्षेत्र की सड़क आवश्यकताओं को लेकर चर्चा की। साथ ही कहा कि क्षेत्र की समस्याओं के समाधान हेतु और क्षेत्रीय जन आकांक्षा के अनुरूप नई सड़क परियोजनाओं का प्रस्ताव शासन को उपलब्ध कराएं। इन प्रस्तावों पर प्राथमिकता के आधार पर त्वरित कार्यवाही होगी।

एनेक्सी भन सभागार में आयोजित बैठक में मुख्यमंत्री ने सबसे पहले गोरखपुर-बस्ती मंडल के सभी विधानसभा क्षेत्रों में आगामी सड़क निर्माण परियोजनाओं, प्रस्तावों का डिजिटल प्रेजेंटेशन देखा। लोक निर्माण विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने आगामी प्रस्तावों से अवगत कराया।

हर विधानसभा क्षेत्र में सड़कों की भावी परियोजनाओं का हाल जानने के बाद मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों से उनके क्षेत्र में सड़कों की भावी आवश्यकता की कार्ययोजना पर चर्चा की और लोक निर्माण विभाग के अफसरों को उसके अनुरूप निर्देश दिए।

बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार ने इंटरस्टेट कनेक्टिविटी और फोरलेन कनेक्टिविटी की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। इसका लाभ गोरखपुर-बस्ती मंडल को भी मिल रहा है। उन्होंने सड़क कनेक्टिविटी को लगातार सुदृढ़ करने पर जोर देते हुए कहा कि सड़कों को लेकर जनप्रतिनिधियों से मिले प्रस्तावों को लोक निर्माण विभाग गंभीरता से ले। जितने भी प्रस्ताव आएं, उनमें से प्राथमिकता का निर्धारण जनप्रतिनिधियों की सहमति से हो। जनप्रतिनिधि जिन सड़कों को प्राथमिकता दें, सबसे पहले उनका इस्टीमेट बनाएं और शिलान्यास कराकर निर्माण कार्य शुरू हो। इसके बाद अन्य सड़कों को भी चरणवार बनाया जाए। उन सड़कों को सबसे पहले प्राथमिकता दी जाए, जो बड़ी आबादी को लाभान्वित करने वाले हों।

उन्होंने कहा कि नगरीय क्षेत्र की सड़कों को सीएम ग्रिड योजना में शामिल कर विकसित किया जाए। सीएम ने इस दौरान सड़क निर्माण परियोजनाओं को तय समय सीमा में पूरा करने और गुणवत्ता में कोई भी समझौता न करने के निर्देश दिए। कहा कि जनप्रतिनिधि अपने अपने क्षेत्र की सड़कों के निर्माण कार्य की मॉनिटरिंग करते रहें ताकि गुणवत्तापूर्ण कार्य तेजी से होता रहे। गुणवत्ता पर प्रश्न नहीं उठना चाहिए।

### बेकाबू ट्रेलर ने साइकिल सवार छात्रा को रौंदा

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

गौरीबाजार-रुद्रपुर मार्ग पर बृहस्पतिवार की दोपहर बेकाबू ट्रेलर की चपेट में आने से स्कूल से साइकिल से घर जा रही छात्रा की मौत हो गई। नाराज लोगों ने चालक को दौड़ाकर पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया।

जानकारी के अनुसार, छात्रा की पहचान करिश्मा गुप्ता (16) पुत्री राजेश गुप्ता निवासी सेखुई, उसरहवा टोला के रूप में हुई है। करिश्मा इंदूपुर स्थित बाहर सिंह श्रीनेत इंटर कॉलेज में हाईस्कूल की छात्रा थी।

वह साइकिल से घर जा रही थी। इंदूपुर सेंट्रल बैंक की शाखा के पास पीछे से आ रहे ट्रेलर ने उसे चपेट में ले लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रेलर की रफ्तार अत्यधिक तेज थी । स्थानीय लोगों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। ट्रेलर चालक को थाने ले गई।

# एसएसबी के 30 जवानों से भरी बस गड्ढे में गिर पलटी, नेपाल बॉर्डर से जा रही थी गोरखपुर

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**



जानकारी के मुताबिक एसएसबी जवानों की एक बस भारत नेपाल बॉर्डर के सोनौली सरहद से 30 जवानों को लेकर गोरखपुर जा रही थी।

गोरखपुर सोनौली राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित मनिकौरा स्थित एक पेट्रोल पम्प के पास गुरुवार को उस वक्त अचानक सड़क जाम हो गई। जब एसएसबी के 30 जवानों से भरी एक बस अनियंत्रित होकर गड्ढे में पलट गई। गनीमत रहा कि बस की रफ्तार धीमी होने के चलते कोई हताहत नहीं हुआ। वही मौके पर जुटे लोगों और पुलिस के मदद से बस में सवार एसएसबी जवानों को बस से बाहर निकाला गया। फिर बस को सीधा करने के लिए पीएनसी की क्रेन की ली गई। जानकारी के मुताबिक एसएसबी जवानों की एक बस भारत नेपाल बॉर्डर के सोनौली सरहद से 30 जवानों को लेकर गोरखपुर जा रही थी।

अभी जवानों से भरी बस गोरखपुर सोनौली राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित मनिकौरा स्थित एक पेट्रोल पम्प के पास पहुंची थी। इसी बीच सड़क पर रखी गई मिट्टी के चलते बस का पहिया फिसल गया। फिर जवानों से भरी बस गड्ढे में जाकर पलट गई।

वहीं बस के पलटने के बाद मौके पर आस पास के लोग भी भीड़ जुट गई। वही कुछ ही देर बाद मौके पर पुलिस भी आ पहुंची। पुलिस हादसे की जानकारी उच्चाधिकारी के साथ ही एसएसबी को देते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई। फिर मौके पर एम्बुलेंस और अधिकारी भी आ पहुंचे। वहीं, पीएनसी की क्रेन की मदद से बस को सीधा कर गड्ढे से बाहर निकाली गई। उसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

फरेंदा पुलिस क्षेत्राधिकारी अनिरुद्ध कुमार ने बताया कि हादसे में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। सड़क किनारे गड्ढे में बस का पहिया जाने से बस पलटा था, जिसे क्रेन के माध्यम से निकलवाया गया है।

# हॉकी मैच में स्टेडियम टीम ने सिवान को 7–2 से दी शिकस्त

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**



स्पोर्ट्स स्टेडियम में बृहस्पतिवार को एक दिवसीय फ्रेंडली हॉकी मैच का आयोजन किया गया। इसमें स्पोर्ट्स स्टेडियम देवरिया और सिवान बिहार के बीच मैच खेला गया। दोनों ही टीमों में संघर्षपूर्ण मुकाबला हुआ। इसमें स्पोर्ट्स स्टेडियम देवरिया 7-2 से विजेता रही। स्टेडियम की तरफ से साहिल ने एक, अरिंदम तिवारी ने दो, अमित चौहान ने एक, दिव्य कुमार ने एक तथा रोहित ने दो गोल दागा। सिवान की तरफ से आयुष्मान ने एक और आशीष ने एक गोल किया।

समापन अवसर पर मैच के मुख्य अतिथि एवं जिला संघ के सचिव अकरम सिद्दीकी ने खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किया।

इस दौरान सीनियर हॉकी खिलाड़ी जफर मंसूर, राजेश पासवान, समीर तिवारी, जिला क्रीड़ाधिकारी अनुराग श्रीवास्तव, हॉकी प्रशिक्षक शकील अहमद आदि मौजूद रहे।

### कांवड़ियों से भरा पिकअप चाय की दुकान में घुसा, 15 घायल, अफरातफरी

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

देवघर से जल चढ़ाकर लौट रहे कांवड़ियों से भरी पिकअप बृहस्पतिवार की सुबह बिहार के सिवाल जिले के जीबी नगर थाना क्षेत्र तरवारा गंडक नहर पुल के पास अनियंत्रित होकर सड़क किनारे चाय की दुकान में घुस गया। हादसे में चाय पी रहे एक युवक समेत 15 कांवड़िये घायल हो गए। इनमें तीन की हालत गंभीर है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसा उस वक्त हुआ जब पिकअप चालक को झपकी आ गई और वाहन का संतुलन बिगड़ गया। अनियंत्रित पिकअप सीधे चाय की दुकान में घुस गया। इसके बाद पिकअप दुकान में ही पलट गया। वैन में 35 कांवड़िये सवार थे, जो देवरिया जिले के भटनी थाना क्षेत्र के बलुआ अफगान गांव के रहने वाले हैं।

# आशिक को न आया रहम: रात में घुस गया पूर्व प्रेमिका के घर... फिर मच गई चीख–पुकार, महिला को खून–खून देख सब सन्न

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**



आरोपी के पास से एक तमंचा, एक खोखा कारतूस और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस के अनुसार, यह घटना पुराने रिश्ते के टूटने और निजी विवाद का नतीजा हो सकती है।

उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले के गीडा थाना क्षेत्र के पिपरौली में गुरुवार की एक घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। पुराने प्रेमी ने तेनुवा गांव निवासी महिला का गला रेत दिया। गंभीर हालत में उसे बीआरडी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। वहीं, देर रात पुलिस ने मुठभेड़ में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के अनुसार, महिला की शादी एक साल पहले हुई थी। आरोपी भोलू उर्फ अरुण भी उसी गांव का रहने वाला है। बृहस्पतिवार की रात उसने महिला के घर में घुसकर वारदात को अंजाम दिया। गीडा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए भोलू को मुठभेड़ में दबोच लिया, जिसमें उसके दाएं पैर में गोली लगी। मुक्तिधाम से गीडा की तरफ जाते समय पुलिस ने उसको रोकने की कोशिश की जिसमें उसने फायरिंग कर दी।

जवाबी कार्रवाई में वह घायल हो गया। मुठभेड़ की कमान चौकी प्रभारी पिपरौली संतोष सिंह ने संभाली। उसके पास से एक तमंचा, एक खोखा कारतूस और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस के अनुसार, यह घटना पुराने रिश्ते के टूटने और निजी विवाद का नतीजा हो सकती है। एसपी नॉर्थ जितेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपी को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# बिना मान्यता के संचालित विद्यालयों पर चला प्रशासन का चाबुक, शिक्षा विभाग ने कराया बंद

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज तराई बलरामपुर**




जिले में कुकुरमुत्ता की तरह बिना मान्यता के तमाम स्कूल संचालित हो रहे हैं जिस पर प्रशासन कड़ा रुख अपना रहा है। इसी क्रम में शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा बिना मान्यता के मदरसा विद्यालय व अंग्रेजी मीडियम से संचालित विद्यालय को बंद करवाया गया। बिना मानता के संचालित मदरसा व प्राइवेट विद्यालय के मालिकों में हड़कंप मच गई। साथ ही विद्यालय के प्रबंधक व प्रधानाचार्य को नोटिस दिया गया। चेतावनी दिया कि अगर विद्यालय संचालित मिलता है तो विभाग द्वारा मुकदमा पंजीकृत कराया जाएगा।

तुलसीपुर खंड शिक्षा अधिकारी स्वामीनाथ ने बिना मान्यता के संचालित मदरसा अहमदिया समसुल उलूम धौराहरी, आर्य जी पब्लिक स्कूल अलाहडीह, मदरसा तबरेजुल उलूम हरिहरपुर, विदोही शिक्षा संस्थान फिरोजपुर, राधा कृष्ण पब्लिक स्कूल लालनगर सिपहिया, मदरसा अलहे सुन्नत रजाये मुस्तफा गुदरा, मदरसा मिसबाहउल उलूम सुखरामपुर, मदरसा जामिया अरबिया अलहे सुन्नत अनवारूल उलूम शिवानगर, सल्दीराम पब्लिक स्कूल नौवां, स्वर्गीय धीरज सिंह पब्लिक स्कूल परसपुर, मुजहेरा पब्लिक स्कूल सहित दो दर्जन से अधिक विद्यालय को बंद करवाकर नोटिस जारी किया। उन्होंने प्रबंधक व प्रधानाचार्य को नोटिस देकर बताया कि अगर नोटिस के बाद विद्यालय संचालित मिलता है तो मुकदमा पंजीकृत करके कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्र में जांच के दौरान कोई भी विद्यालय अगर बिना मान्यता का मिलता है तो नोटिस जारी करके कार्रवाई की जाएगी।

क्षेत्र में कई बिना मान्यता कि प्राप्त भदरसा व अंग्रेजी मीडियम विद्यालय संचालित होने की सूचना मिली है। सूची बनाई जा रही है जल्दी सभी पर कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान अधिकांश मदरसा व प्राइवेट विद्यालय को अधिकांश संचालक बंद करके भाग निकले। हालांकि शिक्षा विभाग के पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी ने इस विद्यालय को पहले भी बंद करवाकर नोटिस देकर कार्रवाई की थी। साथ ही क्षेत्र के कई बिना मान्यता के विद्यालयों को बंद करवाया था। लेकिन बिना मान्यता के विद्यालय के संचलाक को विभागीय डर नहीं रह गया है। खंड शिक्षा अधिकारी स्वामीनाथ ने बताया कि बिना मान्यता विद्यालयों को नोटिस देकर बंद करवाया जा रहा है। अगर संचालित पाया गया तो मुकदमा पंचकृत कराया जाएगा।

## बिल्डर की उपचार के दौरान हुई मौत

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**

थाना सिविल लाइन क्षेत्र के जामिया उर्दू रोड पर 21 जुलाई दोपहर स्कूटी सवार बिल्डर जुल्फिकार उर्फ लाडले खां अपनी बेटी को कोचिंग से लेने जा रहे थे। उन पर बुलट सवार दो हमलावरों ने चार गोलियां मारीं थीं। गंभीर हालत में उन्हें जेएन मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान आज उन्होने दम तोड़ दिया। 21 जुलाई को बिल्डर जुल्फिकार उर्फ लाडले खां पुत्र दर्शन खान को चार गोली मारी गई थीं। पुलिस ने सीसीटीवी के आधार पर सिविल लाइन क्षेत्र के जोहराबाग निवासी आरोपी आदम पुत्र अथर असलम व क्वार्सी क्षेत्र के नगला पटवारी निवासी वसीम पुत्र चमन को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। आरोपी आदम ने पुलिस को बताया था कि निशा नाम की युवती से वह प्यार करता था और निशा से बिल्डर के भी संबंध थे। दोनों का मेलजोल बढ़ता जा रहा था। आदम को यह संदेह था कि बिल्डर लाडले खां उसकी प्रेमिका निशा को उससे मिलने से मना करता था और रोकटोक किया करता था। जिसके कारण उसकी प्रेमिका और उसके बीच की दूरियां बढ़ती जा रही थी।

# विद्यालय यान एवं सड़क सुरक्षा समिति की दूसरी बैठक आयोजित

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर के कलेक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को जिला सड़क सुरक्षा तथा जिला विद्यालय यान सुरक्षा समिति की बैठक मुख्य विकास अधिकारी संजीव मौर्या की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

जानकारी के अनुसार 24 जुलाई क मुख्य विकास अधिकारी संजीव मौर्या की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की जुलाई में आयोजित सातवीं बैठक एवं जिला विद्यालय यान परिवहन सुरक्षा समिति की दूसरी बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई । बैठक में आम जनमानस में सड़क सुरक्षा के नियमों की जागरूकता हेतु जनपद के विभिन्न चौराहों पर स्थाई होर्डिंग लगाने के निर्देश दिए गए । सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने की दृष्टिगत प्रवर्तन कार्रवाई को और अधिक प्रभावी बनाने तथा की गई प्रवर्तन कार्रवाई को इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया के माध्यम से आम जनमानस में जागरूकता उत्पन्न करने के लिए ज्यादा से ज्यादा व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए गए। सड़क पर पूर्व में चिन्हित दुर्घटना संभावित स्थलों व ब्लैक स्पॉट पर सड़क सुरक्षा साइनेज, आई कैट लगाए जाने के निर्देश दिए गए। जनपद के मुख्य चौराहा जैसे फुलवरिया बाईपास व वीर विनय चौराहा पर राउंड येबाउट बनाने एवं यातायात पुलिस को खड़े होने की व्यवस्था करने हेतु संबंधित कार्यकारी संस्था को निर्देश दिए गये । जिला विद्यालय एवं परिवहन सुरक्षा समिति की दूसरी बैठक में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देश दिए गए कि विद्यालय में संचालित वाहनों में सुरक्षा उपकरण जैसे जीपीएस लोकेशन ट्रैकिंग सिस्टम, सीसीटीवी कैमरा, फायर एक्सटिंगविशर, फर्स्ट एड बॉक्स उपकरण अवश्य लगाया जाए । विद्यालय वाहन के चालकों एवं परिचालकों के चरित्र एवं लाइसेंस का सत्यापन अवश्य कराया जाए । साथ ही साथ चालकों के स्वास्थ्य की भी जांच नियमित अंतराल पर अवश्य कराई जाए स्कूली बसों में छात्र-छात्राओं के आवागमन की स्थिति में महिला परिचर की व्यवस्था अनिवार्य रूप से की जाए समस्त विद्यालयों में विद्यालय परिवहन सुरक्षा समिति आवश्यक रूप से गठित की जाए तथा नियमित बैठक कराई जाए छात्र-छात्राओं में सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरूक किया जाए निजी पंजीकृत वाहनों को विद्यालय मैं संचालित होने पर विद्यालय से संबद्ध किया जाय ई रिक्शा एवं ऑटो रिक्शा से यदि विद्यालय में छात्र-छात्राओं के आवागमन को प्रतिबंधित किया जाए। आज की बैठक में सड़क सुरक्षा समिति के स्टेकहोल्डर के अतिरिक्त विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों एवं विभिन्न विद्यालयों के प्रबंधक व प्रधानाचार्यो ने प्रतिभाग किया।

## सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ने किया 30 वाहनों का चालान



**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर के सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी द्वारा शुक्रवार को चलाए गए चेकिंग अभियान में 30 वाहनों का चालान किया गया। साथ ही 175000 के प्रवर्तन की कार्यवाही की गई।

जानकारी के अनुसार 25 जुलाई को सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी की प्रवर्तन कार्यवाही में बिना परमिट संचालित पाए जाने पर एक बस (लुधियाना से बढ़नी) एवं चार माल वाहन निरुद्ध की कार्यवाही के साथ साथ 01 बस का परमिट शर्तो के विरुद्ध संचालित पाये जाने के साथ-साथ कुल 30 वाहनों का चालान किया गया। प्रवर्तन कार्रवाई में कुल 175000 रुपए की शास्ति अधिरोपित की गई।

# एनसीसी द्वारा वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**




जनपद बलरामपुर के तहसील उतरौला क्षेत्र में स्थित एम वाई उस्मानी इंटर कॉलेज में शुक्रवार की देर शाम वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जानकारी के अनुसार 24 जुलाई की देर शाम एम. वाई. उस्मानी इंटर कॉलेज उतरौला में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं से सटे गांव के विकास हेतु एक केंद्रीय योजना है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एनसीसी 51 वीं बटालियन के कर्नल ए. पी .एस. पटवाल ने समय की मांग को देखते हुए छात्र छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु अपने आप को शारीरिक व मानसिक रूप से तैयार रहने के लिए कहा। जिला सेवा योजना अधिकारी मीता गुप्ता ने बताया कि मशीनों का युग है यहां हजारों की संख्या में काम करने वाले कर्मचारियों की जगह अब केवल सैकड़ो में लोग काम करते हैं, क्योंकि बड़ी-बड़ी फैक्ट्रियां पूर्ण रूप से ऑटोमेटिक हो चुकी हैं। ऐसे में आपको कड़ी मेहनत और लगन से रोजगार हेतु प्रयास करना होगा। चिकित्सा अधिकारी ने स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए बताया कि अपने आप को कैसे स्वस्थ रखें।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रधानाचार्य अबुल हाशिम खा ने छात्र-छात्राओं को देश का भविष्य बताते हुए कड़ी मेहनत और लगन के साथ लक्ष्य प्राप्ति हेतु हर संभव प्रयास करने पर बल दिया। कार्यक्रम में कर्नल पटवाल, जिला सेवायोजन अधिकारी मीता गुप्ता तथा विद्यालय प्रधानाचार्य अबुल हाशिम खान ने एनसीसी कैडेटों को प्रमाण- पत्र वितरित किया और कैडेटों ने वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर सूबेदार मेजर विनय घोष, हवलदार प्रमोद, विद्यालय एन.सी.सी अधिकारी मेजर आरिफ हुसैन तथा समस्त अध्यापक उपस्थित रहे।

## बाल गंगाधर तिलक जयंती पर स्कूल में आयोजित हुई विविध गतिविधियां

**जन एक्सप्रेस । तुलसीपुर, बलरामपुर**

जनपद के तहसील तुलसीपुर के आदि शक्ति मां पाटेश्वरी पब्लिक स्कूल में भारत माता के महान सपूत, लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धा एवं उत्साहपूर्वक विविध शैक्षिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन से प्रेरणा देना और उनमें देशभक्ति की भावना जागृत करना था।

कार्यक्रम के दौरान कक्षा 1ह्यह्व से 3ह्म्ड़ तक के नन्हे-मुन्ने छात्र-छात्राएँ बाल गंगाधर तिलक के वेश में विद्यालय आए तथा उनके जीवन से जुड़ी प्रेरणादायक बातें मंच पर प्रस्तुत कीं। इन बच्चों का आत्मविश्वास और उत्साह देखने लायक था। वहीं कक्षा 4 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। बच्चों ने अपनी कल्पनाशक्ति और रंगों से तिलक जी की भावनाओं को सुंदर रूप में कागज पर उतारा। इसके साथ ही

कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के बीच भाषण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें प्रत्येक कक्षा से दो प्रतिभागियों ने भाग लिया। उन्होंने तिलक जी के विचार, उनके संघर्ष और राष्ट्र के प्रति समर्पण पर ओजस्वी भाषण प्रस्तुत किए। कार्यक्रम विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ डी पी सिंह के मार्गदर्शन में अनिता गुप्ता द्वारा किया गया।

# मानसून सत्र में गन्ना बुवाई कार्य का महाप्रबंधक ने किया शुभारम्भ

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर की प्रतिष्ठित औद्योगिक इकाई बलरामपुर चीनी मिल द्वारा मानसून सत्र के गन्ना बुवाई का शुभारंभ शुक्रवार को ग्राम लक्ष्मणपुर लाल नगर से किया गया है।

जानकारी के अनुसार 25 जुलाई को बलरामपुर चीनी मिल क्षेत्र के ग्राम लक्ष्मणपुर लालनगर में गन्ना कृषक पाटेश्वरी प्रसाद के खेत पर 3 फीट एकल पंक्ति विधि से को0 लख0 16202 प्रजाति की गन्ना बुवाई का महा प्रबन्धक (गन्ना) श्याम सिंह ने फीता काटकर शुभारम्भ किया। महा प्रबन्धक ने उपस्थित किसानों को सम्बोधित करते हुए अधिक से अधिक क्षेत्र में शरदकालीन गन्ना बुवाई में उन्नतशील प्रजाति को0लख0 14201, को0 0118 और को0लख0 16202 की बुवाई हेतु अपील की।

साथ ही गन्ने के साथ सह-फसली जैसे गन्ना गोभी, गन्ना आलू, गन्ना सरसों, गन्ना लहसुन की बुवाई हेतु भी प्रेरित किया। सहायक महा प्रबन्धक गन्ना अरूण श्रीवास्तव ने किसानों को फसल सुरक्षा के बारे में भी अवगत कराया। मौके पर जोनल अधिकारी संदीप सिंह, सर्किल सुपरवाइजर अभिषेक सिंह एवं काफी संख्या में गन्ना कृषक उपस्थित रहे।

## मुख्य गेट पर झंडा लगाने का विवाद गरमाया, दो पक्षों में तनातनी

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**

थाना गंगीरी क्षेत्र के गांव बढ़ारी बुजुर्ग के मुख्य गेट पर झंडा लगाने का विवाद गरमा गया। दो पक्षों के लोगों के बीच तनातनी होने पर पुलिस ने आठ लोगों को शांतिभंग में गिरफ्तार कर लिया। थाना गंगीरी इंचार्ज सुमित गोस्वामी ने बताया कि गांव का मुख्य गेट लोहे का बना हुआ है, इस गेट पर आंबेडकर जयंती पर अनुसूचित जाति के लोगों द्वारा बाबा साहेब के झंडे लगाए गए थे। श्रावण मास के सोमवार 21 जुलाई को कुशवाहा समाज के कुछ लोगों ने गेट पर बाबा साहेब के झंडे के पास भगवा रंग के हनुमानजी व श्रीराम के बड़े झंडे लगा दिए थे। इसी को लेकर दोनों समाज के लोगों में तनातनी हो गई थी। मामले में पुलिस ने तीन युवक को पकड़ लिया था, जिसमें दोनों समाज के लोगों में राजीनामा होने के कारण पुलिस ने पकड़े गए तीनों युवकों को छोड़ दिया। इसी मामले में बुधवार की सुबह फिर दोनों समाज के लोगों में तनातनी और हंगामा होने लगा। सूचना पर गांव पहुंची पुलिस ने दोनों समाज के आठ लोगों को हवालात में बंद कर दिया है।

# पंचायत निर्वाचन नियमावली के पुनरीक्षण को लेकर डीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक



**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावली के बृहद पुनरीक्षण के संबंध में बैठक जिला निर्वाचन अधिकारी और डीएम पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में डीएम ने कहा कि त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावली के बृहद पुनरीक्षण के तहत आयोजित होने वाली गतिविधियों की समय सारणी जारी कर दी गई हैं। निर्वाचन नामावली के बृहद पुनरीक्षण का कार्य निर्धारित तिथि के अनुसार गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाना सुनिश्चित किया जाए।उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम और सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी बीएलओ एवं सुपरवाइजर नियुक्त कर दें एवं सभी का प्रशिक्षण की भी करा दें। उन्होंने कहा कि 01 जनवरी 2025 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके सभी व्यक्तियों के नाम त्रिस्तरीय पंचायतों की मतदाता सूची में शामिल किया जाए। कोई भी अर्ह मतदाता ना छुटे।

इस दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व/निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, समस्त एसडीएम और सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, समस्त खंड विकास अधिकारी, समन्वयक अधिकारी, समस्त तहसीलदार, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहें।

## निषाद समाज के लोगों ने फूलन देवी को दी श्रद्धांजलि

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

खंदौली के पोइया गांव में निषाद समाज के लोगों ने %फूलन देवी% का शहादत दिवस अत्यंत श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया। गांव के गणमान्य व्यक्तियों, युवाओं और महिलाओं ने बड़ी संख्या में उपस्थित रहकर फूलन देवी के बलिदान को याद किया। कार्यक्रम का आयोजन मीडिया प्रभारी कृष्णा निषाद, यशपाल निषाद, और एसपी सिंह निषाद के नेतृत्व में किया गया। जिसमें पोइया गांव के साथ साथ आस-पास गांव के गणमान्य नागरिक एवं निषाद समुदाय के सदस्य भी उपस्थित रहे, जिन्होंने फूलन देवी के योगदान को स्मरण करते हुए उनके जीवन संघर्ष और न्याय की लड़ाई लड़ी। उन्होंने समाज के कमजोर और पिछड़े वर्गों के अधिकारों के लिए आवाज उठाई, और उनके सम्मान के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उनका बलिदान आज भी उन लोगों को प्रेरणा देता है जो सामाजिक न्याय और समानता के लिए संघर्षरत हैं।

## मेडिकल कॉलेज के सीवर लाइन में फंसने से दो मजदूर की मौत, एक की हालत गंभीर

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर**

जनपद के महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज सदरपुर में गुरुवार दोपहर सीवर की सफाई के दौरान बड़ा हादसा हो गया सफाई कार्य में लगे तीन मजदूर जहरीली गैस की चपेट में आ गए जिससे दो की मौके पर ही मौत हो गई जबकि तीसरा मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी में जिंदगी और मौत की जंग लड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार मेडिकल कॉलेज परिसर में शिवर लाइन की नियमित सफाई का कार्य किया जा रहा था इसी दौरान एक मजदूर अचानक संतुलन खो बैठा अचानक सीवर में गिर गया उसे बचाने के प्रयास में दो अन्य मजदूर भी नीचे उतर गए लेकिन नीचे मौजूद जहरीली गैस के कारण तीनों मजदूर बेहोश होकर शिवर में फंस गए हादसे की सूचना मिलते ही मेडिकल कॉलेज प्रशासन में हड़कंप बच गया तत्काल राहत कार्य शुरू किया गया जेसीबी की मदद से सीवर लाइन को तोड़कर तीनों मजदूरों को बाहर निकल गया और उन्हें तत्काल मेडिकल कॉलेज में की आपातकालीन इकाई में भर्ती कराया गया डॉक्टरों ने जांच के बाद दो मजदूर मनीराम निवासी रामपुर कला टांडा और देवेंद्र को मृत घोषित कर दिया वहीं तीसरे मजदूर सुरेंद्र निवासी रामपुर कला की हालत गंभीर बताइ जा रही है जिसका मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही मेडिकल कॉलेज चौकी प्रभारी रवीश कुमार ने मौके पर पहुंचकर दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# जनहित सेवा में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : मण्डलायुक्त

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**

- मण्डलीय समीक्षा बैठक में विकास कार्यों पर हुई गहन चर्चा
- शासकीय सेवा केवल एक पद नहीं, बल्कि जनसेवा संकल्प

कमिश्नरी सभागार में मंडलायुक्त की अध्यक्षता में मंडलीय समीक्षा बैठक हुई। जिसमें मंडलायुक्त संगीता सिंह ने विकास कार्यों की धीमी प्रगति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जनसेवा में संलग्न अधिकारियों को आत्मविश्लेषण की आवश्यकता है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि शासन की प्राथमिकता वाले कार्यों में लापरवाही और समन्वयहीनता स्वीकार नहीं की जाएगी। कमिश्नरी सभागार में आयोजित जून माह की प्रगति समीक्षा बैठक में अलीगढ़ जनपद की रैंकिंग में सुधार न होने पर मंडलायुक्त ने नाराजगी व्यक्त करते हुए सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसा कोई कार्य नहीं है जो इच्छाशक्ति और कर्तव्यनिष्ठा से पूरा न हो सके।

आवश्यकता केवल संकल्प लेने की है। उन्होंने कहा कि अधिकारी अपने कार्यों में पारदर्शिता, जवाबदेही और जनहित को सर्वोपरि रखें। शासन की योजनाओं का लाभ उन्हीं लोगों तक पहुंचे जिनके लिए वे बनाई गई हैं, यह प्रत्येक अधिकारी की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

साथ ही कहा गया कि आईजीआरएस, सीएम हेल्पलाइन व जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जनशिकायतें शासन की प्राथमिकता में हैं, इनकी अनदेखी सीधे तौर पर जनविश्वास को आघात पहुँचाती है। साथ ही कहा गया कि आईजीआरएस, सीएम हेल्पलाइन व जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जनशिकायतें शासन की प्राथमिकता में हैं, इनकी अनदेखी सीधे तौर पर जनविश्वास को आघात पहुँचाती है।

उन्होंने सभी जिलाधिकारियों व विभागीय अधिकारियों को आपसी समन्वय और सामंजस्य के साथ कार्य करते हुए मण्डल की विकास रैंकिंग में उल्लेखनीय सुधार लाने के लिए कार्ययोजना तैयार करने को कहा। बैठक में अलीगढ़, हाथरस, एटा और कासगंज जनपद के जून माह के प्रदर्शन की समीक्षा की गई। उन्होंने मई और जून की रैंकिंग की तुलनात्मक समीक्षा करते हुए विभागवार प्रगति की विस्तार से समीक्षा की और लक्ष्य प्राप्ति में पिछड़ने वाले विभागों को सुधारात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए। मई माह में अलीगढ़ 58, एटा 67, हाथरस 27 और कासगंज 70 वें स्थान पर था। वहीं जून माह में अलीगढ़ 58, एटा 33 , हाथरस 22 और कासगंज 58 वें स्थान पर है। समीक्षा बैठक में बताया गया कि मण्डल में 8 वृहद गौसंरक्षण केंद्र निर्माणाधीन हैं। एडी पशुपालन ने बताया कि प्रत्येक गौसंरक्षण केंद्र में लगभग 500 गौवंश संरक्षित होंगे। उन्होंने बताया कि मण्डल में 226 गौसंरक्षण केंद्र में 51162 गौवंश संरक्षित हैं। दिव्यांगजन सशक्तिकरण में पुन- सत्यापन के उपरांत लक्षित परिवार 191 के सापेक्ष 143 के आवेदन कराए गए हैं। मण्डल में 633 परिवारों को विभागीय योजनाओं से लाभांवित किया जा रहा है। आयुक्त ने निर्देश दिए कि अंत्योदय कार्ड धारक एवं 70 प्लस आयु वर्ग के बुजुर्गो के शतप्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाए जाएं।

## यातायात पलिस ने बालिकाओं को सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरूक



**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर की यातायात पुलिस ने सड़क सुरक्षा के लिए चलाए जा रहे सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के क्रम में शुक्रवार को सरदार वल्लभ भाई पटेल बालिका इंटर कलेज में छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक किया। जानकारी के अनुसार 25 जुलाई को पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडे, क्षेत्राधिकारी यातायात डीके श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात उमेश सिंह की टीम द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल बालिका इंटर कॉलेज गालिबपुर श्री दत्तगंज में प्रधानाचार्य रीता चौधरी अध्यापक संदीप गुप्ता राजीव श्रीवास्तव की मौजूदगी में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में हेलमेट लगाकर चलने तीन सवारी न चलने सीट बेल्ट लगाकर चलने सीट बेल्ट लगाकर चलने गलत दिशा में न चलना नाबालिक द्वारा वाहन न चलने के संबंध में जानकारी दी गई।

# कचगांव में मानक को ताख पर रखकर कराया गया नाली निर्माण का फोटो सोशल मीडिया पर हो रहा वायरल

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**





जिले के नगर पंचायत कजगांव के माधोपट्टी वार्ड में नाली निर्माण का कार्य लगभग एक माह के अन्दर कराया गया है। नागरिकों का आरोप है नाली निर्माण कार्य पूरी तरह से मानक को ताख पर रखकर बनवाया गया है जिसका फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। फोटो वायरल होते ही एक बार फिर नगर पंचायत कजगांव अपने कारनामा के चलते चर्चा में आ गया। एक कहावत है कि तू-तू डाल-डाल तो मैं पात-पात उक्त कहावत नगर पंचायत कजगांव पर सटीक बैठ रही है। क्योंकि उक्त प्रकरण में शासन-प्रशासन डाल-डाल तो नगर पंचायत कजगांव पात-पात देखने को मिल रहा है। सरकार जहां एक तरफ अपनी सांख पर कोई आंच न आवे और नगर पंचायत के विकास के लिए तमाम योजनाऐं चला रही है वही दूसरी तरफ नगर पंचायत एक के बाद एक कारनामा करने में जुटा रहता है। अपने कारनामों के चलते उक्त नगर पंचायत हमेशा सरकार की मंशा पर पानी फेरनें का काम करता रहता है।

नगर पंचायत कचगांव द्वारा क्षेत्र के माधोपट्टी वार्ड में नाली निर्माण का कार्य कराया गया। नाली को पुरी तरह से मानक के विपरीत बनता देखकर वार्डवासियों ने नाली निर्माण कार्य में अनियमितता को देकर बन रहे नाली का फोटो बनाकर सोशल मिडिया पर वायरल कर दिया। बताया जाता हैं यह एक ऐसा नगर पंचायत है जो अपने कारनामों के चलते हमेशा चर्चा में बना रहता है। मानक को ताख पर रखकर ठेकेदार इस नाली का निर्माण कार्य करा दिया। इस नाली के प्रति नगर पंचायत अध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी सहित सभी जिम्मेदार लोग कुम्भकर्णी निद्रा में लीन हैं। इस फोटो के बारे में जब माधोपट्टी वार्ड के सभासद के पुत्र अखिलेश यादव से फोन के माध्यम से जानकारी लिया गया तो उन्होंने बताया कि जब नाली बन रही थी।

उसी समय नाली में पुराने व खराब ईंट लगाने कि जानकारी होते ही इसकी सूचना मैंने अधिशासी अधिकारी को दिया था लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई और ठेकेदार द्वारा मनमानी ढंग से नाली का कार्य कराकर चला भी गया।

# सदैव याद किया जायेगा फूलनदेवी का योगदान : महेन्द्रनाथ यादव

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**




समाजवादी पार्टी द्वारा पूर्व सांसद वीरांगना फूलनदेवी को उनके पुण्य तिथि पर याद किया गया। मुख्य कार्यक्रम सपा जिलाध्यक्ष एवं बस्ती सदर विधायक महेन्द्रनाथ यादव की अध्यक्षता में पार्टी कार्यालय पर हुआ, इसके साथ ही सभी विधानसभा क्षेत्रों और पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं ने अनेक स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित कर फूलनदेवी को नमन् किया।

सपा जिलाध्यक्ष एवं बस्ती सदर विधायक महेन्द्रनाथ यादव ने कहा कि वीरांगना फूलन देवी ने पूरे जीवन भर संघर्ष किया। वह एक जमीन से जुड़ी नेता थी। फूलन देवी की कहानी समाज के पिछड़े, वंचित और दलित समाज के संघर्ष का इतिहास है। परिस्थितियों ने उन्हें डकैत बनने को मजबूर कर दिया और बेहमई जैसा काण्ड हुआ। सपा ने उन्हें अवसर देकर सांसद बनाया किन्तु नियति ने उन्हें हमसे छीन लिया। उनका योगदान सदैव याद किया जायेगा। 25 जुलाई के दिन दिल्ली में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

विधायक राजेन्द्र चौधरी, मो. सलीम, मो. स्वालेह, अरविन्द सोनकर, जावेद पिण्डारी, गीता भारती, मो. हारिश, पंकज निषाद, युनूस आलम, ज्ञानचन्द्र चौधरी, रितिक, प्रशान्त यादव, भोला पाण्डेय, सुनील यादव आदि ने कहा कि फूलन देवी का संघर्ष नारी शक्ति एवं सामाजिक न्याय का प्रतीक बन गया। वंचित समाज की महिला के साथ प्रभुत्ववादी ताकतों ने जो जघन्य अत्याचार और अपमान किया उससे उन्हें बागी का जीवन जीना पड़ा। समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव ने फूलन देवी को सांसद का टिकट दिया। मीरजापुर संसदीय क्षेत्र की जनता ने अपार समर्थन से वे वर्ष 1996 में सांसद बनकर देश के उच्च सदन में पीड़ित, उपेक्षित, बेसहारा समाज की आवाज बनकर उभरीं।

सपा के जिला मंत्री मो. स्वालेह ने बताया कि बस्ती सदर के मड़वानगर, हरैया में अशोकपुर शिव मंदिर परिसर, महादेवा में रामपुर, रूधौली में रानीपुर में कार्यक्रम आयोजित कर वीरांगना फूलनदेवी को याद किया गया।

कार्यक्रमों में मुख्य रूप से विशुनदेव निषाद, चितारू निषाद, अरविन्द निषाद, मनीष निषाद, अनिल निषाद, गया प्रसाद, अवधेश, डब्लू, मुन्नीदेवी, बसन्ता देवी, विलायती, किसमती, विशुनदेव निषाद, विनोद, सोनू राजभर, राजेश राजभर, विक्रम यादव, विवेक, विनोद गौतम, गया प्रसाद निषाद, चिथारू निषाद, कमला निषाद, सोनू राजभर, श्यामलाल यादव, जोखूलाल के साथ ही सपा के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता शामिल रहे।

# खेतासराय के अरन्द गांव में तेंदुआ दिखने से दहशत

- 7 दिन पहले पांच बकरियों को मार कर खा चुका है तेंदुआ, खोजबीन के बजाय खानापूर्ति में लगा है वन विभाग

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



जौनपुर खेतासराय शाहगंज कोतवाली अंतर्गत अरन्द गांव में शुक्रवार की दोपहर में दो खूंखार तेंदुआ देखे जाने के बाद से पूरे गांव में आतंक फैल गया है।

ग्रामीण जयसिंह गौतम, सत्यम गौतम, अभिषेक गौतम, राम भारत प्रजापति, विशर सेन गौतम ने बताया कि लकड़बग्घे की शक्ल का आदमखोर तेंदुआ देखे जाने से पूरे गांव में दहशत फैल गई हैं। लोग खेतों में जाना बंद कर दिए अपने परिवार के छोटे-छोटे बच्चों को भी बाहर निकलने पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिए हैं। यह तेंदुआ फूलपत्ती देवी स्वर्गीय रामकुबेर गौतम के धान के खेत में टहलते हुए देखा गया। अभी सात दिन पहले ही गांव के पांच बकरियों को जंगली आदमखोर तेंदुआ ने अपना शिकार बना लिया था। बीते 17 जुलाई की रात इसी ग्राम में विधवा शिला राजभर पत्नी स्व राजेन्द्र उर्फचुल्लूर राजभर के घर आदमखोर भेड़िया ने हमला करके पशु शाला में बंधी पांच बकरियों को मार कर खा गया। आदमखोर भेड़िया इतना खूंखार है कि वह बकरियों को मारने के बाद उनका खून पी गया। उनकी कलेजी निकाल कर खा गया। बाकी शरीर का हिस्सा वैसे ही छोड़ दिया। इसी के एक सप्ताह पहले भरौली गांव में भेड़िया का आतंक देखा गया था। यहां भी आधा दर्जन बकरियों को वह अपना नेवाला बना चुका था। इतने बड़े हादसे के बाद जिला वन अधिकारी और शाहगंज के वन रेंजर घटनास्थल पर मामले को देखना उचित नहीं समझे। कागजी खानापूर्ति के लिए वह वन दरोगा के साथ एक अन्य कर्मचारियों को भेज दिए। जो मौके पर जाकर इस आदमखोर जानवर को पकड़ने के बजाय ग्रामीणों को सिर्फ यह बताने में लग रहे कि यह तेंदुआ, लकड़बग्घा नहीं बल्कि कोई छोटा जंगली जानवर है। वन विभाग की इस गैर जिम्मेदारी पूर्ण कार्य के चलते शुक्रवार को एक बार फिर गांव में जब तेंदुआ का दो जोड़ा दिखाई दिया तो पूरे गांव में ददशहत फैल गया है। लोग वन विभाग के अधिकारियों के खिलाफ खासा आक्रोशित हो गए हैं।

# पर्यावरण संतुलन के लिए जरूरी है पौधरोपण : डॉ. शकुंतला यादव




**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

> डा. शकुंतला यादव आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एंड अस्पताल में जिले की महिला रोग विशेषज्ञ डाक्टरों ने किया पौधरोपण

**गौराबादशाहपुर।** जौनपुर ऑब्सटेट्रिक्स एवं गाइनीकोलॉजीकल सोसाइटी ने गौराबादशाहपुर कस्बा के नयनसंड स्थित डा. शकुंतला यादव आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एंड अस्पताल के गार्डेन में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें संस्था से जुड़ी जिले की महिला रोग विशेषज्ञ डाक्टरों ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। डा. शकुंतला यादव ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन के लिए अनिवार्य हैं। पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए पौधारोपण जरूरी है। डा. रामअवध यादव ने कहा कि पौधरोपण बड़े पैमाने पर करने की आवश्यकता है। साथ ही पौधों की देखभाल को अपना सामाजिक कर्तव्य समझने की अपील की। डा. शुभा सिंह ने कहा कि वृक्षों की अंधाधुंध कटाई के कारण जलवायु परिवर्तन गंभीर रूप ले रहा है। जिससे वर्षा पर प्रतिकूल असर पड़ा है। डा. मधु शारदा ने कहा कि हर व्यक्ति को अपने घर, खेत और तालाब के किनारे एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। डा. अंजू कन्नौजिया ने कहा कि पौधे सिर्फ हरियाली ही नहीं, बल्कि जल संरक्षण, वर्षा और पर्यावरण संतुलन के लिए अनिवार्य हैं। डा. शकुंतला यादव आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज की प्राचार्य बीना त्रिपाठी ने सभी का स्वागत किया। इस मौके पर डा. सुलोचना सिंह, डा. शैली निगम, डा. कुसुम पांडेय, डा. शिखा शुक्ला, डा. रश्मि मौर्या, डा. श्वेता गुप्ता, डा. नीलम गुप्ता, डा. शैलेश्वरी, डा अंशु, डा. नेहा और कालेज मैनेजमेंट से सचिन यादव, सत्येन्द्र यादव, आकाश, गोल्डन, धर्मेन्द्र उपस्थित रहे।

## वन विभाग के अधिकारी के मिली भगत से हरा पौधा लगवाने के बजाय कटवाया जा रहा है

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** वन विभाग के इंस्पेक्टर अमित कुमार को फोन लगाकर सोचा देने पर मौके पर नहीं पहुंचते हैं जो वहां पर हर वृक्ष काटते हैं उनका फोन करके सूचित कर देते हैं। क्षेत्रीय वन विभाग अधिकारी रामजीत राम के ही मिले भगत से हर वृक्ष कटवाया जाता है जलालपुर क्षेत्र में रोजाना हर वृक्ष काटा जाता है। सोचा देने पर मौके पर नहीं जाते हैं जो लकड़ी व्यापारी है वह मौके से फरार हो जाता है क्षेत्रीय वन अधिकारी फोन कर देते हैं मैं आ रहा हूं मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश के खुलाआम धज्जियां उड़ाई जा रही है एक तरफ एक पेड़ मां के नाम लगाने का लक्ष्य दिया गया है वहीं दूसरे तरफ हर पेड़ काटा जा रहा है जौनपुर जिला अधिकारी डॉ दिनेश चंद्र पूरे जनपद में एक पेड़ मां के नाम लगाने का संकल्प लिया गया है वहीं पर क्षेत्रीय वन अधिकारी हर पेड़ कटवाने में जुटे हैं।

## एक्सप्रेस खबरें...

### दलित बच्चे को चिड़िया मारने वाली बंदूक से मारी गोला

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** लाइन बाजार थाना क्षेत्र के परियवा गांव में आम के बगीचे में गए दलित मासूम को सवर्ण वर्ग के युवक ने गोली मार दिया है। सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि परियवा में स्थित दलित बस्ती निवासी राजेंद्र कुमार गौतम का 10 वर्षीय पुत्र दीपक गौतम अपने एक साथी के साथ शुक्रवार शाम लगभग 4:00 बजे आम के बगीचे में आम बिनने गया हुआ था। उसी समय बगीचे में मौजूद रहे सवर्ण जाति के व्यक्ति ने लक्ष्य कर इसे गोली मार दिया। गोली 10 वर्षीय बच्चे के दाहिने पैर में लग गई। गोली पैर में लगते ही मासूम बच्चा दहशत में आकर वहीं गिर पड़ा। ऐसी स्थिति में उसके साथ रहा लड़का उसे उठाकर घर ले आया और परिजनों को पूरी बात बताई। परिजनों द्वारा घटना की जानकारी 112 पुलिस को दी गई। घायल बालक को 108 एम्बुलेंस जिला अस्पताल लाया गया है। चिकित्सक द्वारा चोट को देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा है कि चिड़िया मारने वाली बंदूक से उसे मारा गया है। इस संबंध में स्थानीय पुलिस थाना लाइन बाजार से फोन करके पूछा गया तो पुलिस ने भी चिड़िया मारने वाली बंदूक से गोली लगने की बात को स्वीकार किया है।

### तार की चपेट में आने से बालक की मौत

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर। बरसठी।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सरसरा गांव में शुक्रवार की शाम 440 वोल्ट की तार की चपेट में आने से बालक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार समर्थ मिश्रा पुत्र हेमंत मिश्रा उम्र 11 वर्ष अपने खेत में गए थे। जहां रुअ 440 वोल्ट का तार जमीन पर पहले से गिरा था और उसमे विद्युत प्रवाहित हो रहा था। तभी समर्थ उस तार की चपेट में आ गया, जब तक किसी की नजर उसपर पड़ती तब तक बालक को करंट अपनी चपेट में ले चुका था। आस पास के लोगों ने जब देखा तो सूखा बांस लेकर दौड़े और तार को हटा कर समर्थ को एक निजी अस्पताल ले आया गया जहां डॉ ने उसे बेहतर इलाज के लिए अच्छे अस्पताल में ले जाने की सलाह दी। फिर परिजन मडियाहूं के एक निजी अस्पताल में ले गए। जहां डॉ ने समर्थ को मृत घोषित कर दिया। जनता ने कहा यह बिजली विभाग की बड़ी लापरवाही की वजह से घटना हुई है। अगर बिजली विभाग अपने तार और उपकरण को चेक करके सही तरीके से रखता तो शायद यह घटना न होती। यह उनकी लापरवाही से बच्चे की जान गई है। हेमंत मिश्रा परिवार के पालन पोषण के लिए बाहर रहते है। यह उनका इकलौता पुत्र था जो अभी कक्षा 5 वीं का छात्र था। हेमंत भी अपने माता पिता के इकलौते बेटे थे। उनका भी यह घर का इकलौता चिराग था जिसकी मौत से पूरा क्षेत्र स्तब्ध है। लोगो ने बताया कि यह बच्चा पढ़ने लिखने में बहुत ही तेज था। अपने घर पर अपने दादा दादी और मां के साथ रहता था। फिलहाल परिजन अभी शव को घर पर रख कर पिता के आने का इंतजार कर रहे है। अभी इसकी सूचना पुलिस को नहीं दी गई है। सुबह तक का परिजन इंतजार कर रहे है।

### इंस्टाग्राम पर हुए विवाद में युवक को जमकर पीटा

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** जफराबाद क्षेत्र के बैजाबाद मोड़ के पास शुक्रवार की रात में इंस्टाग्राम पर हुए विवाद को लेकर मनबढ़ों ने एक युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। बाद में उसकी बाइक को तोड़कर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिये। घटना की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। क्षेत्र के गोपीपुर गांव निवासी प्रिंस राजभर पुत्र इंद्रजीत राजभर का इंस्टाग्राम पर चैट व वीडियो को लेकर कुतुलुपुर गांव के निवासी एक युवक से कुछ कहासुनी हुई। उस युवक ने प्रिंस राजभर से कहा कि वह आकर मिल ले। जिससे कोई गलतफहमी ने रहे। प्रिंस जब ऊक्त स्थान पर पहुंच गया ।वहाँ पर उसे कोई नही मिला। जैसे ही वह घर वापस आने के लिए बाइक को घुमाया। उसी समय सूर्या राजपूत, राजन चौहान, मनीष चौहान, संजय चौहान निवासी कुतुलुपुर ने उसके ऊपर हमला कर दिया ।हमले में उसको चोट आयी। उन लोगों ने प्रिंस की बाइक भी बुरी तरह से तोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया। कुछ लोगों के आ जाने से आरोपी भाग निकले। घटना की सूचना पर पुलिस ने चारों के ऊपर मुकदमा दर्ज कर लिया है। उन्हें पकड़ने के लिए पुलिस की टीम लगी हुई है।

### दुष्कर्म का आरोपी सलमान गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** जौनपुर खेतासराय क्षेत्र के एक गांव निवासी नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म करने के एक आरोपी को पुलिस ने 24 घण्टे के अंदर गिरफ्तार कर लिया बाद में विधिक कार्रवाई करते हुए चालान न्यायालय भेज दिया। खेतासराय थाना प्रभारी रामाश्रय राय ने बताया कि आरोपी काफी मनबढ़ किस्म का है। इलाके में इसका काफी आतंक था। इसके खिलाफ पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज होते ही पुलिस इसकी गिरफ्तारी के लिए निरंतर दबिश दे रही थी। लेकिन यह हाथ नहीं लग रहा था। पिछले दिनों इस अपराधी ने क्षेत्र की एक नाबालिग बच्ची के साथ बहला फुसलाकर दुष्कर्म किया और उसे जान से मारने की धमकी भी दिया। परिजनों ने इस अपराधी खिलाफ एससी, एसटी एक्ट के अंतर्गत पॉक्सो एक्ट में भी मुकदमा दर्ज कराया। खेतासराय थाना क्षेत्र के जमदहां ग्राम निवासी गिरफ्तारी अभियुक्त का नाम सलमान पुत्र मुसाहिब है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक शैलेन्द्र कुमार राय, हेड कांस्टेबल दिवाकर यादव, शैलेश कुमार यादव मुख्य रहे।

### मिर्जापुर में 10 हजार रिश्वत लेते लेखपाल गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर।** शहर कोतवाली क्षेत्र के बीएलजे मैदान के पास जमीन की नपाई के लिए 10 हजार रिश्वत लेते लेखपाल को एंटी करप्शन ने गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई से मौके पर हड़कंप मच गया। देहात कोतवाली क्षेत्र के सारीपुर निवासी रामाश्रय ने बताया कि जमीन की नपाई के लिए 10 हजार रुपये की मांग की थी। जिसे देने के लिए वह शुक्रवार को तहसील सदर के बगल स्थित बीएलजे मैदान में पहुंचा था। एंटी करप्शन प्रभारी विनय सिंह ने बताया कि लेखपाल विवेक मिश्रा को 10 हजार रुपये के साथ पकड़ा गया है।



# जौनपुर में खुलेआम गांजा की बिक्री, फोटो वायरल होने के बाद मचा हड़कंप



**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



बदलापुर थाना क्षेत्र के चौराहा से 300 मीटर पहले डिग्री कॉलेज के सामने खुलेआम गांजा बेचे जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। इस अवैध नशे के कारोबार का फोटो इन दिनों सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें एक व्यक्ति गांजा बेचते हुए साफ नजर आ रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इस अवैध कारोबार का सरगना अंकित सिंह नामक व्यक्ति है, खुलेआम गांजा बेचता है।

सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि इस पूरे अवैध कारोबार को बदलापुर थाना पुलिस की कथित मिलीभगत से संचालित किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का दावा है कि पुलिस को सब कुछ जानकारी होने के बावजूद कार्रवाई नहीं की जाती, जिससे नशे का यह जाल दिन-प्रतिदिन फैलता जा रहा है।

जब सोशल मीडिया पर गांजा बिक्री का फोटो वायरल हो चुका है, तब आमजन व समाजसेवियों में आक्रोश व्याप्त है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस मामले की उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि क्षेत्र को नशे के जाल से मुक्त कराया जा सके।

## दो बाइकों की जोरदार टक्कर में दोनों चालकों की मौत

**जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर**

जिले के चुनार कोतवाली क्षेत्र के मूंदीपुर गांव स्थित मजार के पास भीषण हादसा हुआ। तेज रफ्तार से आ रहे अज्ञात बाइक सवार ने दूसरी बाइक में टक्कर मार दी। दोनों बाइक सवार गंभीर रूप हुए घायल हो गए। ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई। कोतवाली क्षेत्र के पुरनपट्टी गांव निवासी (42) अतुल कुमार सिंह उर्फ रामु अपनी पुत्री अदिति (08) को लेकर दवा लेने तम्मलपट्टी गांव गए थे। वहां से दवा लेकर वापस घर आ रहे थे। जैसे ही वे मूंदीपुर गांव स्थित मजार के पास पहुंचे तभी सामने से तेज गति से आ रहे अज्ञात बाइक सवार ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में दोनों बाइक सवार और साथ बैठी पुत्री गंभीर रूप से घायल हो गई। जिन्हें चुनार पुलिस ने गंभीर हालत देख ट्रामा सेंटर वाराणसी भेज दिया। वहां पहुंचने पर चिकित्सकों ने अतुल कुमार सिंह व अज्ञात बाइक सवार को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल अदिति का उपचार चल रहा है। मृतक को एक पुत्र व एक पुत्री है। वह चार भाइयों में दूसरे नंबर पर था। वह मगरहा में मोबाइल की दुकान खोल रखा था।

# जौनपुर कलक्ट्रेट अधिवक्ता समिति ने पुलिस व्यवहार के खिलाफ जताया विरोध

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



जौनपुर आज कलेक्ट्रेट अधिवक्ता संघ, जौनपुर की साधारण सभा की बैठक संघ के सभागार में अध्यक्ष घनश्याम सिंह एडवोकेट की अध्यक्षता तथा महामंत्री मनोज कुमार मिश्र एडवोकेट के संचालन में सम्पन्न हुई।

बैठक में अधिवक्ता अखिलेश दुबे द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पर विचार किया गया, जिसमें उन्होंने बताया कि थाना लाइन बाजार द्वारा उनके विरुद्ध बिना किसी उचित कारण के फर्जी एफ.आई.आर. दर्ज की गई है। इसी प्रकार अधिवक्ता भुलेन्द्र यादव तथा उनके परिवार के विरुद्ध भी थाना जफराबाद द्वारा बिना किसी जांच-पड़ताल के गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

इन प्रकरणों पर गंभीर विचार-विमर्श के पश्चात अधिवक्ता संघ द्वारा सर्वसम्मति से निम्न निर्णय लिए गए। अधिवक्ता संघ, पुलिस प्रशासन के इस दुर्भावनापूर्ण एवं असंवैधानिक कृत्य की कड़ी निंदा करता है। समस्त अधिवक्तागण पुलिस प्रशासन के खिलाफ चक्रमण करते हुए विरोध प्रदर्शन करेंगे।

आज दिनांक 25.07.2025 को सभी अधिवक्ता न्यायिक कार्य से पूर्णतः विरत रहेंगे।

बैठक का संचालन महामंत्री मनोज कुमार मिश्र एडवोकेट द्वारा किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से श्री आनन्द मिश्र, विजय प्रताप सिंह, हीरालाल गुप्ता, बृजमोहन शुक्ला, ओमप्रकाश सिंह, उदय प्रताप सिंह, प्रदीप यादव, उमाशंकर तिवारी, रजनीश शुक्ला, सत्यवीर सिंह, यशवंत कुमार यादव, राधेश्याम दुबे, आनंद प्रकाश श्रीवास्तव, विशाल विश्वकर्मा, महेन्द्र चौहान, सुधांशु विश्वकर्मा सहित अनेक अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

# सीएम के नाम संबोधित ज्ञापन डीएम को दिया



**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जौनपुर उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ के जिलाध्यक्ष संदीप यादव के नेतृत्व में शुक्रवार को शिक्षामित्र ने अपने आंदोलन के दौरान दिवंगत हुए साथियों को याद किया। इसके लिए सभी शिक्षामित्र कलेक्ट्रेट परिसर में पहुँच कर मृतक शिक्षामित्रों को कैंडल मार्च जलाते हु श्रद्धांजलि दिया गया। बाद में अपनी मागों का मांग पत्र मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी डॉ दिनेश चंद्र को दिया। इस ज्ञापन को देने के लिए जिले के कोने-कोने से आए शिक्षामित्र इस प्रकार रहे। इस दौरान उपस्थित साथियों को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष संदीप यादव ने कहा कि आज का दिन हम लोगों के लिए बहुत ही दुखदाई है।

आज ही के दिन हमारे तमाम साथी प्रदेश स्तर पर आंदोलन के दौरान शहीद हुए थे।

उनकी याद में हम लोग हर साल कैंडल मार्च निकालते हैं। इस मौके पर जिला महामंत्री छोटे लाल गौतम, मीडिया प्रभारी मोहम्मद अब्बास, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमृतसर पटेल, अजय मिश्रा, दिनेश कुमार, योगेश यादव, अमृतलाल पटेल, बृजेश यादव, सूबेदार सरोज, हरिशंकर मीरा देवी, कमलेश कुमारी, श्याम बहादुर अन्य उपस्थित रहे।

**पांच सूत्री यह मांगे है प्रमुख**

- नई शिक्षा नीति में शिक्षा मित्रों को स्थान देते हु? नियमित किया जाए।
- मूल विद्यालय से वंचित शिक्षामित्र को पुन- मूल विद्यालय उनके ग्राम व अन्य विद्यालय में सामायोजिक करने की अनुमति प्रदान करें।
- टीईटी पास शिक्षामित्र को सहायक अध्यापक बनाया जाए
- शिक्षामित्र को आयुष्मान योजना में शामिल कर मेडिकल सुविधा दी जाए।
- मृतक शिक्षामित्रों के परिवार को आर्थिक सहायता देते हुए परिवार के एक सदस्य को उक्त पद पर सामाजिक किया जाए।

# 25 वर्षो से अधिकारों के लिये संघर्षरत शिक्षा मित्रों की आवाज सुने सरकार : बीरेन्द्र कुमार शुक्ल

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**

शुक्रवार को उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर जिलाध्यक्ष बीरेन्द्र कुमार शुक्ल के संयोजन में जनपद के शिक्षा मित्रों ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित 6 सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी के प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। मांग किया कि शिक्षा मित्रों की समस्याओं का प्रभावी समाधान कराकर शिक्षक के रूप में समायोजन सुनिश्चित कराया जाय। ज्ञापन सौंपने के बाद संघ के मण्डल अध्यक्ष प्रवीन श्रीवास्तव, संरक्षक संजय यादव, जिलाध्यक्ष बीरेन्द्र कुमार शुक्ल ने कहा कि प्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों में विगत 24 वर्षों से शिक्षण कार्य कर रहे शिक्षामित्र जो स्नातक बीटीसी उत्तीर्ण हैं। मंहगाई के इस दौर में शिक्षामित्र को मात्र 10 हजार रुपए और 11 माह का ही मानदेय मिल रहा है, जिससे शिक्षामित्रों के परिवार का पालन पोषण नहीं हो पा रहा है। इस कारण उत्तर प्रदेश के शिक्षामित्र आर्थिक एवं मानसिक सप से परेशान होकर आत्महत्या जैसे कदम उठा उठा रहे हैं। अच्छा हो कि सरकार शिक्षा मित्रों की समस्याओं का प्रभावी समाधान कराने की दिशा में प्रभावी पहल करे। मुख्यमंत्री को भेजे 6 सूत्रीय ज्ञापन में नई शिक्षा नीति में शिक्षामित्रों को स्थाई करते हुए नियनित वेतनमान दिये जाने, वर्तमान में महगाई को देखते हुए नियमितीकरण होने तक अन्य राज्यों (राजस्थान, उत्तराखंड, हरियाणा, बिहार) की भांति शिक्षामित्रों को वेतन या मानदेय दिये जाने, मूल विद्यालय से वंचित शिक्षामित्रों को पुनः मूल विद्यालय उनकी ग्राम पंचायत के अन्य विद्यालय में समायोजित करने, महिला शिक्षामित्रों को विवाहोपरान्त उनकी ससुराल के जनपद में समायोजित किये जाने, शिक्षामित्रों का ई0पी0एफ0 योजना में शामिल किये जाने, शिक्षामित्रों को आयुष्मान योजना में शामिल करते हुए मेडिकल सुविधा देने, मृतक शिक्षामित्रों के परिवार को आर्थिक सहायता देते हुए परिवार के एक सदस्य को उक्त पद पर समायोजित करने आदि की मांग शामिल है। ज्ञापन देने से पूर्व शिक्षा मित्रों ने 25 जुलाई 2017 से 2025 के दौरान दिवंगत हुये शिक्षा मित्रों को समायोजन निरस्त होने के आठवी बरसी पर श्रद्धांजलि अर्पित किया।

# हरियाली का उत्सव, मियावाकी पद्धति से रोपे गए 2 लाख 65 हज़ार पौधे

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी



पर्यावरण संरक्षण को जन-आंदोलन बनाने की दिशा में जिले ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी के नेतृत्व में जनपद की समस्त ग्राम पंचायतों में शुक्रवार को मियावाकी पद्धति से सघन वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। जिसके लक्ष्य दो लाख 65 हजार को गुरुवार की देर शाम तक जिले की 1150 ग्राम पंचायतों में पूरा कर लिया गया। जिनमें हरिशंकरी बरगद, पीपल, पाकड़ के औषधीय और पर्यावरणीय दृष्टि से महत्वपूर्ण पौधे प्रमुख रहे। इस अभियान की शुरुआत ब्लॉक बंकी के वृहद गौ संरक्षण केंद्र निबलेट मोहिद्दीनपुर से हुई, जहां जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी एवं पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने हरिशंकरी के 5 पौधे एवं अन्य 232 पौधे मियावाकी तकनीक से रोपे। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने गौवंशों को गुड़ व केला खिलाकर संरक्षण भावना को भी प्रकट किया। प्रभागीय वनाधिकारी आकाश दीप बधावन, मुख्य विकास अधिकारी अ. सुदन, परियोजना निदेशक राकेश सिंह समेत कई अधिकारी एवं स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने भी नीम, बेल, आम जैसे पौधों का रोपण कर उनके संरक्षण की जिम्मेदारी ली। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के मार्गदर्शन में पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता दी जा रही है। मियावाकी पद्धति से रोपे गए पौधे न सिर्फ 24 घंटे ऑक्सीजन देंगे, बल्कि मिट्टी के कटाव को रोकने में भी सहायक होंगे। उन्होंने महिला समूहों को सहजन और लाल चंदन के पौधे भेंट करते हुए कहा कि, जिस प्रकार मां अपने बच्चों को सहेजती है, उसी तरह इन पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी भी हम सबकी है। विकासखंड फतेहपुर में 23000 पौधों का रोपण उनकी सुरक्षा के दृष्टिगत तार फेंसिंग करते हुए प्रत्येक ग्राम पंचायत में हरिशंकरी पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य पूजा सिंह द्वारा ग्राम पंचायत बिलौलीहजरतपुर में संबंधित अधिकारियों के साथ पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण में सहभागिता की गई। इसी क्रम में विकासखंड सूरतगंज में 27,160 पौधे रोपे गए, जिनकी सुरक्षा के लिए तार फेंसिंग, मनरेगा से खाद-पानी और मस्टर रोल की व्यवस्था की गई। ग्राम पंचायत सूरतगंज में मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख लकी सिंह की उपस्थिति में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसी तरह त्रिवेदीगंज ब्लॉक की समस्त ग्राम पंचायतों में 18,000 पौधे हरिशंकरी व मियावाकी पद्धति से लगाए गए। वहीं ब्लॉक सिद्धौर में 2,5000 पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख आरती रावत और बीडीओ पूजा सिंह की सहभागिता रही। इस अभियान में महिला स्वयं सहायता समूहों ने अहम भूमिका निभाई। सखी समूह और भारत महिला समूह की महिलाओं ने न केवल पौधारोपण किया, बल्कि उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी भी निभाई। प्रशासनिक अधिकारियों का पारंपरिक स्वागत करते हुए, उन्होंने पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी ली। इस अभियान की प्रेरणादायी श्रृंखला में जिला पंचायत अध्यक्षा राजरानी रावत ने भी सहभागिता निभाई। उन्होंने विकासखंड हरख के प्राथमिक विद्यालय वजीउद्दीनपुर एवं गौशाला में सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम में हिस्सा लेते हुए हरिशंकरी पौधे का रोपण किया।

यह उपस्थिति जनप्रतिनिधियों की पर्यावरण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। बाराबंकी का यह हरियाली महाअभियान एक संदेश है कि जब प्रशासनिक नेतृत्व, जनसहभागिता और स्थायी सोच एकजुट होती है, तो पर्यावरण संरक्षण सिर्फ एक अभियान नहीं बल्कि एक संस्कृति बन जाती है। ये पौधे आने वाली पीढ़ियों के लिए साफ हवा, हरियाली और जीवन का भरोसा बनेंगे।

# जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया पौधरोपण

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी



हरख। शुक्रवार को हरख ब्लाक की ग्राम पंचायत वजीउद्दीनपुर के प्राथमिक विद्यालय में जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत द्वारा एक साथ लाइन से बनी हुई कियारी में अलग अलग किस्म के दस पौधारोपण किया गया। मियावाकी पद्धति के तहत 25 जुलाई को जिले भर में 2 लाख 65 हज़ार पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया था। इसी कड़ी में जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत ने हरिशंकरी, पीपल, पाकड़ व बरगद सहित 10 तरह के पौधरोपण किए। उन्होंने कहा कि यह पेड़ जब एक साथ बड़े होंगे तब गांव के पर्यावरण को काफी फायदा होगा। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख रवि रावत, बीडीओ प्रीति वर्मा, मीना श्रीवास्तव, मण्डल अध्यक्ष प्रेम प्रकाश द्विवेदी, एडीओ पंचायत ब्रजेश कुमार, ग्राम प्रधान सीताकांत विश्वकर्मा, ग्राम सचिव शैलजा तिवारी आदि उपस्थित थी। ग्राम गोठिया में प्रधान सरोज रावत,ग्राम सचिव अमित कुमार, ग्राम दौलतपुर में प्रधान प्रतिनिधि अतुल वर्मा,ग्राम मानपुर में प्रधान रेनू देवी व सचिव नवीन राय,ग्राम चंदौली में प्रधान गयासुद्दीन व सचिव कृष्ण कुमार सिंह, ग्राम गढ़ीयाखमऊ में प्रधान चंद्रशेखर व सचिव प्रदुमन कुमार, अजपुरा में प्रधान रामफेर, मौथरी में गुड्डू वर्मा व सचिव आकाश पटेल, ग्राम पंचायत सोहिलपुर में प्रधान शिवनाथ सिंह वर्मा व ग्राम सचिव अक्षिता स्थान, ग्राम पड़ी में प्रधान मिथिलेश कुमारी व सचिव ब्रजेश कुमार, ग्राम इब्राहिमाबाद में प्रधान प्रमिला रावत व सचिव नवीन कुमार, ग्राम पड़रा में प्रधान पति राजकिशोर यादव, सुल्तानपुर में प्रधान अयोध्या प्रसाद व सचिव कंचन मिश्रा, तीरगांव में सचिव संस्कृति भटनागर, पंचायत हरख प्रधान सीमा वर्मा, अब्दुल्लपुर में प्रधान राजेंद्र प्रसाद वर्मा, मचौची में प्रधान सुनील वर्मा भोला, ग्राम बहलोलपुर में प्रधान प्रतिनिधि राम प्रकट यादव व सचिव बीना सिंह, ग्राम टेरा में प्रधान पति राकेश कुमार वर्मा, टेसवा में प्रधान जयभानु वर्मा, बोजा में प्रधान सीमा बानों, रहीमाबाद में जमाल, बरौली मलिक में प्रधान जितेंद्र कुमार व सचिव अवनीश तिवारी, सेठमऊ में सचिव सूरज कुमार, गेहन्दवर में अनूप कुमार, बरबसौली में विमलेश कुमार, तेजवापुर में प्रधान राजनारायण वर्मा, भानमऊ में अहमद, बरहेठा में प्रधान पति कुलदीप, ननामऊ में प्रधान सतीश कुमार वर्मा, जैनाबाद, बन्दगीपुर, सराय प्रसनंडा में प्रधान जसकरन सिंह सहित हरख ब्लाक क्षेत्र की सभी ग्राम पंचायतों में पौधरोपण किए गए। इस अवसर पर एडीओ पंचायत अकोक सिंह, टीए आफ़ताब आलम, केजी यादव, मनरेगा एपीओ राहुल श्रीवास्तव, संदीप, अरविंद कुमार, मो ताहा, अरुण मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# इण्टर कॉलेज में आयोजित हुई प्रतियोगिताएं

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी



देवा। उत्तर प्रदेश राज्य पुरातत्व विभाग के द्वारा आयोजित पुरातत्व अभिरुचि कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज बरेठी में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, एवं व्याख्यान का आयोजन डॉ. मनोज कुमारयादव सहायक पुरातत्व अधिकारी लखनऊ के संयोजकतव में सम्पन्न हुआ जिसमे लगभग 200 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किये। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में अंशिका यादव प्रथम स्थान शैलेश यादव द्वितीय तथा स्थान चंचल वर्मा ने तृतीयस्थान प्राप्त किया। इसीक्रम में चित्रकला प्रतियोगिता में अनुज प्रथम रितेश द्वितीय एवं दिव्यांशी यादव ने तृतीयस्थान प्राप्त किया है, प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देखकर पुरस्कृत किया गया जिसे पाकर विद्यार्थियों के चहरे खिल गये वहीं प्रतियोगिता में प्रतिभा करने वाले समस्त प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देखकर प्रोत्साहित किया गया। इस मौके पर डॉ मनोज कुमार यादव ने बच्चों को अपनी संस्कृति व सभ्यता के बारे में विस्तार से चर्चाकरते हुए बच्चोंको बताया कि भारत वर्ष सैकड़ों वर्षों तक गुलामी की जंजीरों में जकड़े रहने के बावजूद अपनी संस्कृति व सभ्यता को बरकरार रखा इसीलिए कहा गया है

कि यूनान-ओ मिश्र ओ रोमा सब मिट गये जंहा से अबतक मगर है बाकी नामो निशा हमारा, कुछ बात है कि हस्ती मिटतीनहीं हमारी। इस प्रतियोगिता के दौरान विद्यालय में मोबाइल छायाचित प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया जिसमें लगभग लगभग 800 बच्चों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया हैजिसका अवलोकन सुरेंद्र कुमार वर्मा, प्रेम कुमार यादव हिमांशु चतुर्वेदी, बलराम सिंह, राहुल वर्मा मनीष यादव, आराधना यादव, पारुल सिंह, खुशबू सिंह, शिवानी वर्मा, शालू यादव, अनुराग अभिषेक आदि ने किया। कार्यक्रम के अंत मे विद्यालय प्रबन्धक योगेंद्र बहादुर सिंह विसेन ने समस्त आगन्तुकों व विद्यार्थियों का हृदय से आभार व्यक्तकिया।

# लो वोल्टेज से परेशान ग्रामीणों ने बिजली घर का घेराव कर



जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

फतेहपुर। क्षेत्र के सिहाली गांव में बीते बीस दिनों में विधुत कटौती व लो वोल्टेज की समस्या से लोग जूझ रहे है। भीषण गर्मी और उमस से ग्रामीणों का धैर्य शुक्रवार को जवाब दे गया। जिसको लेकर फतेहपुर विद्युत वितरण उपखंड पर ग्रामीणों ने नारेबाजी करते हुए जोरदार धरना प्रदर्शन किया। मालूम हो गर्मी के मौसम में बिजली का संकट बढ़ता जा रहा है। जहां उमस भरी गर्मी से लोग बेहाल है वही बिजली की आवाजाही से उपभोक्ताओं की रातों की नींद हराम हो गई है। इससे परेशान ग्रामीणों ने विद्युत वितरण उपखंड फतेहपुर का घेराव कर जोरदार धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान गांव के विजय बहादुर वर्मा की अगुवाई में एसडीओ मनोज कुमार यादव को एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में त्वरित स्थाई समाधान की मांग की गई है। इस दौरान श्री वर्मा ने अपनी बात रखते हुए कहा, गांव में ट्रांसफार्मर के 200 मीटर की दूरी पर भी पूरा वोल्टेज नहीं आ रहा है वोल्टेज 120 से 150 वोल्ट के बीच बना हुआ है। बिजली अधिकारियों से लगातार शिकायत की जा रही है। घरों में लगे कूलर पंखा सब शोपीस बनकर रह गए हैं। जबकि बारिश में लो वोल्टेज की समस्या नहीं होनी चाहिए। वही क्षेत्रीय किसान धान की फसल सिंचाई को लेकर काफी परेशान है आगे कहा, इस महंगाई में डीजल से धान की सिंचाई करना किसान के लिए किसी ऋषि के श्राप से कम नहीं है। इस संबंध में एसडीओ मनोज कुमार यादव ने प्रदर्शनकारियों को आश्वासन देते हुए कहा, जल्द ही समस्या का निस्तारण कर लोगों को राहत दे दी जाएगी। इस मौके पर कमल भल्ला, रामकुमार लोधी, भूपेंद्र वर्मा, सुरेंद्र वर्मा, रिहान कुरेशी, कलीम नईमी, मो0 अकीक, लव कुश लोधी, केशवराम लोधी, कपिल शर्मा, जितेंद्र लोधी, प्रवेश लोधी, बृजेश शर्मा, सजीवन लोधी, मोहित सहित क्षेत्रीय किसान मौजूद रहे।

# ब्लॉक प्रमुख और बीडीओ ने रोपे पौधे



जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

विकास खंड सिद्धौर के ग्राम पंचायत कुतुबापुर में एक पेड़ माँ के नाम - 2.0 कार्यक्रम के अंतर्गत सघन वृक्षारोपण महाभियान में ब्लॉक प्रमुख आरती रावत व बीडीओ सिद्धौर पूजा सिंह, प्रधान काशीराम, तकनीकी सहायक महेन्द्र सिंह यादव, सचिव बृजेश कुमार सिंह के सहयोग से वृक्षारोपण किया गया। इसी क्रम में सचिव दीपक कुमार, सचिन कुमार अवस्थी, संजय चौधरी व हरिराम समेत ब्लॉक स्तर कर्मचारियों के नेतृत्व में संबंधित पंचायत के प्रधान, पंचायत सहायक, मनरेगा मेट, रोजगार सेवक आदि ने संयुक्त रूप से सार्वजनिक स्थानों पर वृक्षारोपण किया।

जिसमे यूकेलिप्टस, सागौन, अमरूद, आम, नीम, पीपल, बरगद, पाकड़ व शीशम आदि प्रजाति के वृक्ष शामिल रहे हैं। कुंम्हरावां, उस्मानपुर, कोठी, भेड़िया, जीयनपुर, मिर्चिया, साल्हाभारी, नवापुर कोडरी, गंगवाई पठनान, सैदनपुर व मीरापुर समेत कई गांव में वृक्षारोपित किया। कई का स्थान पर मियांवाकी पद्धाति के तहत वृक्षारोपित हुए। क्योंकि क्षेत्र के भेड़िया गांव में बना मियांवाकी उद्यान में 2000 में से 1600 पौधे आज भी जीवित हैं। जिसकी तर्ज पर डीएम ने सभी को पद्धाति से वृक्षारोपित करने के निर्देश दिए।

# गौशाला में पूर्व विधायक ने रोपे पौधे, हरियाली का दिया संदेश

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी



सिरौलीगौसपुर। हरियाली बढ़ाने के लिए एक बड़ा अभियान चलाया गया। ब्लॉक की सभी 73 ग्राम पंचायतों में मियांवाकी पद्धति से एक साथ सघन वृक्षारोपण किया गया। इस अभियान में कुल 14,819 पौधे रोपित किए गए। शुक्रवार को ग्राम पंचायत रामसहाय में पूर्व विधायक शरद कुमार अवस्थी ने पौधरोपण किया। इस कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी रेनू रावत और ग्राम प्रधान दयाशंकर शुक्ला भी शामिल होकर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ गौशाला में पौधे लगाए। वन विभाग के सहयोग से मियांवाकी पद्धति से सघन वृक्षारोपण कराया गया।प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक स्थान पर हरिशंकरी के पौधे भी रोपित किए गए। ग्राम पंचायत भैसूरिया में एमलसी प्रतिनिधि अमरेंद्र सिंह बब्लू ने ग्राम प्रधान पप्पू सिंह के साथ स्कूल परिसर में पौधरोपण किया। इस मौके पर प्रधान प्रतिनिधि राकेश सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे।विरौली ग्राम पंचायत में खंड विकास अधिकारी संजीव गुप्ता ने भाजपा नेता पुष्पेंद्र शुक्ला, पवन वर्मा, लवकुश वर्मा और ग्राम प्रधान अनिल वर्मा के साथ पौधरोपण किया। बरौलिया में सहायक विकास अधिकारी पंचायत शंभूनाथ पाठक ने ग्राम प्रधान जय प्रकाश वर्मा और पंचायत सचिव के साथ पौधे लगाए। डूडी में ब्लाक प्रमुख रेनू वर्मा ने पौधरोपण किया। केवलापुर में ग्राम प्रधान जसवंत यादव पंचायत सचिव मनोज मिश्रा ने पौधरोपण किया। हरिशंकरी एक विशेष प्रकार का पौधा है। इसमें पीपल, बरगद और पाकड़ को एक ही स्थान पर इस तरह रोपा जाता है कि तीनों वृक्षों का संयुक्त छत्र विकसित हो। यह पौराणिक और औषधीय महत्व रखता है।

## विद्यालय में मनाया गया कारगिल विजय दिवस

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। मसौली। लखनऊ अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित सेठ एम आर जयपुरिया स्कूल मे शुक्रवार को कारगिल विजय दिवस मनाया गया इस दौरान स्कूल के बच्चो द्वारा संस्कृतिक प्रोग्राम प्रस्तुत किये गये वही हाई स्कूल एव इंटरमीडिएट मे सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं का सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कर्नल नेहा भटनागर एव सेनानिवर्त मेजर ए के सिंह ने दीप प्रजवल्लित कर किया तथा वर्ष 2025 की बोर्ड परीक्षा मे सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले इंटरमीडिएट के छात्र सूर्यांश, हाई स्कूल की छात्रा अश्रिया वर्मा, धैर्य गुप्ता को सम्मानित कर ईश्वर से उज्वल भविष्य की कामना की इससे पूर्व विद्यालय की प्रधानाचार्य मिनुषी नेगी ने अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया और कर्नल नेहा भटनागर व मेजर ए के सिंह के जीवन पर चर्चा की। कर्नल नेहा भटनागर ने आर्मी जीवन के प्रति समर्पण एव देश के अटटू त्याग, बलिदान के लिए प्रेरित किया वही सेवानिवर्त मेजर ए के सिंह ने अपने सेवा काल के कुछ विशिष्ट अविस्मरणीय पलो को साझा किया। कार्यक्रम मे लघु संवाद नाटिका मंचन द्वारा कारगिल शहीदों को नमन किया गया।

# मियावाकी पद्धति से रोपे पौधे आयेगी हरियाली

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

मसौली। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने शुक्रवार को वृहद गौ संरक्षण केंद्र निबलेट फार्म मोहिद्दीनपुर में हरिशंकरी के 5 पौधों को रोपित करते हुए मियावकी पद्धति से वृक्षारोपण कार्यक्रम की शुरुआत की इस दौरान कुल 232 वृक्ष लगाये गये। जिलाधिकारी ने उपस्थित लोगो कि स्वच्छ वातावरण मे सहयोग की अपील की। जिलाधिकारी शंसाक त्रिपाठी ने कहा कि मियावाकी पद्धति एक प्राकृतिक, टिकाऊ और प्रभावी तरीका है जिसके द्वारा हम कम समय में घने, विविध और स्वस्थ जंगल बना सकते हैं उन्होंने वर्ष 2025 में रोपित किए जाने वाले पौधों के चयन में स्थानीय प्रजातियों को प्राथमिकता देने तथा नहरों, माइनरों और तालाबों के किनारे भी वृक्षारोपण करने तथा पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ जल स्रोतों के संरक्षण में अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने समूह की महिलाओं से समूह के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए रोपित पौधों की देखभाल व रख रखाव के लिए प्रेरित किया तथा खण्ड विकास अधिकारी से ग्राम पंचायतों में हरीशंकरी व सघन वृक्षारोपण कराये जाने के लिए कहा। खण्ड विकास अधिकारी डॉ संस्कृता मिश्रा ने बताया कि सम्पूर्ण ब्लॉक में मियावाकी टीके से पौधे रोपित किये जा रहे है। साथ ही गौशाला में हो रहे कार्यो की विस्तृत रूपरेखा की जानकारी दी। महिला समूह की महिलाओं को सहजन, लाल चंदन के पौधे भेंट कर कहा कि जिस प्रकार से मां अपने बच्चों को पालकर बड़ा करती है। उसी प्रकार पौधों की रक्षा की जिम्मेदारी है। इस मौक़े पर पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय, प्रभागीय वनाधिकारी आकाश दीप बधावन, मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन,परियोजना निदेशक राकेश सिंह ने ग्राम प्रधान रामलली यादव, एडीओ सूरज सिंह, महिला समूह की सुमन वर्मा, नीतू, सीमा, प्रधान प्रतिनिधि राज कुमार ने हरिशंकरी और स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने आम, नीम, बेल पौधेरोपित कर, उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी ली।

# तीन छात्राओं की अचानक तबियत बिगड़ी, हुई बेहोश

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी



फतेहपुर। क्षेत्र के विद्यालय में विद्यार्थियों की अचानक तबियत बिगड़ने की घटनाएं लगातार जारी है। शुक्रवार को दो विद्यालयों में उमस भरी गर्मी से चक्कर आने के बाद तीन छात्राएं बेहोश हो गई। हालांकि सभी छात्राओं की हालत अब स्थिर बताई जा रही है। मालूम हो तहसील फतेहपुर क्षेत्र के हसनपुर टांडा गांव स्थित राजकीय हाई स्कूल में कक्षा 10 की छात्रा रानी तिवारी लंच के समय अचानक अचेत होकर गिर पड़ी। स्कूल प्रशासन ने उसे एंबुलेंस द्वारा तत्काल सीएचसी फतेहपुर में भर्ती कराया। जहां पर छात्रा का इलाज किया जा रहा है। सूचना पर पहुंची छात्रा की मां सरिता तिवारी ने बताया, बेटी का स्वास्थ्य एकदम ठीक था कहीं किसी प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी परेशानी नहीं थी। वहीं दूसरी घटना नगर फतेहपुर क्षेत्र के सरस्वती इंटर कॉलेज में समनाडीह गांव की छात्रा अंशिका वर्मा पढ़ाई के दौरान अचानक अपनी कक्षा में गिर गई स्कूल प्रबंधन ने तबियत बिगड़ने की सूचना परिजनों को दी। इसके बाद विद्यालय में ही प्राथमिक उपचार के रूप में छात्रा को ओआरएस का घोल पिलाया गया। वहीं सूचना पर पहुंचे छात्रा के चाचा आशीष वर्मा ने निजी वाहन से सीएससी फतेहपुर लेकर पहुंचे। जहां पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत को देखते हुए उसे घर भेज दिया। इस संबंध में सीएचसी प्रभारी अवनीश चौधरी ने बताया, भीषण गर्मी व तेज धूप से बच्चों में ग्लूकोज की मात्रा कम होने से बेहोशी जैसी घटनाएं इस समय निरंतर आ रही हैं। इस समय अभिभावकों को चाहिए अपने बच्चों का विशेष ध्यान रखें।

## शिक्षा विभाग ने हीटवेव एडवाइजरी की जारी

लगातार पड़ रही भीषण गर्मी के कारण शिक्षा विभाग ने सतर्कता बढ़ा दी है। बीते दिनों स्कूल में बच्चों के बीमार व अचेत होने की घटनाओं के बाद जिला विद्यालय निरीक्षक ओपी त्रिपाठी ने सभी स्कूलों के लिए जरूरी दिशा निर्देश जारी किए हैं। इन विद्यालयों में सभी परिषदीय सहायता प्राप्त, अशासकीय, संस्कृत विद्यालयों, मान्यता प्राप्त हाई स्कूल और इंटरमीडिएट कॉलेज, एवं अन्य बोर्ड महाविद्यालय शामिल है। इन सभी शिक्षण संस्थानों को सात बिंदुओं का अनुसरण कर दिशा-निर्देशों का पालन तत्काल सुनिश्चित करना होगा। साथ ही सभी ब्लॉक के शिक्षा अधिकारियों को भी अपने क्षेत्र के स्कूलों में इन निर्देशों को तत्काल लागू करने के लिए भी कहा गया है।

# सबको साथ लेकर चल रही है सरकार : रवि रावत

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

जैदपुर। शुक्रवार को हरख ब्लाक की ग्राम पंचायत सोहिलपुर में स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक बरैया में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना द्वारा 150 छात्र छात्राओं को निःशुल्क टैबलेट वितरण किए गए। कार्यक्रम के मुख्यातिथि ब्लाक प्रमुख हरख रवि रावत ने कहा कि भाजपा सरकार सबको साथ ले कर चलने का कार्य कर रही है। आधुनिक युग में कोई भी पीछे न छूटने पाए इसके लिए हर छात्र को सरकार टैबलेट निःशुल्क दे रही है। बीडीओ हरख प्रीति वर्मा ने कहा कि उच्च शिक्षा के लिए छात्रों को हाईटेक बनने में यह टैबलेट बहुत काम आएगा। सरकार इस योजना से बच्चों को बहुत लाभ मिल रहा है। सरकार की अच्छी पहल है। भाजपा के पूर्व जैदपुर विधानसभा प्रत्याशी अम्बरीष रावत व मण्डल अध्यक्ष जैदपुर प्रेम प्रकाश त्रिवेदी, ग्राम प्रधान शिवनाथ सिंह वर्मा ने भी अपने हाथों से पॉलिटेक्निक छात्रों को टैबलेट दिए।

राजकीय पॉलिटेक्निक के प्रधानचर्या वीके सिंह ने कहा कि बीडीओ प्रीति वर्मा व ब्लाक प्रमुख रवि रावत के प्रयास से पॉलिटेक्निक परिसर में कई विकास कार्य अच्छे और बड़े कराए गए हैं।

# एक्सप्रेस खबरें...

## पुलिस महानिरीक्षक लखनऊ ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया

जन एक्सप्रेस। उन्नाव। शुक्रवार को तरुण गॉबा पुलिस महानिरीक्षक लखनऊ परिक्षेत्र लखनऊ द्वारा जिलाधिकारी उन्नाव गौरांग राठी एवं पुलिस अधीक्षक उन्नाव दीपक भूकर के साथ मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार के दिनांक 26 जुलाई 2025 को प्रस्तावित चंडीगढ़ विश्वविद्यालय के उद्घाटन कार्यक्रम के दृष्टिगत कार्यक्रम स्थल पर पहुँच व्यवस्थाओं को देखा गया। इस अवसर पर स्टेज हेलीपैड सेफ हाउस वी आईपी गैलरी बैरिकेडिंग पार्किंग सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं को मौके पर जाकर देखा और मुख्य विन्दुओ पर जानकारी लेकर संबंधित अधिकारी को समय रहते सभी व्यवस्थाएं पूर्ण करने के निर्देश दिया। तत्पश्चात कल के कार्यक्रम मे लगे सभी पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को पुलिस महानिरीक्षक महोदय, जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा ब्रीफ किया गया।

## जिम्मेदारों की लापरवाही से मृत्यु प्रमाणपत्र को भटक रही विधवा

जन एक्सप्रेस। उन्नाव। पुरवा क्षेत्र के गांव मोतीखेड़ा मजरे ऊंचगांव किला निवासी अवधेश कुमार की 15 मई को मार्ग दुर्घटना में मौत हो गई थी ।जिसके बाद पत्नी सुनीता ने मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना के तहत मिलने वाली पांच लाख रुपए की आर्थिक सहायता के लिए तहसील में आवेदन किया था ।लेकिन अवधेश कुमार का मृत्य प्रमाण पत्र ना बन पाने के चलते इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है ।सुनीता ने बताया कि मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए वह ब्लाक,तहसील,जिले तक चक्कर लगा चुकी है ।लेकिन सब एक दूसरे पर टालमटोल कर वापस कर देते है ।जिसके चलते दो माह बीत जाने के बावजूद भी अभी तक मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं बन सका है ।जिससे वह परेशान है ।बीडीओ संतोष श्रीवास्तव ने बताया कि मामले की जानकारी हुई है। जांच की जा रही है।

## साइकिल से टकराई बाइक, परिवार के चार सदस्य घायल

जन एक्सप्रेस। उन्नाव। नवाबगंज। साइकिल से टकराकर बाइक सवार परिवार गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायलों को लेकर सीएचसी पहुंचे। चिकित्सक ने मासूम सहित तीन लोगों को नाजुक हालत के चलते जिला अस्पताल रेफर कर दिया ।सोहरामऊ थाना क्षेत्र के आशाखेड़ा निवासी गुड्डू शुक्रवार को बेटी को विदा कराने बाइक से सफीपुर गया था। गांव निवासी उसका भतीजा विजय (20) पुत्र किशन पाल भी अपनी बाइक से उसके साथ गया था। शाम को वापसी में राजमार्ग पर जगदीशपुर मोड के समीप अचानक साइकिल सवार आ जाने से विजय की बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। हादसे में बाइक सवार विजय, गुड्डू की बेटी गुलशन (27) पत्नी अभिषेक और उसके दो बेटे कार्तिक (4), अनमोल(2) माह गंभीर रूप से घायल हो गये। गुड्डू ने घायलों को नवाबगंज सीएचसी में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने विजय, गुलशन, कार्तिक को नाजुक हालत के चलते जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## तेज आंधी से उड़ा संकेतक बोर्ड, बाल-बाल बचे राहगीर

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। सिरौलीगौसपुर। तेज आंधी और बारिश के कारण एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। शुक्रवार दोपहर करीब 3 बजे अचानक क्षेत्र में काले बादल छाए और तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई। बदोसराय टिकैतनगर मार्ग पर लोक निर्माण विभाग द्वारा लगाया गया दिशा संकेतक बोर्ड तेज हवा के कारण टूटकर सड़क पर गिर गया। बोर्ड के नीचे खड़ी एक स्कूटी दबकर पूरी तरह चकनाचूर हो गई। गनीमत यह रही कि स्कूटी पर कोई सवार नहीं था और चालक बगल में खड़ा था, जिससे वह बाल-बाल बच गया। अन्यथा यह एक बड़ा हादसा हो सकता था ।बोर्ड गिरने से मार्ग पर जाम की स्थिति बन गई। इस जाम में एक एंबुलेंस भी कुछ देर के लिए फंस गई। स्थानीय लोगों ने वैकल्पिक मार्ग तलाशकर अपने गंतव्य की ओर प्रस्थान किया। घटना के बाद स्कूटी का चालक काफी परेशान दिखाई दिया। स्थानीय निवासियों ने लोक निर्माण विभाग से सड़क किनारे लगे संकेतक बोर्डों की नियमित जांच करने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं से बचा जा सके।

## ग्रामीणों को जल संकट, महीनों से खराब पड़ा हैंडपंप

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। सूरतगंज। जुलाई की झुलसती गर्मी में जब हर कोई भीषण गर्मी में पानी से प्यास बुझा रहा है। ऐसे मे फतेहपुर ब्लॉक इलाज की ग्राम पंचायत गांगेमऊ के लोगों को पानी की गंभीर किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। गांव में स्थित इंडिया मार्का हैंडपंप कई महीनों से खराब पड़ा है, परंतु हैरानी की बात यह है कि अब तक न तो ग्राम प्रधान, न सचिव और न ही ब्लॉक के जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान दे रहे हैं। स्थानीय ग्रामीण गुणेश और अनिल कुमार ने बताया कि उन्होंने कई बार शिकायत की, परंतु हर बार आष्वासन के सिवा कुछ नहीं मिला। गर्मी में न तो घरों में पीने का पानी है और न ही राहगीरों के लिए कोई इंतज़ाम। हैंडपंप के सहारे जीने वाले ग्रामीण अब इधर-उधर भटकने को मजबूर हैं। क्या सरकार की हर घर जल का दवा सिर्फ कागज़ों तक ही सीमित है यह सवाल अब गांगेमऊ के हर निवासी की जुबान पर है। ग्रामीणों ने जल्द से जल्द हैंडपंप की मरम्मत की मांग की है, अन्यथा आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे। इस संबंध में सहायक विकास अधिकारी पंचायत से दूरभाष पर बातचीत करने की कोशिश की गई संपर्क नहीं हो सका। फिलहाल अब देखना यह होगा कि इस ओर संबंधित अधिकारी कर्मचारियों का ध्यान जाता है या ग्रामीण यूं ही परेशान रहेंगे ?

## 6 अगस्त को पावर हाउस का घेराव करेगी भाकियू

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। मसौली। भारतीय किसान यूनियन ब्लाक अध्यक्ष भगौती प्रसाद वर्मा की अगुवाई मे शुक्रवार को विद्युत उपखंड अधिकारी ई0 विमलेश कुमार मौर्य को एक 6 सूत्रीय ज्ञापन सौंप कर 5 अगस्त तक मांगे पूरी न होने पर 6 अगस्त से पावर हाउस पर धरने का अल्टीमेटम दिया। उपखंड अधिकारी को सौपे गये ज्ञापन मे किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने बताया कि ग्राम पंचायत सैदनपुर मे विद्युत उपकेंद्र निर्माण के लिए भूमि चयन होने के बाद भी अभी तक निर्माण कार्य शुरु नही हुआ है तथा प्रत्येक माह मीटर से रीडिंग निकालने की मांग कई कई महीने बाद रोडिंग निकालने के कारण बिल मे गड़बड़ी हो जाती है ग्रामीण क्षेत्रो मे 18 घंटे विद्युत आपूर्ति एव लो वोल्टेज को सही कराने की मांग की है। इस मौक़े पर सिरौलीगौसपुर तहसील अध्यक्ष रम सजीवन वर्मा, हनुमान प्रसाद, विक्रम सिंह, राजेंद्र कुमार वर्मा, सुरेंद्र कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# मालदीव को 4850 करोड़ ऋण

## यूपीआई और एफटीए, पीएम मोदी बोले, हमारे बीच संबंध सागर जितने गहरे

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



भारत मालदीव को 4,850 करोड़ रुपये का ऋण देगा और जल्द ही एक मुक्त व्यापार समझौते को भी अंतिम रूप दिया जाएगा। दोनों देशों के बीच इसके लिए सहमति बन गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में शुक्रवार को पड़ोसी देश के लिए कई बड़े एलान किए गए। इस दौरान पीएम मोदी ने जोर दिया कि नई दिल्ली को हिंद महासागर के द्वीपसमूह मालदीव का सबसे भरोसेमंद मित्र होने पर गर्व है। भारत ने मालदीव के वार्षिक ऋण भुगतान दायित्वों को 40 प्रतिशत तक कम करने का भी निर्णय लिया है। इसे 51 मिलियन अमेरिकी डॉलर से घटाकर 29 मिलियन अमेरिकी डॉलर कर दिया गया है। इससे मालदीव को अपनी आर्थिक समस्याओं से निपटने में मदद मिलेगी।

### मुइज्जू ने चुनौतीपूर्ण समय में भारत की मदद सराहना की

दूसरी ओर, मुइज्जू ने मालदीव को उसकी आर्थिक चुनौतियों से निपटने में सहायता देने में भारत की ÷महत्वपूर्ण भूमिका÷ की सराहना की। उन्होंने कहा, ÷आवश्यक वस्तुओं के निर्यात के माध्यम से मालदीव को भारत की निरंतर सहायता दीर्घकालिक व्यापार समझौते के तहत हमारे द्विपक्षीय सहयोग का एक प्रमुख पहलू है।÷ विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने एक मीडिया ब्रीफिंग में कहा कि मोदी-मुइज्जू वार्ता के बाद हस्ताक्षरित एक प्रमुख समझौते का मकसद मालदीव की ओर से भारत को दिए जाने वाले वार्षिक ऋण भुगतान में 40 प्रतिशत की कमी करना है। ऐसा माना जा रहा है कि दोनों पक्षों के बीच प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता में चीन के बढ़ते आक्रामक व्यवहार और क्षेत्रीय सुरक्षा पर इसके प्रभाव पर चर्चा हुई। इस सवाल पर कि क्या क्षेत्र में चीन की गतिविधियों पर चिंताएं वार्ता में शामिल हुईं, मिसरी ने केवल इतना कहा कि भारत मालदीव के साथ ऐसे किसी भी मुद्दे पर मिलकर काम करना जारी रखेगा जो ÷न केवल हमारी सुरक्षा बल्कि क्षेत्र की साझा सुरक्षा को प्रभावित कर सकता है।÷ अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दोनों पक्ष शीघ्र ही द्विपक्षीय निवेश संधि को अंतिम रूप देने की दिशा में काम करेंगे। दोनों देशों के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत पहले ही शुरू हो चुकी है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों को डिजिटल अर्थव्यवस्था का लाभ उठाना चाहिए, विशेष रूप से पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए। उन्होंने यूपीआई अपनाने, रुपे कार्ड की स्वीकृति और स्थानीय मुद्राओं में व्यापार पर हाल की सहमति का स्वागत किया। उन्होंने कहा, मालदीव में जिस गति से यूपीआई को बढ़ावा दिया जा रहा है, उससे पर्यटन और खुदरा दोनों को बढ़ावा मिलेगा। मोदी और मुइज्जू ने संयुक्त रूप से भारत की ओर से सहायता प्राप्त कई परियोजनाओं का उद्घाटन किया, जिनमें माले में रक्षा मंत्रालय का नया भवन, अद्दू शहर में सड़कें और जल निकासी प्रणालियां व हुलहुमाले में 3,300 आवास इकाइयां शामिल हैं। पीएम मोदी ने मालदीव राष्ट्रीय रक्षा बल के उपयोग के लिए 72 वाहन और उपकरण भी सौंपे। प्रधानमंत्री ने कहा कि रक्षा मंत्रालय का भवन विश्वास की ठोस इमारत है और यह हमारी मजबूत साझेदारी का प्रतीक है।

### भारत और मालदीव के बीच डीपीआई और यूपीआई पर भी समझौता

भारत की ओर से मालदीव के लिए इन महत्वपूर्ण राहत उपायों की घोषणा प्रधानमंत्री मोदी की मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के साथ व्यापक वार्ता के बाद की गई। इसमें व्यापार, रक्षा और समुद्री सुरक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को गहरा करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। दोनों देशों ने मत्स्य पालन और जलीय कृषि, मौसम विज्ञान, डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना (डीपीआई), यूपीआई, भारतीय फार्माकोपिया और द्वीप राष्ट्र को भारत की रियायती ऋण सुविधा के क्षेत्रों से जुड़े छह समझौतों पर हस्ताक्षर किए। इस दौरान पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा, हमारे लिए सदैव मित्रता सर्वप्रथम है। उन्होंने आगे कहा, हमारे संबंधों की जड़ें इतिहास से भी पुरानी हैं और सागर जितनी गहरी हैं। मोदी-मुइज्जू के बीच इस बातचीत ने बेचैनी और तनाव के दौर के बाद दोनों देशों के रिश्तों में एक बड़े बदलाव का संकेत दिया। रिश्तों में आई नई प्रगाढ़ता इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि मुइज्जू नवंबर 2023 में मालदीव में चले इंडिया आउट अभियान के दम पर सत्ता में आए हैं। वार्ता के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा भारत-मालदीव मित्रता किसी भी परिस्थिति के बावजूद सदैव उज्ज्वल और स्पष्ट बनी रहेगी। मोदी ने कहा, हमारी विकास साझेदारी को नई गति देने के लिए हमने मालदीव को 565 मिलियन डॉलर (4,850 करोड़ रुपये) की ऋण सहायता देने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि इस राशि का उपयोग मालदीव में बुनियादी ढांचे के विकास से संबंधित परियोजनाओं के लिए, देश के लोगों की प्राथमिकताओं के अनुसार किया जाएगा।

### पीएम मोदी की मालदीव यात्रा के दौरान क्या-क्या एलान हुए?

- मालदीव को 4,850 करोड़ रुपये की ऋण सहायता (एलओसी) का विस्तार
- भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित ऋण सहायता पर मालदीव के वार्षिक ऋण चुकौती दायित्वों में कमी
- भारत-मालदीव मुक्त व्यापार समझौते (आईएमएफटीए) पर वार्ता का शुभारंभ
- भारत-मालदीव राजनयिक संबंधों की स्थापना की 60वीं वर्षगांठ पर संयुक्त स्मारक डाक टिकट जारी किया गया
- भारत की क्रेता ऋण सुविधाओं के अंतर्गत हुलहुमाले में 3,300 सामाजिक आवास इकाइयों का हस्तांतरण
- अड्डू शहर में सड़क और जल निकासी प्रणाली परियोजना का उद्घाटन
- मालदीव में 6 उच्च प्रभाव वाली सामुदायिक विकास परियोजनाओं का उद्घाटन
- 72 वाहनों और अन्य उपकरणों का हस्तांतरण

# बृज बिहार में सर्राफा व्यवसायी के यहां दिनदहाड़े लाखों की लूट

जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद

जनपद के थाना लिंक रोड क्षेत्र के बृज विहार इलाके में दिनदहाड़े सर्राफा व्यवसायी के प्रतिष्ठान में घुसकर बदमाशों ने लाखों रुपयों के स्वर्णाभूषण लुट लिए। इस सनसनीखेज लूट की घटना ने लोगों को दहशत में डाल दिया है। दिल्ली से सटे और ट्रांस हिंडन परिक्षेत्र में इस हाईटेक और कथित रूप से सुरक्षित माने जाने वाले इलाके में दो बदमाशों ने स्विगी और ब्लिंकिट डिलीवरी बॉय की ड्रेस पहनकर एक सुनार की दुकान पर में बेखौफ घुसकर लूट को अंजाम दिया है । सूत्रों की माने बदमाशों ने बंदूक की नोक पर कई किलो चांदी और 100 ग्राम सोना लूट लिया और मौके से फरार हो गए। लूटे गए समान की कीमत लाखों बताई जा रही है । बृज विहार इलाके में एक सुनार की दुकान पर दोपहर के समय हुई। दो युवक, जो स्विगी और ब्लिंकिट डिलीवरी बॉय की वर्दी में थे, दुकान में ग्राहक बनकर घुसे। पीड़ित दुकानदार के मुताबिक, बदमाशों ने अचानक बंदूक निकालकर उन्हें धमकाया और महज कुछ मिनटों में कई किलो चांदी और 100 ग्राम सोने के आभूषण लूट लिए। लूटपाट के बाद बदमाश आराम से मौके से फरार हो गए। पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हो गई। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर सीसीटीवी फुटेज को कब्जे में लिया है और जांच की कार्यवाही में जुट गई है । घटना के बाद जानकारी पाते ही पुलिस के उच्चाधिकारी मौके पर पहुंचे और मामले की गहन जांच शुरू कर दी है।

### पुलिस सुरक्षा पर उठे सवाल

पुलिस चौकी से महज 200 मीटर की दूरी पर घटित घटना के बाद पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था के दावे की पोल खोल दी है। दिनदहाड़े घटी घटना से नागरिकों और व्यवसायिक गतिविधियों में संलग्न व्यापारियों ने पुलिस कार्यवाही पर प्रश्न चिह्न खड़ा करते हुए आक्रोश व्यक्त किया है । बृज विहार जैसे हाईटेक और सुरक्षित माने जाने वाले क्षेत्र में दिनदहाड़े इतनी बड़ी लूट की घटना ने पुलिस की सतर्कता और गश्त व्यवस्था पर सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं। घटना के बाद पुलिस ने पीड़ित दुकानदार का बयान दर्ज किया है और आसपास के इलाकों में छापेमारी शुरू कर दी है। पुलिस का दावा है कि सीसीटीवी फुटेज और अन्य तकनीकी साक्ष्यों की मदद से बदमाश जल्द ही गिरफ्त में होंगे।

## किसी भी क्षणिक टिप्पणी को झेल सकते हैं भारत-मालदीव संबंध, मुइज्जू के बहनोई की पोस्ट पर बोले मिस्री

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। माले

विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने शुक्रवार को कहा कि भारत और मालदीव के संबंध इतने मजबूत हैं कि वह किसी भी क्षणिक टिप्पणी को झेल सकते हैं। मिस्री ने यह टिप्पणी उस समय की, जब उनसे मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के बहनोई की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ उनकी यात्रा से पहले की गई एक सोशल मीडिया पोस्ट के बारे में सवाल किया गया। हालांकि, अब इस पोस्ट को हटा लिया गया है। मिस्री ने कहा कि भारत पिछली बातों की बजाय भविष्य पर फोकस करना पसंद करता है। मिस्री ने स्पष्ट कहा कि ऐसे बयानों से भारत-मालदीव संबंधों पर कोई असर नहीं पड़ता। उन्होंने कहा, हमारे संबंध इतने मजबूत हैं कि ऐसी छोटी-मोटी टिप्पणियां इन पर असर नहीं डालतीं। ये संबंध समय की कसौटी पर खरे उतरे हैं।

## रन फॉर ग्रीन गाजियाबाद' ग्रीनाथॉन

### पर्यावरण जागरूकता के लिए ऐतिहासिक मैराथन 27 जुलाई को




जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद

पर्यावरण संरक्षण और जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) द्वारा 27 जुलाई, रविवार को सुबह 5ः30 बजे से आयोजित होने वाली 'रन फॉर ग्रीन गाजियाबाद' ग्रीनाथॉन एक ऐतिहासिक आयोजन होने जा रहा है। सिटी फॉरेस्ट, राजनगर एक्सटेंशन से शुरू होने वाली इस मैराथन की तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने बताया कि इस आयोजन में जुम्बा और भांगड़ा जैसे मनोरंजक कार्यक्रमों के साथ-साथ विभिन्न श्रेणियों की दौड़ और वृक्षारोपण जैसे पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्यक्रम शामिल होंगे। 28 जुलाई को 'विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस' के उपलक्ष्य में आयोजित इस ग्रीनाथॉन की थीम 'रन फॉर ग्रीन गाजियाबाद' रखी गई है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाना और हरियाली को बढ़ावा देना है। जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने बताया कि टी-शर्ट के रंग और लोगो को इस थीम के अनुरूप डिजाइन किया गया है। सभी प्रतिभागियों और अतिथियों को टी-शर्ट वितरित की जाएगी, जिसके लिए प्राधिकरण स्टाफ को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## परमाणु ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए निजी भागीदारी पर जोर, पीके मिश्रा बोले, लागत में कटौती भी जरूरी



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई

प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पीके मिश्रा ने शुक्रवार को कहा कि परमाणु ऊर्जा परियोजनाओं की व्यवहार्यता में सुधार के लिए कम लागत वाले वित्तपोषण और निजी क्षेत्र की भागीदारी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि निजी क्षेत्र को आकर्षित करने के लिए सरकार को वित्तपोषण के विकल्प और नियामक ढांचे में सुधार करना चाहिए। भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र में वैज्ञानिक अधिकारियों के 68वें बैच को संबोधित करते हुए मिश्रा ने शोधकर्ताओं को लागत में कमी लाने की रणनीतियों में नवाचार करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि परमाणु ऊर्जा को भारत का पसंदीदा ऊर्जा स्रोत बनाया जा सके। अंतरिक्ष क्षेत्र के अपार संभावनाओं का हवाला देते हुए मिश्रा ने कहा कि परमाणु ऊर्जा के लिए भी इसी तरह की पहल की परिकल्पना की गई है, जो स्वच्छ ऊर्जा और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए आवश्यक है। उन्होंने परमाणु ऊर्जा के सामाजिक प्रभाव पर जोर दिया और कैंसर की देखभाल के लिए रेडियो आइसोटोप और अपशिष्ट जल उपचार एवं कृषि भंडारण के लिए विकिरण तकनीकों के उपयोग का हवाला दिया। मिश्रा ने कहा कि सरकार ने 2024-25 के केंद्रीय बजट के तहत एमएसएमई क्षेत्र के लिए 50 बहु-उत्पाद खाद्य विकिरण इकाइयों को मंजूरी दी है। मिश्रा ने वैज्ञानिक समुदाय से अनुसंधान प्रयोगशालाओं से उभरने वाली स्पिन-ऑफ तकनीकों का व्यावसायीकरण करने का भी आग्रह किया।

## लोकसभा में शुरू होगी जस्टिस वर्मा को हटाने की प्रक्रिया, सभी दल सहमत: किरेन रिजिजू



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने शुक्रवार को घोषणा की कि कथित भ्रष्टाचार के मामले में फंसे इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज यशवंत वर्मा को हटाने की कार्यवाही लोकसभा में शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी दल एकजुट होकर न्यायपालिका में कथित भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करने पर सहमत हुए हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि विपक्ष के नोटिस को राज्यसभा में स्वीकार नहीं किया गया है, जिससे लोकसभा में अब यह प्रक्रिया शुरू करने का रास्ता साफ हो गया है। तीन सदस्यीय जांच समिति की घोषणा कर सकते हैं लोकसभा अध्यक्ष बिरला लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला जल्द ही तीन सदस्यीय जांच समिति की घोषणा कर सकते हैं, जो जस्टिस वर्मा के खिलाफ लगाए गए आरोपों की जांच करेगी। रिजिजू ने कहा, हमें कोई संदेह नहीं होना चाहिए, जस्टिस यशवंत वर्मा को हटाने की कार्यवाही लोकसभा में शुरू होगी। न्यायाधीश (जांच) अधिनियम के अनुसार, लोकसभा में प्रक्रिया पूरी होने के बाद यह मामला राज्यसभा में जाएगा। इस नोटिस पर सत्तारूढ़ गठबंधन और विपक्ष के 150 से अधिक सांसदों ने हस्ताक्षर किए हैं।

## आढ़ती ने लाइसेंसी असलहे से गोली मारकर किया आत्महत्या

जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद

साहिबाबाद सब्जी मंडी में व्यवसाय करनेवाले आढ़ती पप्पू राघव उम्र 62 वर्ष ने मसूरी स्थित अपने घर पर अपनी लाइसेंसी रिवॉल्वर से गोली मारकर आत्महत्या कर लिया । रुपयों के लेनदेन का विवाद को परिजनों ने कारण बताया है। आरोप है कि विवाद के क्रम में मृतक द्वारा जनपद के लिंक रोड थाने में पूर्व में शिकायत दिया था। लेकिन पुलिस द्वारा कार्यवाही में लापरवाही बरती गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक पप्पू राघव ने शुक्रवार को मसूरी स्थित अपने आवास पर अपनी लाइसेंसी रिवॉल्वर से खुद को गोली मार ली। पुलिस ने मौके से एक सुसाइड नोट बरामद किया है, जिसमें मृतक ने अपने कुछ साथियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। बताया जा रहा है कि पप्पू का रुपये के लेनदेन को लेकर कुछ लोगों से लंबे समय से विवाद चल रहा था, जिसके कारण वे मानसिक तनाव में थे। इस तनाव को सहन न कर पाने के कारण उन्होंने यह आत्मघाती कदम उठाया। परिजनो की माने तो पप्पू ने दो महीने पहले लिंक रोड थाने में रुपयों के लेनदेन के कारण हुए विवाद और धमकियों की शिकायत किया था , लेकिन पुलिस ने उनकी शिकायत को गंभीरता से नहीं लिया और कोई कार्रवाई नहीं किया ।

घटना की सूचना मिलते ही मसूरी थाना पुलिस और वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए भेज दिया है। सुसाइड नोट को आधार बनाकर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## लातूर में इंसानियत शर्मसार: नाबालिग एचआईवी पीड़िता के साथ दो साल तक दुष्कर्म का मामला, चार आरोपी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई

महाराष्ट्र के लातूर जिले से एक बड़ी खबर सामने आई है। जहां एक बाल आश्रय गृह में एचआईवी संक्रमित एक नाबालिग लड़की के साथ दो साल तक दुष्कर्म और गर्भपात के लिए मजबूर करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने शुक्रवार को चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, पीड़ित लड़की ने धाराशिव जिले के ढोकी पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। मामले में पीड़िता ने बताया कि 13 जुलाई, 2023 से 23 जुलाई, 2025 के बीच लातूर के हासेगांव में स्थित सेवालय नामक एचआईवी संक्रमित बच्चों के आश्रय गृह में उसके साथ कई बार बलात्कार किया गया। शिकायत के आधार पर, आश्रय गृह के एक कर्मचारी ने चार बार उसका यौन शोषण किया और उसे धमकी दी कि वह इस बारे में किसी को न बताए।

### पीड़िता ने आश्रय गृह के अधिकारियों से की थी शिकायत

पीड़िता युवती ने अपनी शिकायत में यह भी कहा कि उसने आश्रय गृह के अधिकारियों को पत्र लिखकर शिकायत पेटी में डाला था, लेकिन प्रबंधन ने उसकी मदद करने के बजाय पत्र को फाड़ दिया। इसके बाद, जब वह बीमार पड़ी और उसे अस्पताल ले जाया गया, तो जांच में पता चला कि वह चार महीने की गर्भवती थी। फिर, उसकी सहमति के बिना एक डॉक्टर द्वारा उसका गर्भपात करवाया गया। पुलिस अधीक्षक तांबे ने बताया कि इस मामले की गंभीरता को देखते हुए जाँच तेज कर दी गई है। बाकी आरोपियों की तलाश जारी है, और पीड़ित लड़की को उचित सहायता और सुरक्षा प्रदान की जा रही है।

### पुलिस ने दर्ज किया मामला, चार गिरफ्तार

पुलिस ने इस मामले में आश्रय गृह के संस्थापक, अधीक्षक, बलात्कार के आरोपी कर्मचारी और गर्भपात करने वाले डॉक्टर सहित छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। लातूर के पुलिस अधीक्षक अमोल तांबे ने बताया कि मामला औसा पुलिस थाने को सौंपा गया, क्योंकि यह घटना उनके अधिकार क्षेत्र में हुई। इसके बाद, चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। बता दें कि मामले में गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान रवि बापटले (सेवालय के संस्थापक), रचना बापटले (अधीक्षक), अमित महामुनि (कर्मचारी, दुष्कर्म का मुख्य आरोपी) और पूजा वाघमारे के रूप में हुई है।

## अभ्यास ड्रोन प्रहार: भारतीय सेना ने दिखाई आधुनिक ड्रोन तकनीक की ताकत, सैन्य क्षमता का किया प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



भारतीय सेना ने शुक्रवार को नागालैंड के कोहिमा में एक्सरसाइज ड्रोन प्रहार का आयोजन कर आधुनिक युद्ध तकनीक के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया। इस सैन्य अभ्यास का निरीक्षण स्पीयर कॉर्प्स के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल अभिजीत एस. पेंढारकर ने किया। भारतीय सेना के मुताबिक 'ड्रोन प्रहार' अभ्यास का आयोजन यथार्थपरक युद्ध स्थितियों में किया गया, जिसका उद्देश्य पैदल सेना और सहायक हथियारों के साथ ड्रोन तकनीक के सामरिक उपयोग की प्रभावशीलता को परखना था। इस दौरान खुफिया जानकारी (आईएसआर), निगरानी, लक्ष्य पहचान, और 'सेंसर टू शूटर' की रियल-टाइम कड़ी जैसी क्षमताओं का प्रदर्शन किया गया। अभ्यास के माध्यम से यह भी सुनिश्चित किया गया कि युद्ध क्षेत्र में ड्रोन के सुरक्षित संचालन के लिए जरूरी सभी पहलू, जैसे एयरस्पेस को टकराव से मुक्त रखना, सुरक्षित संचार व्यवस्था और विभिन्न सैन्य शाखाओं के बीच समन्वय, सुचारु रूप से कार्य कर रहे हैं। भारतीय सेना के अनुसार, इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य सामरिक कमांडरों को बेहतर निर्णय लेने में सक्षम बनाना और उन्हें वास्तविक समय की जानकारी से लैस करना है। लेयर सर्विलांस की मदद से कमांड रेंज और युद्ध मैदान में पारिस्थितिकीय जागरुकता में उल्लेखनीय सुधार देखा गया। भारतीय सेना की ओर से कहा गया कि यह अभ्यास भारतीय सेना की तकनीकी श्रेष्ठता और भविष्य के युद्ध की चुनौतियों से निपटने की तैयारी का परिचायक है। ड्रोन प्रहार आधुनिक युद्ध के क्षेत्र में सेना के नवाचार और लचीलापन को दर्शाने वाली एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है।

## यूपीएससी परीक्षा में नकल करते पकड़ी गई महिला उम्मीदवार, तीन साल के लिए सभी परिक्षाओं से प्रतिबंधित

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने एक महिला उम्मीदवार को सरकारी नौकरी की भर्ती परीक्षा में नकल करने के आरोप में सख्त कार्रवाई की है। इसके तहत आयोग ने महिला उम्मीदवार को तीन साल के लिए सभी परीक्षाओं से प्रतिबंधित कर दिया गया है। साथ ही, इस साल की उसकी उम्मीदवारी भी रद्द कर दी गई है। मामले में यूपीएससी के अधिकारियों ने बताया कि हाल ही में एक भर्ती परीक्षा के दौरान उक्त उम्मीदवार के पास से आपत्तिजनक सामग्री मिली थी। आयोग के अनुसार, यह उम्मीदवार परीक्षा के नियम 12(1)(एच) के तहत दोषी पाई गई, जिसमें परीक्षा के दौरान अनुचित साधनों का प्रयोग करने की बात कही गई है।

### तीन साल तक परीक्षा देने पर प्रतिबंध

मामले में आयोग ने अपने लिंक्डइन पोस्ट में लिखा कि उम्मीदवार के खिलाफ कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है। इस साल की परीक्षा में उसकी उम्मीदवारी रद्द की जाती है और अगले तीन वर्षों तक आयोग द्वारा आयोजित किसी भी परीक्षा या चयन प्रक्रिया में भाग लेने पर प्रतिबंध लगाया जाता है। यूपीएससी के चेयरमैन अजय कुमार ने इस कार्रवाई को लेकर कहा कि आयोग अपनी परीक्षाओं की निष्पक्षता, पारदर्शिता और उच्चतम नैतिक मानकों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

### यूपीएससी ने उम्मीदवारों को दी सख्त चेतावनी

अजय कुमार ने कहा कि जो भी उम्मीदवार परीक्षा में अनुचित साधनों या दुर्व्यवहार में लिप्त पाया जाता है, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाती है। इसमें भविष्य की परीक्षाओं से प्रतिबंध जैसी सजा भी शामिल है। अजय कुमार ने आगे कहा कि ऐसे कदम जरूरी हैं ताकि चयन प्रक्रिया की पवित्रता बनी रहे और केवल योग्यता के आधार पर ही सरकारी सेवाओं में भर्ती हो।

### पूजा खेड़कर के खिलाफ भी की गई थी कार्रवाई

बता दें कि इससे पहले, पिछले साल यूपीएससी ने पूर्व आईएएस प्रशिक्षु पूजा खेड़कर के खिलाफ भी सख्त कदम उठाए थे। उन पर फर्जी पहचान के जरिए ओबीसी और दिव्यांग कोटे का गलत लाभ उठाकर सिविल सेवा परीक्षा में बैठने और चयन पाने का आरोप है। आयोग ने उनके खिलाफ आपराधिक मामला भी दर्ज कराया था। यूपीएससी ने कहा कि यही कारण है कि पिछले 100 वर्षों से आयोग को निष्पक्षता और योग्यता आधारित प्रणाली का प्रतीक माना जाता है।

## धनंजय मुंडे पर मेहरबान अजित पवार, बोले, अगर वे जांच में निर्दोष निकले तो उनको दोबारा मौका देंगे

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

पुणे बीड सरपंच हत्या मामले में घिरे पूर्व मंत्री धनंजय मुंडे पर डिप्टी सीएम अजित पवार मेहरबान हैं। अजित पवार ने शुक्रवार को कहा कि अगर धनंजय मुंडे जांच में निर्दोष निकलते हैं तो उनको दोबारा मौका दिया जाएगा। सरपंच हत्या मामले में धनंजय मुंडे ने कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया था। हाल ही में धनंजय मुंडे के खिलाफ राज्य कृषि मंत्री रहने के दौरान उपकरणों की खरीद और वितरण में घोटाले का आरोप लगाने वाली याचिका को उच्च न्यायालय ने खारिज कर दिया। इसे लेकर एनसीपी प्रमुख अजित पवार ने कहा कि उन्हें क्लीन चिट दे दी गई है। लेकिन उन्हें मानसिक तनाव सहना पड़ा। पवार ने कहा कि एक अन्य मामले में न्यायिक जांच चल रही है। एक बार यह पूरी हो जाए तो तथ्य सामने आ जाएंगे। अगर यह पता चलता है कि उनका किसी भी तरह से कोई संबंध नहीं है, तो हम उन्हें एक अवसर देंगे। अजित पवार ने यह भी कहा कि दौंड गोलीबारी मामले में कड़ी कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं। इसमें आरोपियों में राकांपा विधायक शंकर मांडेकर का भाई भी शामिल है। यदि एक व्यक्ति का आचरण गलत है तो इससे पार्टी का अपमान नहीं होता। बालासाहेब मांडेकर और अन्य पर 21 जुलाई को दौंड में यवत के पास अंबिका लोक कला केंद्र में लोक नृत्य प्रदर्शन के दौरान हवा में गोलीबारी करने का आरोप है। अजित पवार के बयान पर महाराष्ट्र एनसीपी (शरद) के अध्यक्ष शशिकांत शिंदे ने कहा कि मुंडे को राज्य सरकार में वापस लाने का कोई भी कदम दुर्भाग्यपूर्ण होगा। यह पार्टी का फैसला है। लेकिन बीड में मारे गए महादेव मुंडे की पत्नी महीनों से न्याय की गुहार लगा रही हैं और उन्होंने आत्महत्या का भी प्रयास किया है। इससे पता चलता है कि सरकार न्याय दिलाने के प्रति गंभीर नहीं है। शिंदे ने कहा कि यदि मुंडे को मंत्रिमंडल में वापस लाया जाता है तो यह दुर्भाग्यपूर्ण होगा।

### बीड में दिसंबर 2024 में हुई थी हत्या

नौ दिसंबर 2024 को संतोष देशमुख का कथित तौर पर अपहरण किया गया, उनके साथ मारपीट की गई और फिर उनकी हत्या कर दी गई थी। वह जिले में एक ऊर्जा कंपनी से जबरन पैसे वसूलने की कोशिश को रोकने का प्रयास कर रहे थे। धनंजय मुंडे पर इस्तीफा देने का दबाव तब बढ़ा, जब देशमुख की हत्या से पहले किए गए अत्याचार की तस्वीरें और वीडियो सामने आए। ये तस्वीरें और वीडियो अपराध जांच विभाग (सीआईडी) के आरोपपत्र में शामिल किए गए हैं। तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद राज्यभर में आक्रोश फैल गया। धनंजय मुंडे ने चार मार्च को कैबिनेट से इस्तीफा दिया था।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध निदेशक- इन्द्र बहादुर सिंह, प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)